# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 4 मार्च 2025







## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की जीआईएस के निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की समीक्षा

# निवेश प्रस्तावों के फॉलोअप के लिए छह स्तरीय 'कार्य योजना'

अगले सप्ताह रखी जाएगी 850 करोड़ रुपए के निवेश से नीमच सौर परियोजना की आधारशिला

प्रत्येक विभाग में रिलेशनशिप मैनेजर की नियुक्ति की जाएगी

प्रमुख सचिव प्रति सप्ताह प्रगति की समीक्षा कर मुख्य सचिव को रिपोर्ट देंगे

*डॉ. यादव ने कहा कि प्रस्तावों को वास्तविक निवेश में परिवर्तित करने के लिए रणनीति बनाकर कार्य होगा। इसके लिए प्राथमिकता पर प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का यह कारवां निरंतर जारी रहेगा। प्रदेश में उद्योगों के लिए विद्यमान बेहतर अधोसंरचना और निवेश वातावरण के परिणामस्वरूप उद्योग समूह त्वरित रूप से अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रहे हैं।

अगले सप्ताह 850 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित होने वाली नीमच सौर परियोजना की आधारशिला रखी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए मंत्रालय में समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवेश प्रस्तावों के प्रभावी फॉलो-अप के लिए छह स्तरीय कार्य योजना बनाई गई है। इसके तहत एमपीआईडीसी से निवेश प्रस्तावों की स्क्रीनिंग और डेटा प्रविष्टि ▸▸ शेष पेज 4 पर



एमपीआईडीसी में विशेष सेल अंतर विभागीय समन्वय सुनिश्चित करेगा

### प्लग-एंड-प्ले सुविधा विकसित की जाएगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वास्तविक निवेश में परिवर्तित करने के लिए रणनीति बनाकर कार्य होगा। इसके लिए प्राथमिकता पर प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। सेक्टर फोकस्ड औद्योगिक सेक्टरों का भी विकास होगा। जिला स्तर पर कलेक्टर्स को भूमि और जल की आवश्यकता से अवगत कराकर समय-सीमा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। निवेशक अपनी इकाई का शीघ्रता से संचालन शुरू कर सकें, इसके लिए प्लग-एंड-प्ले सुविधा विकसित की जाएगी।


### विभिन्न सेक्टरों में बड़ी संख्या में निवेश प्रस्ताव मिले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि विभिन्न सेक्टरों में बड़ी संख्या में निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा में 8 लाख 94 हजार 301 करोड़ निवेश के 441 प्रस्ताव, इंफ्रास्ट्रक्चर में 3 लाख 37 हजार 329 करोड़ रुपए निवेश के 870 प्रस्ताव, खनन और खनिज क्षेत्र में 3 लाख 25 हजार 321 करोड़ रुपए के 378 निवेश के प्रस्ताव, रक्षा-विमानन और एयरोस्पेस में 3 लाख 01 हजार 681 करोड़ के 8 प्रस्ताव और पेट्रोकेमिकल्स-रसायन-प्लास्टिक व संबद्ध क्षेत्र में 1 लाख 4 हजार 158 करोड़ रुपए निवेश के 237 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

### 89 एमओयू हस्ताक्षर हुए

मुख्यमंत्री जीआईएस के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों के अधिकारियों और टीम को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समिट में कुल 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले। लगभग 21 लाख 40 हजार रोजगार के अवसर मिलेंगे। जीआईएस में 25 हजार से अधिक लोगों ने भागीदारी की। इसमें 9 पार्टनर कंट्री और 60 से अधिक देशों से 100 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय डेलिगेट शामिल हुए। जीआईएस में 300 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों और उद्योगों की भागीदारी रही। जीआईएस में 10 सेक्टरल सत्र, 6 कंट्री सेशंस, 6 समिट, 70 से अधिक वन-टू-वन बैठकें, 5 हजार से अधिक बी-टू-बी मीटिंग और 600 से अधिक बी-टू-जी मीटिंग्स संपन्न हुईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 18 नई निवेश नीतियां लांच की गई और 89 एमओयू पर हस्ताक्षर हुए।ऑटो-एक्सपो, टैक्सटाइल एक्सपो, ऑक्सफोर्ड, वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट एग्जीबिशन के साथ ही एमपी पवेलियन और डिजिटल एक्सपीरियंस जोन, जीआईएस में आकर्षण का विशेष केंद्र रहे।

## पीएम मोदी पहुंचे गिर अभयारण्य



**पीएम ने पोस्ट में लिखा-गिर में शेर और शेरनियां, मैंने फोटोग्राफी में हाथ आजमाया**

## खुली जीप में की 'जंगल सफारी' एशियाई शेरों को करीब से देखा



एजेंसी ⏭ जूनागढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विश्व वन्यजीव दिवस' पर सोमवार को गुजरात के जूनागढ़ जिले स्थित 'गिर वन्यजीव अभयारण्य' में जंगल सफारी का आनंद लिया और एशियाई शेरों को करीब से देखा। पीएम मोदी को गिर के एशियाई शेरों की झलक कैद करने के लिए सफारी पोशाक पहने और कैमरा पकड़े देखा गया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट शेयर किए। जिनमें से एक में उनकी फोटोग्राफी की झलक भी थी। उन्होंने एक्स पोस्ट ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी

## खबर संक्षेप

### कुबेरेश्वर धाम में 3 दिन में महिला समेत 3 की मौत



**सीहोर।** सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में तीन दिन में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई। सोमवार सुबह करीब 6 बजे एक महिला को बेहोश हालत में मिली, जिसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि की। कोतवाली थाना पुलिस को जानकारी भेजी। महिला का नाम मंजू (55) है। वह गुजरात से आई थी। इससे पहले रविवार को गोलू कोष्टा (25) की मौत हुई थी।

### ओला इलेक्ट्रिक से 1000 लोग होंगे बाहर



**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी भाविश अग्रवाल के मालिकाना हक वाली ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी करीब 1,000 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। पिछले साल भी कंपनी ने 500 कर्मचारियों को निकाला था। इस कॉस्ट कटिंग के साथ ओला इलेक्ट्रिक अपने घाटे को कम करना चाहती है। हालांकि कंपनी ने इस पर बयान नहीं दिया।

### पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर सुसाइड की कोशिश



**देवास।** सोनकच्छ के पूर्व भाजपा विधायक सुरेंद्र वर्मा के बेटे प्रमोद वर्मा ने पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। शुक्रवार रात हुई इस घटना के बाद उसे इंदौर रेफर कर दिया गया। प्रमोद के पास से मिले चार पेज के सुसाइड नोट में उसने पत्नी, सास और दो साले पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया, साथ ही लिखा- कभी शादी मत करना।

## आकाश ने कहा था-यह गरीबों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई

# आकाश के बयान से और नाराज हुईं मायावती, पार्टी से ही बाहर कर दिया

मायावती बोली-उसे पश्चाताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी

एजेंसी ⏭ लखनऊ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने के बाद सोमवार को पार्टी से ही निष्कासित कर दिया। मायावती ने कहा कि उन्होंने अपरिपक्वता का परिचय दिया है।



अपने फैसले के बारे में जानकारी देते हुए मायावती ने कहा कि रविवार को आनंद को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका ▸▸ शेष पेज 4 पर

### आकाश ने ये दिया था बयान... बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं

*आकाश आनंद ने कहा कि अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है। ऐसे कठिन समय में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी होते हैं। बहुजन मिशन और मूवमेंट के एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह, मैं पार्टी और मिशन के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा और अपनी आखिरी सांस तक अपने समाज के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा। कुछ विरोधी दल के लोग ये सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया, उन्हें समझना चाहिए कि बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं, बल्कि करोड़ों दलित, शोषित, वंचित और गरीबों के आत्म सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई है।*

## रणवीर इलाहाबादिया को बड़ी राहत

# सुप्रीम कोर्ट ने शो शुरू करने की दी इजाजत कार्यक्रम में शालीनता बनाए रखने की 'शर्त'

प्रतिबंध इस आधार पर हटा दिया कि इलाहाबादिया 280 लोगों को रोजगार दे रहे थे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यूट्यूबर और पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रणवीर इलाहाबादिया को सोशल मीडिया पर अपने पॉडकास्ट और शो अपलोड करने की ▸▸ शेष पेज 4 पर



### वकील ने कहा पॉडकास्टर कोई अपशब्द नहीं बोलेगा

हालांकि, जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 'द रणवीर शो' पर प्रतिबंध इस आधार पर हटा दिया कि इलाहाबादिया 280 लोगों को रोजगार दे रहे थे। वह अपनी आजीविका के लिए पूरी तरह से यूट्यूब वीडियो/पॉडकास्ट पर निर्भर थे। इलाहाबादिया के वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने अदालत को बताया कि पॉडकास्टर कोई भी अपशब्द नहीं बोलेगा।






### तेज धूप का असर दिन का 36 रात में 20 डिग्री पार पहुंचा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम साफ रहने से धूप का असर बढ़ा है। हवाएं बदल रहीं हैं, लेकिन धूप में तेजी से सोमवार को तापमान में घट-बढ़ रही। सिवनी में जहां दिन का पारा 35.8 डिग्री पर पहुंच गया, वहीं खंडवा में रात का तापमान 20.4 डिग्री रहा है। भोपाल में दिन और रात का तापमान मामूली बदलाव के साथ 32.2 और 15.9 डिग्री पर थमा रहा है। यह दोनों तापमान सामान्य के करीब रहे। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार तक मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं। मौसम विशेषज्ञ एके ▸▸ शेष पेज 4 पर




## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष वॉकथॉन का होगा आयोजन

**भोपाल।** स्टेट नोडल प्रिवेंटिव गायनेकोलॉजी, ऑन्कोलॉजी एवं इनफर्टिलिटी और सेंटर प्रभारी, काटजू अस्पताल, भोपाल डॉ. रचना दुबे ने बताया कि महिलाओं में स्वास्थ्य जागरुकता को बढ़ावा देने और उन्हें निवारक चिकित्सा एवं प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से काटजू अस्पताल द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'वॉक फॉर हेल्थ, वॉक फॉर अवेयरनेस' थीम पर विशेष वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा। डॉ. रचना दुबे ने बताया कि वॉकथॉन का आयोजन 8 मार्च को सुबह 7 बजे अटल पथ (स्मार्ट सिटी प्लैटिनम प्लाजा के समीप) से किया जाएगा। प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है।

### एमपी बोर्ड : दसवीं के अंग्रेजी के पेपर में बने 9 नकल प्रकरण

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की सोमवार को कक्षा दसवीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। इस परीक्षा प्रदेशभर में 9 नकल प्रकरण दर्ज किए गए। इसमें ग्वालियर में 1, दतिया में 1, शिवपुरी में 1, अशोक नगर में 1, छतरपुर में 1, दमोह में 1, भोपाल में 1, छिंदवाड़ा में 1 नकल प्रकरण शामिल है। बता दें कि इस साल दसवीं-बारहवीं कक्षाओं की परीक्षाओं में करीब 16.60 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 12 बजे निर्धारित किया गया है।

## इस बार रंगों का त्योहार होली होगी ईको फ्रेंडली

# हरियाली को बचाने भोपाल में पांच हजार क्विंटल गोकाष्ठ हुआ तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल



**इस साल 50 सेंटरों में आसानी से मिल सकेगा गोकाष्ठ**

माघी पूर्णिमा के अवसर पर डांडा गाड़ने से होली के त्योहार की तैयारियां शुरू हो गई हैं। होलिका में हर साल बड़े पैमाने पर लकड़ियों का दहन किया जाता है। इसके लिए कतिपय लोग हरे-भरे वृक्षों को काटकर होली की भेंट चढ़ा देते हैं। हरियाली के खामोश कत्ल से पर्यावरण की बिगड़ती सेहत को देखते हुए राजधानी में गठित गोकाष्ठ समिति ने इस बार भी होली भी जले और हरियाली भी सलामत रहे के मूल मंत्र पर काम तेज कर दिया है।

इसके लिए गोशालाओं में बड़े पैमाने पर गोबर की लकड़ी (गोकाष्ठ) तैयार की जा रही है। समिति ने फरवरी माह में पांच हजार क्विंटल गोकाष्ठ तैयार कर लिया है। इसे 10 रुपए प्रति किलो की दर से आम लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा। गोकाष्ठ समिति के प्रवक्ता मम्तेश शर्मा ने बताया कि आगामी 13 मार्च को होने वाले होलिका दहन को लेकर अभी से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करने का काम शुरू कर दिया गया है। शहर के आसपास बनी बड़ी गोशालाओं में जाकर बड़े पैमाने पर गोकाष्ठ तैयार करवाई जा रही है। समिति के अध्यक्ष अरुण चौधरी का कहना है कि शहर में 90 फीसदी तक होलिका दहन में गोकाष्ठ का इस्तेमाल होने का हमने लक्ष्य रखा गया है।

### घर पहुंचाने की सेवा भी रहेगी

गोकाष्ठ समिति के अनुसार होली को लेकर अभी से गोकाष्ठ की बुकिंग शुरू हो गई। साथ ही परिवहन सुविधा का शुल्क जोड़कर गोकाष्ठ की घर पहुंचाने सेवा भी दी जाएगी। समिति हर बस्ती में जाकर पर्यावरण संरक्षण, गोसंवर्धन और हरियाली को सहेजने के लिए लोगों को जागरुक भी कर रही है।

### 50 केंद्रों पर मिलेगा गोकाष्ठ

समिति के सचिव प्रमोद मोदी चुघ ने बताया कि प्रति वर्ष वन विभाग होली की लकड़ी प्रदाय करने के लिए शहर में 25 स्थानों पर अस्थाई टाल लगाता है। इन सभी केंद्रों पर समिति द्वारा गोकाष्ठ भी बिक्री के लिए 25 केंद्रों पर रखी जाएगी। लोगों को होली में लकड़ी के बजाए गोबर की लकड़ी का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। 25 किलो गोकाष्ठ कॉटन के कपड़े से बने बैग में मिलेगी। इस प्रयास से गोशाला प्रबंधन भी आर्थिक रूप से मजबूत होगा।

### साल दर साल बढ़ रही गोकाष्ठ की बिक्री

*2019 में 3200 क्विंटल गोकाष्ठ, 2020 में 3500 क्विंटल गोकाष्ठ, 2021 में 3900 क्विंटल गोकाष्ठ, 2022 में 4400 क्विंटल गोकाष्ठ, 2023 में 4900 क्विंटल गोकाष्ठ और 2024 में 5300 क्विंटल गोकाष्ठ होलिका दहन में शहरवासियों ने इस्तेमाल की। 2025 में 5500 क्विंटल गोकाष्ठ का लक्ष्य रखा गया है।*

### यहां लगाए जाएंगे गोकाष्ठ विक्रय केंद्र

*शहर में जगह-जगह गोकाष्ठ विक्रय केंद्र बनाए जाएंगे, जहां होली के एक सप्ताह पहले से गोकाष्ठ मिलेगी। इसमें कालिका मंदिर भदभदा रोड, कृष्ण प्रणामी मंदिर, भोजपुर क्लब, नर्मदा इंडस्ट्रीज गोविंदपुरा, माता मंदिर प्लेटिनम प्लाजा के सामने, शुभम नर्सरी बावड़िया, राम मंदिर हमीदिया रोड, मानस भवन श्यामला हिल्स, मिलन स्वीट्रस बरखेड़ा, शुभम नर्सरी सी-21 मॉल के सामने, मानस उद्यान गुफा मंदिर, गिरधर स्टोर गोमती कॉलोनी नेहरू नगर, करोंद, मंदाकिनी ग्राउंड कोलार, शिव मंदिर मेहता मार्केट सुभाष नगर, रेलवे स्टेशन मंडीदीप, बैरसिया, गंगेश्वर शिव मंदिर एम्स के पीछे साकेत नगर, महात्मा गांधी चौराहा भेल, अफसरा टॉकीज, पिपलानी पेट्रोल पंप, अशोका गार्डन 80 फिट रोड आदि स्थान शामिल है।*

## नई व्यवस्था के तहत शास्त्री में दो सेमेस्टर पूरे करने वाले छात्रों को सर्टिफिकेट चार पर डिप्लोमा, छह सेमेस्टर पर शास्त्री (स्नातक) की डिग्री मिलेगी

# केंद्रीय संस्कृत विवि: इसी सत्र से शुरू होगा चार वर्षीय स्नातक और एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 2025-26 सत्र से चार वर्षीय शास्त्री (यूजी) और एक वर्षीय आचार्य (पीजी) पाठ्यक्रम की शुरुआत हो रही है। नई शिक्षा नीति-2020 के तहत शास्त्री स्नातक, शास्त्री शोध और आचार्य की उपाधियां सेमेस्टर पूरे करने के आधार पर दी जाएंगी। विवि प्रशासन के अनुसार चार वर्षीय शास्त्री में सभी सेमेस्टरों में मेजर-माइनर (वेद, ज्योतिष, व्याकरण, साहित्य, दर्शन, बौद्ध दर्शन, कश्मीर शैव दर्शन, धर्मशास्त्र, अद्वैत वेदांत, पुराण इतिहास, पालि प्राकृत इत्यादि) विषयों के साथ आधुनिक विषय राजनीति विज्ञान, इतिहास, अंग्रेजी, हिन्दी, संगणक आदि के साथ-साथ कौशल विकास विषयों की भी पढ़ाई करनी होगी। विवि की एनईपी पाठ्यक्रम निर्धारण समिति की रिपोर्ट और सुझावों को विवि सहित आदर्श महाविद्यालयों और सभी संबद्ध महाविद्यालयों में लागू कर दिया गया है। नई व्यवस्था के अनुसार शास्त्री में दो सेमेस्टर पूरे करने वाले छात्रों को सर्टिफिकेट, चार सेमेस्टर पूरे करने पर डिप्लोमा, छह सेमेस्टर पर शास्त्री (स्नातक) की डिग्री दी जाएगी। आठ सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को शास्त्री की उपाधि मिलेगी।

### मुख्य विषय 100 अंकों के होंगे

सभी सेमेस्टरों में मुख्य विषय 100 अंकों के होंगे, जिनमें 60 अंक की लिखित परीक्षा और 40 अंक का सतत मूल्यांकन होगा। छात्रों को माइनर कोर्स के साथ ही इंटर डिसिप्लिनरी विषय और कौशल एवं दक्षता विकास, नैतिक मूल्य विषयों की पढ़ाई भी करनी होगी। दक्षता विकास में भाषाएं और कौशल विकास में योग, कंप्यूटर, संगीत, नाट्य कर्मकांड, ज्योतिष, वास्तु आदि विषय होंगे।

## भेल कॉलेज स्टॉफ के लिए सेडमेप करा रहा ऑफीशियल प्रोसीजर, लाइफ स्किल और आईटी टूल्स विषय पर ट्रेनिंग



राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व बैंक परियोजना के तत्वावधान में सेडमेप द्वारा आफीशियल प्रोसीजर, लाईफ स्किल एंड आईटी टूल्स विषय पर महाविद्यालयीन स्टॉफ के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रमोद शर्मा, पूर्व संचालक वित्त विभाग म.प्र. शासन के मार्गदर्शन में की गई। प्राचार्य डॉ संजय जैन ने कहा कि इस प्रशिक्षण से निश्चित ही स्टाफ की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी और अपने शासकीय दायित्व निष्पादन में आ रही कठिनाइयों के व्यवहारिक मार्गदर्शन मिलेगा। सात मार्च तक आयोजित यह ट्रेनिंग प्रोग्राम रूसा प्रभारी डॉ उमेश साकल्ले के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है।

## इग्नू का 38वां दीक्षांत कल: 40 उपाधियां जेल बंदी छात्रों समेत रीजन के 2004 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री

**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) का 38वां दीक्षांत समारोह बुधवार को आयोजित किया जा रहा है। इसमें 40 उपाधियां जेल बंदी छात्रों को दी जाएंगी। साथ ही क्षेत्रीय केंद्र भोपाल के तहत 31 जिलों के 2004 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। दीक्षांत समारोह का मुख्य आयोजन इग्नू नई दिल्ली में होगा। इसके साथ ही कुल 39 क्षेत्रीय केंद्रों पर भी आयोजन किया जाएगा। भोपाल में दीक्षांत समारोह का आयोजन अरेरा हिल्स स्थित क्षेत्रीय केंद्र पर होगा। नई दिल्ली में मुख्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र प्रधान, शिक्षा मंत्री भारत सरकार होंगे। वहीं, भोपाल के दीक्षांत कार्यक्रम में प्रो. सुरेश कुमार जैन, कुलगुरु, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे उपाधि धारक को संबोधित करेंगे। इस दीक्षांत में परास्नातक, स्नातक और व्यवसायिक स्तर के चिन्हित पाठ्यक्रमों के छात्रों को व्यक्तिगत रूप से उपाधि प्रदान की जाएगी। शेष सभी अभ्यर्थियों को दीक्षांत समारोह के बाद उपाधियां डाक द्वारा भेज दी जाएंगी। इस कार्यक्रम में करीब 300 से भी अधिक विद्यार्थियों के आने की संभावना है।



भोपाल
मंगलवार, 4 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष–05
वर्ष : 11, अंक : 339
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 19

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

दिल्ली हाईकोर्ट का अहम फैसला

## स्कूली छात्रों के स्मार्टफोन उपयोग पर रोक लगाना 'अव्यवहारिक'



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल में कहा कि स्कूली छात्रों के स्मार्टफोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध एक 'अवांछनीय और अव्यवहारिक' दृष्टिकोण है और इसे विनियमित किया जाना चाहिए तथा निगरानी शेष पेज 4 पर

## मप्र और जम्मू कश्मीर राज्य निर्वाचन आयोग के बीच हुआ एमओयू

# मप्र निर्वाचन आयोग जम्मू कश्मीर के निकाय चुनाव में ईवीएम, पोलिंग स्टाफ की ट्रेनिंग देगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31 वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस के तीसरे दिन मप्र राज्य निर्वाचन आयोग और जम्मू एवं कश्मीर राज्य निर्वाचन आयोग के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) हुआ।

इसके तहत मप्र राज्य निर्वाचन आयोग जम्मू-कश्मीर में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया को सशक्त करने में मदद करेगा। नेशनल कांफ्रेंस में राष्ट्रीय शेष पेज 4 पर



◆ मप्र के पेंच नेशनल पार्क सिवनी में देश भर के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस

### निर्वाचन आयुक्तों के समक्ष विषय विशेषज्ञों ने दिए प्रेजेंटेशन

आईसीपीएस (इंटरनेशनल सेंटर फॉर पार्लियामेंटलरी स्टडीज) लंदन के डायरेक्टर अरविंद वेंकटरमन ने 'रिकगनाइजिंग इंडियास रोल एस ग्लोबल लीडर इन इलेक्शन एंड इलेक्टोरल डिप्लोमेसी' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने भारत जैसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश मे निर्वाचन प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए इलेक्टोरल मैनेजर, ई-लर्निंग जैसे ए-आई टूल्स तथा ब्लॉक चैन के उपयोग करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। सेल्स डायरेक्टर एपीएसी टर्की मेहमत बुरक ने दूरस्थ मतदाता के पंजीयन तथा ऑनलाइन मतदान की कार्ययोजना पर अपना प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने मतदाताओं के डिजिटल प्रक्रिया से पंजीयन तथा बायोमीट्रिक से मतदाताओं के पहचान करने की प्रक्रिया पर जानकारी दी। कनाड़ा, बेनिन में वोटर रजिस्ट्रेशन एप्लिकेशन का डेमो शेष पेज 4 पर

### सुविधाजनक पारदर्शी निर्वाचन कराने में ईवीएम की भूमिका

देश में सुगम, सुविधाजनक पारदर्शी निर्वाचन कराने में ईवीएम, सॉफ्टवेयर सहित अन्य सपोर्ट उपलब्ध कराने वाले संस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईआईटी लिमिटेड बेंगलुरु के प्रतिनिधियों ने राज्य निर्वाचन आयुक्तों के समक्ष निर्वाचन में किए जा रहे अनुसंधानों के बारे में अपना प्रेजेंटेशन दिया।

विशेष रूप से नवीन एस-3 ईवीएम, इलेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग की कार्यविधि और लाभ को रेखांकित किया। इसी तरह पोलिंग एवं काउंटिंग में उपयोग होने वाले विभिन्न एप्लीकेशन के संबंध में आईएनसीटी चेन्नई के सीईओ गजपथी ने प्रेजेंटेशन दिया। अमिट स्याही और अन्य चुनाव संबंधी सामग्री के संबंध में हैदराबाद एवं जयपुर की कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रेजेंटेशन दिया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, 2 की मौत



**हरदा।** सोमवार दोपहर साढ़े बारह बजे नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे पर सोयाबीन प्लांट के पास दोपहर एक बजे गोबर खाद से भरे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नगवामाल निवासी अशोक सारण (48) और उनके भतीजे मुकुल सारण (27) के रूप में हुई है।

### आज संघ प्रमुख करेंगे अभ्यास वर्ग का शुभारंभ



**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत भोपाल प्रवास पर हैं। वे विद्या भारती के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार रात करीब 9 बजे भोपाल पहुंचे। डॉ. भागवत यहां मंगलवार को सुबह 9 बजे 5 दिवसीय अखिल भारतीय पूर्णकालिक अभ्यास वर्ग का उद्घाटन करेंगे।

### बैडमिंटन खेलते समय डॉक्टर की हुई मौत



**इंदौर।** आई स्पेशलिस्ट डॉ. अनुराग श्रीवास्तव का सोमवार को अचानक निधन हो गया। बैडमिंटन खेलने के दौरान उन्हें सांस लेने में परेशानी हुई। वे कुर्सी पर बैठे और बेसुध हो गए। साथी डॉक्टर ने उन्हें सीपीआर भी दिया। लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। माना जा रहा है कि उनकी मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव की उम्र 64 वर्ष थी।

'सियासी पिच' पर आई क्रिकेट की पिच

# रोहित को टीम में नहीं होना चाहिए कांग्रेस व तृणमूल के 'बिगड़े बोल'

**भाजपा ने कहा- कांग्रेस के लिए तो बस एक ही आदमी राहुल गांधी ही उपयुक्त**

**कांग्रेस ने पहले कहा**
क्रिकेटर रोहित मोटे, उनको वजन कम करना चाहिए फिर पल्ला झाड़ा

*भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर कांग्रेस नेत्री व प्रवक्ता शमा मोहम्मद की टिप्पणी पर जमकर बवाल मचा हुआ है। भाजपा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर कांग्रेस नेत्री व प्रवक्ता शमा मोहम्मद की टिप्पणी पर जमकर बवाल मचा हुआ है। शमा ने अपने पोस्ट में कहा था कि रोहित शर्मा एक खिलाड़ी होने के लिहाज से मोटे हैं। उन्हें वजन कम करने की जरूरत है! ... और निश्चित रूप से भारत का अब तक का सबसे अप्रभावी कप्तान।

कांग्रेस ने अपने प्रवक्ता के रोहित के वजन पर दिए गए बयान से पल्ला झाड़ते हुए उन्हें ट्वीट हटाने को कहा। इस पर शमा मोहम्मद ने अपने आलाकमान की बात मानते हुए तत्काल एक्स से अपनी पोस्ट हटा भी ली। बीसीसीआई ने भी बयान को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। हालांकि, मामला यहां खत्म होता दिखाई नहीं दे रहा है। अब तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने कहा कि कांग्रेस नेता ने जो कहा शेष पेज 4 पर

- ***शमा की दलील-यह बॉडी शेमिंग नहीं, एक खिलाड़ी को फिट रहना चाहिए***
- ***बीसीसीआई ने भी बयान को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया***

*बीसीसीआई ने भी की निंदा*

### कहा-यह टिप्पणी सर्वथा अनुचित

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे कप्तान के लिए इस तरह की टिप्पणी एक ऐसे व्यक्ति की ओर से आई है जो एक जिम्मेदार पद पर है, खासकर ऐसे समय में जब टीम इंडिया एक आईसीसी टूर्नामेंट खेल रही है और टीम सेमीफाइनल मैच खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है।



*कांग्रेस ने प्रवक्ता को लगाई फटकार*

### कहा-शमा की टिप्पणी कांग्रेस का मत नहीं

आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने अपनी प्रवक्ता को जमकर फटकार लगाई और आगे से ऐसी टिप्पणियों से बचने की नसीहत दी। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि शमा की टिप्पणी कांग्रेस का मत नहीं है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस खेल के नायकों के योगदान को सर्वोच्च सम्मान देती है और उनकी विरासत को कमजोर करने वाले किसी भी बयान का समर्थन नहीं करती।

**भाजपा-शिवसेना ने किया पलटवार**

### कहा- 90 चुनाव हारने वाला बहुत प्रभावशाली

भाजपा नेताओं सहित कई लोगों मामले में कांग्रेस नेता की आलोचना की और मुख्य विपक्षी दल को निशाने पर लिया। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने 'एक्स' पर पोस्ट किया- जो लोग राहुल गांधी की कप्तानी में 90 चुनाव हार चुके हैं, वे रोहित शर्मा की कप्तानी को अप्रभावी बता रहे हैं। दिल्ली में छह बार शून्य पर आउट होना और 90 बार चुनावी हार प्रभावशाली है, लेकिन टी20 विश्व कप जीतना नहीं! वैसे, कप्तान के रूप में रोहित का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार है। भाजपा नेता और शेष पेज 4 पर



आईएसआई से ली थी ट्रेनिंग

# अयोध्या में राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश



◆ फरीदाबाद से हैंड ग्रेनेड के साथ संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात एटीएस और फरीदाबाद एसटीएफ ने संयुक्त ऑपरेशन में आतंकी अब्दुल रहमान को गिरफ्तार किया है, जो आईएसआई के इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) मॉड्यूल से जुड़ा था। वह अयोध्या राम मंदिर पर हमला करने की साजिश रच रहा था। उसके पास से दो हैंड ग्रेनेड मिले, जिन पर किसी देश या कंपनी का मार्क नहीं है। इससे स्मगलिंग की आशंका जताई जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान अब्दुल रहमान (19) पुत्र अबूबकर के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के फैजाबाद (अयोध्या) का निवासी है। संदिग्ध को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया, जहां वह आतंकी साजिश को अंजाम देने की तैयारी में था। रहमान पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के शेष पेज 4 पर

### राम मंदिर की रेकी और हमले की साजिश

जांच में यह भी सामने आया है कि अब्दुल रहमान पहले भी कई बार अयोध्या के राम मंदिर की रेकी कर चुका था और उसने वहां की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आईएसआई को साझा की थी। जांच के अनुसार फैजाबाद से ट्रेन पकड़कर अब्दुल रहमान पहले फरीदाबाद पहुंचा था, जहां उसे एक हैंडलर ने हैंड ग्रेनेड दिए। योजना थी कि वह वापस ट्रेन से अयोध्या पहुंचे और वहां हमला करे। लेकिन इससे पहले ही सुरक्षा एजेंसियों को इनपुट मिल गया। अब्दुल रहमान से फिलहाल हरियाणा पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां शेष पेज 4 पर

सीएम स्टालिन का चौंकाने वाला बयान

## पहले कहता था आराम से करें पर अब 'तुरंत' बच्चे पैदा करें



अगर जनसंख्या के आधार पर संसदीय सीटों का परिसीमन होता है तो इसका तमिलनाडु को नुकसान हो सकता है

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपने बयान में कहा कि पहले हम कहते थे कि आप आराम से बच्चे पैदा करें, लेकिन अब हालात बदल गए हैं और अब हमें कहना चाहिए कि तुरंत बच्चे पैदा करें। सीएम ने कहा कि राज्य में सफलतापूर्वक जनसंख्या नियंत्रण करने का अब राज्य को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने शेष पेज 4 पर

55 फेक आईडी के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

## हर्षा बोलीं- मेरे एआई जनरेट अश्लील वीडियो बनाए जा रहे



साइबर क्राइम थाने पहुंची सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर हर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रयागराज महाकुंभ से चर्चित हुई सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर हर्षा रिछारिया ने स्टेट साइबर क्राइम थाने में 55 फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने उल्लेख किया कि फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स से उनके नाम पर धोखाधड़ी, स्कैम और एआई की मदद से आपत्तिजनक तस्वीरें और अश्लील वीडियो बनाकर डाले जा रहे हैं। विज्ञापन के नाम पर अवैध वसूली भी की जा रही है। हर्षा का कहना है कि वे शेष पेज 4 पर

*सोशल मीडिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब*

## कंटेंट हटाने से पहले यूजर को मिले जानकारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें सोशल मीडिया अकाउंट या सामग्री को यूजर या स्रोत को सुनवाई का अवसर दिए बिना ब्लॉक कर दिया जा रहा। दरअसल, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2009 के शेष पेज 4 पर




ऑस्कर अवार्ड *अनोरा बेस्ट फिल्म, एड्रियन ब्रॉडी-माइकी मैडिसन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता व अभिनेत्री*



*लॉस एंजेलिस के डॉल्बी थिएटर में आयोजित ऑस्कर अवॉर्ड में कई हॉलीवुड फिल्मों ने बाजी मारी*

## अनोरा एक सेक्स वर्कर की जिंदगी की कहानी जिसमें प्यार व विवाह और समाज से 'जंग' भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

97वें अकेडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर 2025 का शानदार आगाज हुआ। इस बार अकेडमी अवॉर्ड्स को कॉनन ओ'ब्रायन ने होस्ट किया। यहां फिल्म अनोरा की धूम रही, इसने 5 अवॉर्ड जीते।

बेस्ट एक्टर बने एड्रियन ब्रॉडी और बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड माइकी मैडिसन ने जीता। सीन बेकर के निर्देशन में बनी अनोरा ने पिछले साल शेष पेज 4 पर



एड्रियन ब्रॉडी और माइकी मैडिसन, जो साल्डाना, सीन बेकर ने अवॉर्ड लिया

### ऑस्कर की रेस से बाहर हुई 'अनुजा'

अनुजा बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म कैटिगरी में अवॉर्ड जीतने से चूक गई। इसे एडम ग्रेव्स ने बनाया है। प्रियंका चोपड़ा, गुनीत मोंगा बतौर को-प्रोड्यूसर मूवी से जुड़ी हैं। अनुजा, 9 साल की बच्ची की कहानी है, जो फैक्ट्री में काम करती है। अनुजा का रोल सजदा पठान ने निभाया है, वो असल में चाइल्ड लेबर थीं। कीरन कल्किन ने बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अवॉर्ड जीतने की रेस में एडवर्ड नॉर्टन, यूरा बोरिसोव, गाय पीयर्स और जेरेमी स्ट्रॉन्ग को पछाड़ा।

## सीहोर के कुबेरेश्वर में रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# राष्ट्र निर्माण में संतों और गुरुओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जीवन-मृत्यु व्यक्ति के हाथ में नहीं है, लेकिन संत लोगों को धर्म की राह दिखाकर सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर उनके जीवन को सार्थक बनाते हैं। सांस्कृतिक, धार्मिक मूल्यों की स्थापना तथा समाज और राष्ट्र के निर्माण में संतों और गुरुओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. प्रदीप मिश्रा लोगों में ईश्वर के प्रति आस्था और भक्ति जागृत कर लोगों का धार्मिक, आध्यात्मिक उत्थान कर रहे हैं। पं. मिश्रा ने भोपाल के निकट सीहोर में कुबेरेश्वर धाम की स्थापना कर इस क्षेत्र को एक नई धार्मिक पहचान दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज सोमवार को कुबेरेश्वर धाम सीहोर में आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल होकर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया के दो सौ से अधिक देशों में भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और सबसे बड़े देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज कुंभ में गगा स्नान कर देश की सनातन संस्कृति के प्रति देशवासियों की अटूट आस्था का संदेश दिया है।




### प्रदेश सरकार को सभी संतों का मार्गदर्शन मिला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार को सभी संतों का मार्गदर्शन मिला है। समय-समय पर हम और हमारी सरकार उनसे कई अवसरों पर विचार-विमर्श भी करती है। संतों से हमें सरकार चलाने का नैतिक बल मिलता है, जिससे हम अधिक मजबूती के साथ प्रदेश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रदेश में गौ-शालाओं का निर्माण किया है और गौ-शालाओं में गौ-माता के लिए बेहतर परिवेश उपलब्ध करा रहे हैं।

### सभी बड़ी नगर निगमों में बनेंगी 10 हजार क्षमता की गो-शालाएं



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ-माता परमात्मा की हम पर असीम कृपा है। गो-माता प्रकृति और परमात्मा के बीच संबंध का सूत्र है। बेसहारा, अशक्त और वृद्ध गो-माताओं के आश्रय के लिए भोपाल सहित सभी बड़ी नगर निगमों में 10 हजार क्षमता की गौ-शालाएं बनाई जाएगी। दुग्ध उत्पादन पर भी प्रोत्साहन स्वरूप बोनस प्रदान किया जाएगा। दस से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान दिया जाएगा। गांव-गांव में गोपालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। गो-शाला चलाने वालों को प्रति गाय 20 रुपए के स्थान पर 40 रुपए का अनुदान देकर गो-शालाओं को सक्षम बनाया जाएगा।

### विकास के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के भी काम कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश के विकास के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के भी काम कर रही है। कल्याणी बहनों के पुनर्विवाह के लिए दो लाख रुपए प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण धार्मिक एवं तीर्थ-स्थानों का विकास किया जाएगा। वहीं क्षिप्रा को पूरे साल प्रवाहमान बनाए रखने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाने की योजना बनाई है।

## खबर संक्षेप

### आठ महीने से 12 लाख कर्मचारी महंगाई भत्ते के इंतजार में

**भोपाल।** आठ महीने से इंतजार कर रहे कर्मचारियों को बकाया तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता व महंगाई राहत जुलाई 2024 से प्रदान किया जाए। यह मांग तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में की है। तिवारी ने ब्बताया कि प्रदेश के 12 लाख कार्यरत सेवा निवृत कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत आठ महीने से नहीं दी जा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग है कि परीक्षा के बाद स्कूल कॉलेज शुरू होंगे उसमें बहुत अधिक खर्च कर्मचारी परिवारों पर आता है। उसको देखते हुए तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता व सेवानिवृत कर्मचारियों को महंगाई राहत जुलाई 2024 से प्रदान की जाए।

### सोलह हजार किसानों ने कराया समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने रजिस्ट्रेशन

**भोपाल।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं सहित अन्य फसलों को खरीदने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। खाद्य विभाग इस बार भी 80 केंद्रों पर गेहूं खरीदी कराएगा। इससे पहले किसानों द्वारा पंजीयन कराया जा रहा है। जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर का कहना है कि अब तक 16 हजार किसानों ने पंजीयन करवा लिया है। 17 मार्च से गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए 80 केंद्र बनाए गए हैं, इनमें 60 गोदाम, नौ सायलो और बाकि समिति के पास रहेंगे। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ने पर केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।

### कांग्रेस का कल सरकार के खिलाफ जिलों में प्रदर्शन और आंदोलन

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने पीसीसी में प्रेस कांफ्रेस प्रदेश की जनता को भिखारी कहे जाने वाले बयान पर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि अब तो हालत यह हो गए हैं कि जनता को भगवान बताकर वोट बटोरने वाली भाजपा सरकार अब महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों, युवाओं, विद्यार्थियों और दिव्यांगजनों को भिखारी बता रही है। नायक ने कहा कि जनता के हक और अधिकारों के लिए कांग्रेस पार्टी निणार्यक लड़ाई लड़ेगी। आगामी 5 मार्च को प्रदेश के सभी जिलों के जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के खिलाफ जंगी प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटले के इस्तीफे की मांग करेगी।

### चार थाना प्रभारी, पांच एसआई समेत 32 आरक्षक इधर से उधर

**भोपाल।** पुलिस उपायुक्त ने थाना प्रभारियों की पदस्थापना में फेरबदल किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक कार्यवाहक निरीक्षक कृष्ण गोपाल शुक्ला को अजाक से थाना प्रभारी कटारा हिल्स, सरस्वती तिवारी को अपराध शाखा से थाना प्रभारी अजाक, भूपेंद्र कुमार दीवान को रचित केंद्र से अपराध शाखा विजय बहादुर सेंगर को रक्षित केंद्र से अपराध शाखा, धर्मेन्द्र मौर्य को रक्षित केंद्र से यातायात में नवीन पदस्थापना दी गई है। इसके अलावा पांच उपनिरीक्षकों सहित 32 प्रधानारक्षक और आरक्षकों के भी तबादले किए गए हैं।

## सीएम ने किया मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जागरुकता कार्यशाला का शुभारंभ

# जीरो टॉलरेंस नीति से प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में गिरावट आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में गिरावट आई है। यह स्पष्ट रूप से राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का परिणाम है। हम सुरक्षा, सशक्तिकरण और न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ कर रहे हैं, जिससे अपराधों पर अंकुश लगा है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कही। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि, पिछले वर्षों में महिला एवं बाल अपराधों के प्रति सरकार की सख्ती स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध गंभीर अपराधों के दोषियों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। न्यायालयों द्वारा 48 प्रकरणों में मृत्युदंड के निर्णय दिए जा चुके हैं। सरकार और समाज मिलकर महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अत्याचारों के प्रति जागृति लाएं। इस कार्य में बाल संरक्षण आयोग की भूमिका भी अहम है। सरकार आयोग के सुझावों को अमल में लाने के लिए संकल्पित है।





### बच्चों और किशोरों में अपार क्षमता और ऊर्जा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रामायण के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों और किशोरों में अपार क्षमता और ऊर्जा विद्यमान रहती है। इसीलिए महर्षि विश्वामित्र ने असुरों का विनाश करने के लिए महाराज दशरथ से बचपन में प्रभु श्रीराम और श्री लक्ष्मण को मांगा था। प्रभु श्रीराम ने अपने पुरुषार्थ के बल पर असुरों का सर्वनाश किया। भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण का बाल्य स्वरूप सद्मार्ग पर चलने के लिए समाज को भिन्न-भिन्न रूप से प्रेरित करता है।

### प्रदेशभर के विभागीय अधिकारी, सीडब्ल्यूसी सदस्य

कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों से विभिन्न विभागों के अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य समेत अन्य सदस्यों ने निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009, पॉक्सो अधिनियम-2012 तथा किशोर न्याय अधिनियम-2015 जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, सदस्य बाल संरक्षण आयोग मेघा पवार और डॉ. निवेदिता शर्मा, डॉ. निशा सक्सेना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### विश्व में भारत की ख्याति फैल रही है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश, स्वर्णिम काल में प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विश्व में भारत की ख्याति फैल रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में प्रत्येक व्यक्ति निरंतर समर्थ हो रहा है। भारत बाहरी दुश्मनों से निपटने में सक्षम होने के साथ-साथ आंतरिक चुनौतियों का भी प्रभावी रूप से सामना कर रहा है।

### जरूरतमंद बच्चे जो आप तक नहीं आ पाए, उन तक आप पहुंचें : मंत्री भूरिया

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा की बच्चों के विकास की पहली शर्त उनका संरक्षण है और मुझे गर्व है कि डॉ. यादव के नेतृत्व में बच्चों के संरक्षण के लिये विभाग और प्रशासन सजग है। मंत्री भूरिया ने उपस्थित बाल कल्याण आयोग और किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष/सदस्यों से आग्रह किया कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है वो बहुत महत्वपूर्ण है और बच्चों को न्याय दिलाने के लिये है। समाज सेवा का ऐसा अवसर बार-बार नहीं मिलता इसलिये पूरी सजगता से बच्चों का संरक्षण सुनिश्चित हो इसका ध्यान रखें। आज अनाथ बच्चा किस संस्था में जायेगा या उसका पुनर्वास कहां होगा ये अधिकार आपके पास है और किसी के पास नहीं। तो इस अधिकार से बच्चों के प्रति संरक्षण के दायित्व मानकर उपयोग करें और कोशिश करें कि जरूतमंद बच्चे जो आप तक नही आ पाये उन तक आप पहुंचें। बच्चे ईश्वर का रूप होते हैं, बच्चे देश का भविष्य हैं और यदि हमें प्रधानमंत्री मोदी के विजन अनुसार देश का भविष्य स्वर्णिम बनाना है तो आज के बच्चों और युवाओं के वर्तमान को भी संवारना होगा, संरक्षित करना होगा और मुझे खुशी है कि आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में न केवल बच्चों के वर्तमान को मजबूत बनाया जा रहा है वरन उन्हें सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि उनके व्यक्तित्व का अधिकतम विकास हो।

# जनजातीय समुदायों की संस्कृति और पूजा पद्धतियों के संरक्षण के लिए जनजातीय देवलोक करेंगे विकसित



- जनजातियों की संस्कृति के संरक्षण और पूजा व त्यौहार आदि की विशेष व्यवस्था के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध
- चार मार्च को मुख्यमंत्री निवास में होगा जनजातीय देवलोक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनजातियों की संस्कृति के संरक्षण और उनके त्यौहार तथा पूजा आदि की विशेष व्यवस्था के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। पश्चिमी मप्र में शीघ्र ही भगोरिया की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समुदायों की संस्कृति, पूजा पद्धतियों के संरक्षण के लिए प्रदेश में जनजातीय देवलोक विकसित किया जाएगा। जनजातीय समाज और उनकी परम्पराएं भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। इन परम्पराओं और उपासना पद्धतियों को जीवंत बनाए रखने तथा वर्तमान और आगामी पीढ़ियों को इनसे अवगत कराने के लिए शासकीय योजनाओं का लाभ लेते हुए, कार्य योजना का क्रियान्वयन आवश्यक है।

### उपजातियों सहित 43 जनजातीय समुदाय मप्र में निवासरत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 7 प्रमुख जनजातियां और इनकी उपजातियों सहित 43 जनजातीय समुदाय निवास करते हैं। जनजातियों ने प्रकृति, प्रतीक और प्रतिमा में अपने देवधारणाओं को स्थापित किया है और इनके माध्यम से वे अपनी आस्था और धारणाओं का प्रकटीकरण करते हैं। प्रदेश के अलग-अलग भौगालिक क्षेत्रों में निवासरत जनजातीय समुद्रायों के देवी-देवता और उनके प्रतीक भिन्न-भिन्न हैं। राज्य के जनजातीय समुद्रायों की मान्यताओं, आस्था, प्रतीकों के देवलोक को एक स्थान पर लाने के लिए प्रयास करना आवश्यक है। इन प्रयासों में जनजातीय

### सभी जनजातियों के आवागमन की सुगमता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवलोक की स्थापना के लिए सभी जनजातियों के आवागमन की सुगमता को ध्यान में रखते हुए भूमि चिन्हित की जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग गुलशन बामरा, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार राम तिवारी तथा लक्ष्मण सिंह मरकाम उपस्थित थे।

# पैक्स कंप्यूटराइजेशन के क्रियान्वयन के लिए पैक्स प्रबंधकों को मिलेगी 5000 रुपए की प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सहकारिता के क्षेत्र में डिजिटल टेक्नोलॉजी के प्रयोग में अग्रणी रहा है। केंद्र प्रायोजित पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजना के क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में मध्यप्रदेश देश के शीर्ष राज्यों में शामिल है। वर्तमान में प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) के डिजिटाइजेशन एवं सॉफ्टवेयर आधारित अंकेक्षण का कार्य प्रगति पर है।

सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव अशोक बर्णवाल की अध्यक्षता में योजना के क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग के लिए गठित स्टेट लेवल इम्प्लीमेंटेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एसएलआईएमसी) की बैठक मंत्रालय में हुई। समिति ने सर्व सम्मति से पैक्स प्रबंधकों, सहायक समिति प्रबंधकों को एकबारगी राशि 5000 रुपए की प्रोत्साहन राशि की स्वीकृति प्रदान की। इसके लिए 15 मई 2025 तक पैक्स को ई-पैक्स (तातारीख़ सॉफ्टवेयर पर कार्यशील होना) घोषित किया जाना अनिवार्य होगा। साथ ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों (डीसीसीबी) के 2 मास्टर ट्रैनर्स, जिनके बैंक की न्यूनतम 50 प्रतिशत पैक्स को उक्त दिनांक तक ई-पैक्स घोषित किया गया है, को प्रतिमाह राशि 1000 रुपए का प्रोत्साहन आगामी 12 माह तक प्रदान किया जाएगा।

पैक्स प्रबंधकों को दी जाने वाले राशि का वहन अपैक्स बैंक तथा मास्टर ट्रेनर को दी जाने वाली राशि का वहन संबंधित डीसीसीबी से किया जाएगा। इस तरह अच्छे कार्य को सराहना देने में भी मप्र प्रथम राज्य है। बैठक में श्रीमती सी सरस्वती (मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल), मनोज कुमार गुप्ता (प्रबंध संचालक, अपैक्स बैंक), अम्बरीश वैद्य (संयुक्त आयुक्त, आयुक्त सहकारिता प्रतिनिधि), श्रीमती अंजुली धुर्वे (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डीसीसीबी रायसेन), विनय प्रकाश सिंह (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डीसीसीबी विदिशा) एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विद्या भारती का अभ्यास वर्ग आज से, प्रदर्शनी का शुभारंभ

### केरवा डैम रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय पहुंचे मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



विद्या भारती का 5 दिवसीय अखिल भारतीय पूर्णकालिक अभ्यास वर्ग महाकुंभ में सोमवार को प्रदर्शनी का शारदा विहार में उद्घाटन किया गया। राजधानी के केरवा डैम रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय, शारदा विहार में आयोजित अभ्यास वर्ग में खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, दूसि रामकृष्ण राव विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष, गोविंदचंद महंत, संगठन मंत्री, यतीन्द्र शर्मा, श्रीराम आरावकर, सह संगठन मंत्री, निखिलेश महेश्वरी, मध्यभारत प्रांत के संगठन मंत्री व अन्य पदाधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। प्रदर्शनियों के अवलोकन के बाद मंत्री सारंग ने मीडिया से चर्चा में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर केवल शिक्षा प्रदान करने का कार्य नहीं कर रहे, बल्कि वे संस्कार केंद्र के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि विद्या भारती का यह अखिल भारतीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएगा।

### तीन विशेष प्रदर्शनियां, जिनमें संस्कृति, डिजिटल उपलब्धियां और शिशु वाटिका

अभ्यास वर्ग में तीन विशेष प्रदर्शनियां तैयार की गई हैं। इसमें संस्कृति प्रदर्शनी में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित है। मप्र की गौरव वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वी जयंती के अवसर पर उनके शौर्य को दर्शाते हुए प्रदर्शनी है साथ ही मप्र की ऐतिहासिक, धार्मिक व दार्शनिक धरोहरों की महत्ता को दर्शाती हुई मनमोहक प्रदर्शनी लगाई गई हैं। डिजिटल उपलब्धियां प्रदर्शनी में डिजिटल प्रदर्शनी मे विद्या भारती द्वारा वर्षभर बालकों के सर्वांगीण विकास हेतु की जाने वाली गतिविधियां व अन्य सामाजिक सरोकार एवं शैक्षिक कार्यक्रमों की जानकारी इस प्रदर्शनी में दी गई है। शिशु वाटिका प्रदर्शनी में विद्या भारती की शिशु शिक्षा की 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं को प्रदर्शित किया गया, जिससे 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं के माध्यम से शिशु को खेल-खेल में शिक्षा के माध्यम से सर्वांगीण विकास की अवधारणा को प्रदर्शित करती है।

## उज्जैन के मेडिकल डिवाइस पार्क में इकाई लगाने के लिए दिया प्रस्ताव

# दक्षिण कोरिया का ईसीडीएस ग्रुप प्रदेश में मेडिकल डिवाइस में करेगा निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि साउथ कोरियन ज्वाइंट वेंचर ग्रुप प्रदेश में बने बेहतर औद्योगिक वातावरण को देखते हुए से मेडिकल उपकरणों, मेडिकल एआई, नैनो टेक्नोलॉजी, बायो पॉलीमर और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश का इच्छुक है। सोमवार को मंत्रालय में साउथ कोरिया के ईसीडीएस ग्रुप के निवेशकों और शोधार्थियों ने मुख्यमंत्री से भेंट की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा में प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि उनका समूह उज्जैन के मेडिकल डिवाइस पार्क में शोध और निर्माण पर केंद्रित इकाई स्थापना की दिशा में पहल कर रहा है। इस इकाई में यूरिन परीक्षण से कैंसर के लक्षणों की पहचान करने के लिए किट निर्मित करने की योजना है। इससे प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की पहचान कर तत्काल इलाज आरंभ करने में मदद मिलेगी।

**खास बातें**

- कैंसर की यूरिन टेस्ट से पहचान के लिए बनाएंगे किट
- मुख्यमंत्री से साउथ कोरिया के ईसीडीएस ग्रुप के सदस्यों ने मंत्रालय में की भेंट
- ग्रुप की एविएशन और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भी निवेश करने की योजना



### समूह की कौशल उन्नयन तकनीक और विशेषज्ञता साझा करने में भी रुचि

समूह प्रदेश में एविएशन सेमीकंडक्टर आदि क्षेत्र में भी निवेश का इच्छुक है। इसके साथ ही समूह ने कौशल उन्नयन के लिए तकनीक और विशेषज्ञता साझा करने में भी रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से डॉ. वुंग कवांग यांग, डॉ. युंगहून लिम, डॉ. सिओक किम जोंग शिओल जंग, जेली शिओन, वू सिओक शुंग तथा राजेश भारद्वाज ने भेंट की। मुख्य सचिव अनुराग जैन, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन राघवेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित थे।

# 16वें वित्त आयोग की बैठक आज से, वित्तीय संसाधनों के आवंटन पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अगुवाई में पांच सदस्यीय दल 4 मार्च को महत्वपूर्ण बैठकों के लिए भोपाल पहुंच रहा है। वित्त आयोग इस अवधि में राज्य के अन्य जगहों पर दौरे करेगा। वित्त आयोग के दौरे का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के वितरण, अनुदान सहायता (ग्रांट्स-इन-ऐड) के निर्धारण और राज्यों के बीच संसाधनों के उचित आवंटन से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श करना है। वित्त आयोग की अनुशंसा एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक पांच वर्ष के लिए होगी। राज्य में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, स्थानीय निकायों, पंचायत एवं नगरीय निकायों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे।

- अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढिया की अगुवाई में पांच सदस्यीय दल आज पहुंचेगा भोपाल

### तय की जाएगी भविष्य के वित्तीय संसाधनों की रूपरेखा

यह बैठक मप्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और राज्य की विकास योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान करने में सहायक होगी। इसके माध्यम से राज्य को भविष्य में मिलने वाले वित्तीय संसाधनों की रूपरेखा तय की जाएगी, जिससे प्रदेश के समग्र विकास को गति मिलेगी। भोपाल में होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक से राज्य सरकार को अपनी वित्तीय आवश्यकताओं और विकास योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से अधिक सहयोग प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।




# जीआईएस के बाद शहर की सुंदरता को बचाने नगर निगम कर रहा जद्दोजहद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) की मेजबानी के लिए सजाए गए शहर को अब बचाने की जद्दोजहद शुरू हो गई है। हर सड़क-चौराहा, गली-बाजार को चकाचक रखने के लिए नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी निगरानी कर रहे हैं। दरअसल, पिछले दिनों लाइट्स और जालियां तोड़ने की सूचना के बाद निगम का अमला सक्रिय हो गया है। नगर निगम के अफसरों ने आम लोगों से भी अपील की है कि सेंट्रल वर्ज, फुटपाथ और रोड साइड पेड़ों की सुरक्षा की जाए।

### पुराने शहर के फाउंटेन को जालियों से किया कवर

तीन दिन पहले कमला पार्क में एक व्यक्ति द्वारा जालियों को तोड़ते हुए निगम के अमले ने पकड़ा था। जिसके तलैया पुलिस के हवाले कर दिया गया था। इधर, लाइट्स चोरी होने की जानकारी भी मिली थी, जिसके बाद पुराने शहर के अधिकतर फाउंटेन को लोहे की जालियों से कवर कर दिया गया है, जिससे उनकी सुरक्षा बनी रहे।

## फाउंटेन की सुरक्षा के लिए लगाई जालियां, कर्मचारी कर रहे निगरानी





राजभवन और पॉलिटेक्निक चौराहे समेत राजधानी में लगाए गए सभी फाउंटेन जालियों से कवर किए गए हैं। वहीं शहरभर के फव्वारे सोमवार को बंद नजर आए, जिससे इन्हें देखने जाने वाले लोग निराश हुए।

### आम लोग भी करें सुरक्षा

शहर को सुंदर बनाने के लिए फाउंटेन सहित सेंट्रल बर्ज, फुटपाथ और रोड साइड को सुंदर बनाया गया है। पार्क और सड़कों के किनारे खूबसूरत जालियां भी लगाई हैं। इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आम लोगों की भी बनती है।

**हरेंद्र नारायण**, कमिश्नर नगर निगम

शहर में रंग-बिरंगी और आकर्षक पेंटिंग और व्यू कटर का काम नगर निगम ने किया है। इस पर 30 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए गए हैं। लाइटिंग पर करीब 5 करोड़ रुपए खर्च किए गए। शहर के 13 प्रमुख तिराहों और चौराहों पर बड़ी हाई मास्क और 10 में छोटी हाई मास्क लाइट लगाई हैं। 25 नए फाउंटेन लगाए गए हैं। अकेले पीडब्ल्यूडी ने 52 सड़कों और 9 गेस्ट हाउस को संवारा है। सड़कों की रिपेयरिंग के साथ रोड मार्किंग और सेफ्टी मेजर्स का काम किया गया है। साथ ही रोड के दोनों ओर पेवर ब्लॉक लगाने पर भी राशि खर्च की है।

---

### रवींद्र भवन की पार्किंग में किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म का मामला

# श्यामला हिल्स पुलिस ने एक महीने पहले ही कर ली थी सीसीटीवी की जांच, पर दर्ज नहीं की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रवीन्द्र भवन परिसर में लोकरंग उत्सव के दौरान एक 15 साल की किशोरी से दुष्कर्म की वारदात एक माह बाद खुलासा हो रहा है। जबकि श्यामला हिल्स पुलिस को पहले ही घटनाक्रम की जानकारी हो गई थी। पीड़िता की जब संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो उसने अपने मूल निवास स्थान मऊगंज में जाकर मामले की शिकायत की। मऊगंज पुलिस ने जीरो पर एफआईआर दर्ज कर डायरी भोपाल भेज दी है। लापरवाही इस कदर है कि परिजनों के द्वारा पूरी जानकारी देने के बाद भी श्यामला हिल्स पुलिस ने केवल मामले की जांच की, एफआईआर दर्ज नहीं की। वहीं, रवीन्द्र भवन प्रबंधन का कहना है कि उनसे पुलिस ने सीसीटीवी की जो रिकार्डिंग मांगी उन्होने उपलब्ध करा दी। फिर पुलिस ने क्या किया यह उनकी जानकारी में नहीं है।

विदित हो कि 15 वर्षीय किशोरी मूल रूप से मऊगंज की रहने वाली है। उसने मऊगंज थाने मे जो शिकायत दर्ज कराई है उसके मुताबिक वह 30 जनवरी को रवीन्द्र भवन परिसर में लोकरंग के दौरान अपने पिता के परिचित के स्टॉल पर गई थी। इस दौरान भगवान सिंह मेवाड़ा सहित एक अन्य युवक उसे पार्किग में बहला-फुसलाकर ले गए और वहां दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। साथ ही उसको जान से मारने की धमकी दी। उस समय किशोरी ने कुछ नहीं बताया, लेकिन तबियत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल ले गए तो मामले का खुलासा हो गया। श्यामला हिल्स थाने में परिजनों ने मामले की शिकायत तो की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर परिजनों ने अपने घर मऊगंज पहुंचे और वहां पुलिस को घटनाक्रम बताया। पुलिस ने जीरो पर एफआईआर दर्ज कर डायरी भोपाल पुलिस को भेजी है।

**श्यामला हिल्स पुलिस की लापरवाही उजागर गाइड लाइन भी की दरकिनार**

## बड़ा सवाल: फिर पीड़िता को मऊगंज जाकर क्यों दर्ज करानी पड़ी एफआईआर?



रवींद्र भवन परिसर। इनसेट: पार्किंग, जहां वारदात हुई।

### पुलिस कमिश्नर बोले-जांच करा रहे हैं

पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा का कहना है कि पार्किंग में किशोरी से दुष्कर्म की वारदात का मामला जानकारी में आया है। मामले की जांच कराई जा रही है। त्वरित एफआईआर दर्ज क्यों नहीं हुई उसको भी देख रहे हैं।

### डायरेक्टर बोले मुझे आइडिया नहीं

इधर, रवीन्द्र भवन के डायरेक्टर एनपी नामदेव से जब घटनाक्रम के बारे में बात की गई तो उन्होन कहा कि इस संबंध में कोई आइडिया नहीं की क्या हुआ। मउगंज में शिकायत कराई है तो मुझे क्या पता। साथ ही यह भी कहा कि पुलिस ने उसने कोई संपर्क नहीं किया।

### असिस्टेंड डायरेक्टर बोलीं पुलिस को रिकॉर्डिंग दी

रवीन्द्र भवन की असिस्टेट डायरेक्टर मधु चौधरी का कहना है कि घटनाक्रम मेरी भी जानकारी में आया है। पूर्व में श्यामला हिल्स पुलिस ने संपर्क किया था और फुटेज मांगे थे। पुलिस को आवश्यक सीसीटीवी रिकार्डिग उपलब्ध कराई है। इसके बाद क्या हुआ उनको पता नहीं है।

### दर्जन भर गार्ड थे तैनात, लेकिन वारदात का पता नहीं

लोकरंग के दौरान दर्जन भर सुरक्षा गार्ड की तैनाती थी, लेकिन हैरत की बात है कि किसी को भी घटनाक्रम का पता नहीं चला। रवींद्र भवन प्रबंधन के जिम्मेदारों का कहना है हम लोगों को इस तरह की घटना की जानकारी नहीं है। अभी तक पुलिस ने भी कोई संपर्क नहीं किया है। रवीन्द्र भवन परिसर पूरा सीसीटीवी से लैस है। पुलिस ने प्रबंधन से घटनाक्रम के सीसीटीवी फुटेज भी लिए, लेकिन पुलिस ने मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। जबकि नाबालिग संबंधी मामलों में सुप्रीम कोर्ट के सख्त गाइड लाइन है कि पहले पुलिस को एफआईआर दर्ज करना है और बाद में जांच करना है।

**बालिका से जबरदस्ती की कोशिश**

### आयोग ने पूछा : संबंधित पुलिस थाने में क्यों नहीं लिखी गई रिपोर्ट...?

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल में रविंद्र भवन में लगे मेले के दौरान एक श्रमिक ठेकेदार द्वारा 14 साल की बालिका के साथ जबरदस्ती करने के मामले में संज्ञान लिया है। इस संबंध में पीड़िता के परिजनों ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत करने पहुंचे, जहां उनकी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद परिजनों ने अपने गृह जिले पहुंचकर मऊगंज पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने पूछा है कि पीड़ति बालिका की रिपोर्ट भोपाल स्थित संबंधित पुलिस थाने में क्यों नहीं लिखी गई ? रिपोर्ट मऊगंज पुलिस थाने में 0/25 पर अपराध दर्ज करने के बाद भोपाल भेजे जाने की परिस्थिति क्यों उत्पन्न हुई ? पीड़ित बालिका के डॉक्टर परीक्षण सुरक्षा परामर्श, विधिक सहायता के संबंध में की गई कार्यवाही एवं दोषी के विरुद्ध की गई कार्यवाही के संबंध जांच रिपोर्ट भी आयोग ने तलब की है।

■ भोपाल में केस दर्ज न होने पर आयोग ने दिए जांच के निर्देश

---

### हाईकोर्ट ने स्टे दिया, 1 अप्रैल को सुनवाई

# फिलहाल नहीं टूटेंगे मोती नगर बस्ती के 384 मकान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुभाष नगर स्थित मोतीनगर बस्ती के 384 मकान फिलहाल नहीं टूटेंगे। जबलपुर हाईकोर्ट ने 4 सप्ताह का स्टे दिया है। अब 1 अप्रैल को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद सोमवार को प्रशासनिक अफसर मंथन में जुटे रहे। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने अफसरों को भी तलब किया। बता दें कि बस्ती वालों ने इस संबंध में जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने शासन से जवाब मांगा है। चार हफ्ते बाद अगली सुनवाई होगी।

कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला का कहना है कि मोती नगर बस्ती वालों का विस्थापन किया जाना चाहिए। याचिका पर हाईकोर्ट ने मोती नगर के मकानों को तोड़ने पर फिलहाल यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को टाइम लिमिट बैठक में कलेक्टर ने एमपी नगर एसडीएम लक्ष्मीकांत खरे से बस्ती के संबंध में जानकारी भी ली।

■ 9 फरवरी को तोड़ी थीं 110 दुकानें

### पहले 110 दुकानें तोड़ी जा चुकी

सुभाष नगर ब्रिज की थर्ड लेन और रेलवे की चौथी लाइन के लिए यहां के 384 मकान और 110 दुकानों को तोड़ा जाना है। नौ फरवरी को दुकानें हटा दी गई थीं। प्रशासन ने करीब 5 घंटे में दुकानें हटा दी थी। वहीं, 24-25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट होने के बाद मकानों को भी तोड़ा जाना था, लेकिन इससे पहले ही 4 सप्ताह का स्टे दे दिया गया है। ऐसे में अब मकानों को हटाने की कार्रवाई आगे बढ़ जाएगी।

### वार्ड-49 में हटाया अतिक्रमण

इधर, नगर निगम ने जोन-10 के वार्ड नंबर-49 से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। सरकारी जमीन पर भू-माफियाओं ने अवैध गुमठियां रखकर स्थायी निर्माण कर रखा था। इसे लेकर सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें भी की गई थीं। इसके बाद अतिक्रमण अधिकारी सृष्टि भदौरिया की मौजूदगी में 7 गुमठियों को हटाने की कार्रवाई की गई।

---

### 36 कलस्टर की 78 पंचायतें बनेंगी मॉडल

# सड़कों पर नहीं फैलेगा नालियों का पानी, कचरे से होगी आमदनी



**नवागत जिला पंचायत सीईओ ने देखे पंचायतों के हाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गांवों में नालियों का पानी सड़कों पर नहीं बहना चाहिए। इसके लिए अंडरग्राउंड सिस्टम हो, जिससे गांव के वॉटर लेबल को बढ़ाया जा सके। गांव से निकलने वाला गीला, सूखा कचरा भी अलग अलग एकत्रित किया जाना चाहिए। जिससे पंचायत की भी आमदनी होगी।

यह बात सोमवार को नवागत जिपं सीईओ इला तिवारी ने हर्राखेड़ा में स्वच्छ भारत अभियान के तहत किए जा रहे कामों को देखकर कही। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में कचरा निष्पादन का काम गंभीरता से किया जाए। जहां काम नहीं हो रहा है, वहां शुरू किया जाए।

सीईओ ने बताया कि जिले की 222 पंचायतों के 36 कलस्टर बनाए गए हैं, जिसमें से प्रत्येक कलस्टर की तीन-तीन पंचायतों को मॉडल बनाया जाएगा। जहां पर ग्राउंड वॉटर, स्वच्छता, गौशाला, सड़कें और पानी सप्लाई की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने सोमवार को ईंटखेड़ी सड़क स्थित एमआरएफ सेंटर के साथ-साथ विकासखंड बैरसिया की कई पंचायतों का निरीक्षण कर जायजा लिया। बैरसिया विकासखंड की ग्राम पंचायत रुनाहा, बर्री छीरखेड़ा, हर्राखेड़ा में गौशाला, प्रधानमंत्री आवास और स्वच्छ भारत मिशन के कामों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एपीओ संदीप श्रीवास्तव सहित सहायक यंत्री, उपयंत्री उपस्थित रहे।

---

**आठ मार्च तक चलेगी प्रक्रिया नहीं हुई 80% दुकानों की नीलामी**

# आज से होंगे शराब दुकानों के नए टैंडर, 8 को होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले में 35 समूहों की 87 शराब दुकानों के लिए नये सिरे से ई-टेंडर बुलाए जाएंगे। जिसके तहत मंगलवार से 8 मार्च को दोपहर 12 बजे तक शराब दुकानदारों ने टैंडर बुलवाए गए हैं, जिसके बाद दोपहर ढाई बजे से शाम पांच बजे के बीच नीलामी होगी। दरअसल, 80% दुकानों के समूह गुरुवार को नीलाम नहीं हो सके थे, जिसकी वजह से रिन्यूवल और लाटरी की प्रक्रिया को निरस्त कर दिया था।

आबकारी विभाग को 19 समूहों में बंटी 49 दुकानों के आवेदन पहले ही मिल गए थे। वर्तमान ठेकेदारों ने ही इन दुकानों को 20% अधिक दाम पर लेने का आवेदन दिया था। गुरुवार को शेष 16 समूहों की 38 दुकानों की लाटरी से नीलामी होनी थी। लॉटरी खोली गई, तो 16 में से केवल 6 समूहों के लिए 10 आवेदन मिले। विभाग को 19 समूहों के नवीनीकरण से 607 करोड़ और 6 समूहों की नीलामी के आवेदन से केवल 175.85 करोड़ के प्रस्ताव मिले। इस तरह केवल 25 समूहों के लिए 782 करोड़ के प्रस्ताव आए, जो कि तय राजस्व 1073 करोड़ रुपए का 80 प्रतिशत भी नहीं थे। इस वजह से नवीनीकरण और लाटरी की प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है। अब नए सिरे से 35 समूहों की 87 दुकानों को नीलाम करने की कार्रवाई शुरू होगी।

### इन समूहों के लिए नहीं आया एक भी आवेदन

इन शराब दुकान समूह के लिए अब तक एक भी आवेदन नहीं आया है। इनमें अरेरा कालोनी, आरएस मार्केट, सीहोर नाका, पीएंडटी चौराहा, बस स्टैंड, लालघाटी, बैरागढ़, हमीदिया रोड, बैरसिया, बिलखिरिया शामिल हैं।

### नए सिरे से होंगे आवेदन

शराब दुकानों को नीलाम करने की प्रक्रिया अब नए सिरे से शुरू की जाएगी। यह प्रक्रिया चार मार्च से शुरू होकर आठ मार्च तक चलेगी, जिसके टेंडर भरे जाएंगे। इन्हीं के आधार पर नीलामी प्रक्रिया शुरू होगी।

**एचएस गोयल,** जिला आबकारी कंट्रोलर

---

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई सुनवाई**

# सौरभ, चेतन और शरद की न्यायिक रिमांड 14 दिन बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिला अदालत की स्पेशल लोकायुक्त कोर्ट ने सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल की ज्यूडिशि?ल रिमांड 14 दिन बढ़ा दी है। अब तीनों 14 मार्च तक ज्यूडिशिल रिमांड पर जेंल में बंद रहेंगे।

विगत 17 फरवरी को ईडी की पूछताछ खत्म होने के बाद तीनों को दो सप्ताह की ज्यूडिशियल रिमांड पर 3 मार्च तक के लिए सेंट्रल जेल भेज दिया गया था। सोमवार को यह अवधि खत्म होने पर इस मामले की सुनवाई हुई जिसमें अदालत ने तीनों की ज्याडिशियल रिमांड की अवधि को दो सप्ताह के लिए बढ़ा दिया।



विशेष लोकायुक्त अभियोजक विवेक गौर ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई सुनवाई में अदालत ने न्यायिक रिमांड की अवधि को 14 दिनों के लिए बढ़ाते हुए तीनों को 17 मार्च तक सेंट्रल जेल में बंद रख? का फैसला सुनाया।

इधर, सौरभ और उसके साथियों से आयकर विभाग की पूछताछ पिछले दो दिनों से बंद है। रविवार के बाद सोमवार को भी आयकर विभाग की टीम पूछताछ के लिए सेंट्रल जेल नहीं पहुंची। पिछले सोमवार से शुक्रवार तक आयकर विभाग की टीम ने केवल सौरभ शर्मा से ही सवाल किए थे, जबकि शनिवार को टीम ने केवल शरद जायसवाल से पूछताछ की थी। रिमांड बढ़ने के कारण इनकम टैक्स डिपार्टमेंट अब मंगलवार से फिर पूछताछ शुरू कर सकता है। आयकर विभाग के अभी टेतन सिंह गौर के अलावा तीनों आरोपियों को आमने-सामने बिठाकर भी पूछताछ करनी है।

---

### जनवरी 2024 में करीब 2 लाख 54 हजार 100 पासपोर्ट जारी किए गए थे

# आवेदन प्रक्रिया के सरलीकरण होने से बढ़ गए पासपोर्ट के आवेदक, अपॉइंटमेंट स्लॉट 1500 से बढ़ाकर 2200 किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में पासपोर्ट बनवाने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है। नए साल के शुरुआती दो माह में करीब 22 हजार से अधिक पासपोर्ट जारी किए गए, तो वहीं पिछले साल जनवरी 2024 में करीब 2 लाख 54 हजार 100 पासपोर्ट जारी किए गए थे, जो कि पिछले कुछ सालों के हिसाब से सर्वाधिक आंकड़ा था। तो वहीं साल 2023 की तुलना में इस बार पासपोर्ट जारी होने में 9 फीसदी की वृद्धि हुई है। 2023 में 2 लाख 36 हजार 296 पासपोर्ट बने थे।

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शीतांशु चौरसिया के अनुसार इस साल महिलाओं के पासपोर्ट बनवाने में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, हालांकि पुरुषों के मुकाबले यह आंकड़ा अभी भी कम है। 68% पासपोर्ट ईसीएनआर (इमिग्रेशन चेक नॉट रिक्वायर्ड) कैटेगरी में बने हैं। यह शिक्षित वर्ग के लोगों के लिए होते हैं।

**महिलाओं के पासपोर्ट बनवाने में हुई 9 प्रतिशत की वृद्धि**




### पुलिस वेरिफिकेशन भी आसान और तेज हुआ

पहले हर दिन 1500 टाइम स्लॉट उपलब्ध थे, जिसे बढ़ाकर अब 2200 कर दिया गया है। इससे आवेदकों को दो-तीन दिन के भीतर ही स्लॉट मिल जाता है, जिससे वे अपनी सुविधा के अनुसार प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके अलावा, पुलिस वेरिफिकेशन भी आसान और तेज हुआ है, जिससे पासपोर्ट बनवाने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है।


### पासपोर्ट सेवा केंद्रों का विस्तार खास वजह

पासपोर्ट की बढ़ती संख्या के पीछे आवेदन प्रक्रिया का सरलीकरण और सेवा केंद्रों का विस्तार खास वजह है। चौरसिया ने बताया कि प्रदेश में 22 पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र और भोपाल व इंदौर में नया पासपोर्ट सेवा केंद्र खुलने से आवेदन में तेजी आई है। इसके अलावा एक बैक ऑफिस भी है।

**सामान्य और री-इश्यू कैटेगरी में बढ़ोतरी**

सामान्य और फ्रेश पासपोर्ट की श्रेणी में 1 लाख 69 हजार 100 पासपोर्ट बने हैं। वहीं, तत्काल, रिइश्यू, डैमेज सहित अन्य कैटेगरी में 90 हजार पासपोर्ट जारी हुए हैं, जो पिछले साल कीतुलना में 10 हजार अधिक हैं।

# 38 की उम्र में 138 करोड़ की मालकिन



**मुंबई।** श्रद्धा कपूर की नेटवर्थ 130 करोड़ रुपए है। अभिनेत्री के पास कई लग्जरी कारों का कलेक्शन भी है, जिसमें 'ऑडी क्यू7', 'मर्सिडीज बेंज जीएलई' और 1.50 करोड़ रुपए की 'बीएमडब्ल्यू 7' सीरीज शामिल है। साल 2024 श्रद्धा के अब तक के फिल्मी कॅरियर का सबसे शानदार साल रहा। वह साल की सबसे बड़ी हिट हीरोइन बनकर उभरीं। 'स्त्री 2' ने बॉक्स ऑफिस पर कई सारी बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म ने भारत में बॉक्स ऑफिस से 597.99 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इसी साल अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर भारत के पीएम नरेंद्र मोदी से ज्यादा फॉलोअर्स अर्जित कर अपने नाम यह रिकॉर्ड भी दर्ज करा लिया। अभिनेत्री ने अपने 14 साल के कॅरियर में कई तरह के किरदार निभाए हैं। आशिकी 2 से लेकर स्त्री तक अलग-अलग तरह के किरदारों में खुद को ढाला। श्रद्धा ने साल 2010 में 'तीन पत्ती' से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। उनकी डेब्यू फिल्म फ्लॉप रही। अभिनेत्री को 2013 में रिलीज हुई फिल्म रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म 'आशिकी 2' ने फिल्मी दुनिया से लेकर आम लोगों के बीच तक मशहूर कर दिया। यह फिल्म सुपरहिट रही।

# बेटी के सपने को सच करते दिखे अभिषेक



**मुंबई।** डांस मास्टर और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा के निर्देशन में बनी फिल्म 'बी हैप्पी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म का ट्रेलर काफी प्रभावित करने वाला नजर आ रहा है, जिसमें एक बच्ची के डांस के सपनों के संघर्षों की कहानी दिखाई गई है। फिल्म में अभिषेक बच्चन और नोरा फतेही मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी एक बच्ची के आस-पास घूमती है, जो डांसर बनना चाहती है। अभिषेक बच्चन बच्ची के पिता के रूप में नजर आते हैं, जो उसका सपना सच करने की कोशिश करते हैं। इसके लिए अभिनेता डांस भी सीखते हैं। फिल्म का निर्देशन रेमो ने किया है। 'बी हैप्पी' फिल्म का ट्रेलर अभिषेक ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है। पोस्ट ट्वीट करते समय एक्टर ने लिखा कि कभी-कभी सपनों को पूरा करने के लिए दो लोगों की जरूरत पड़ती है। डांस के दीवानों को यह फिल्म बहुत पसंद आ सकती है। यह फिल्म 14 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर प्रीमियर की जाएगी।

## जैकेट का शेष

### निवेश प्रस्तावों के...

कर उनका विभागवार वर्गीकरण किया जाएगा। संबंधित विभाग निवेश राशि के आधार पर क्षेत्रीय कार्यालय, मुख्यालय और विभाग स्तर पर प्रस्तावों का फॉलोअप करेंगे। प्रत्येक विभाग में रिलेशनशिप मैनेजर की नियुक्ति की जाएगी। फॉलोअप के लिए मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग की पुख्ता व्यवस्था की गई है। संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव प्रति सप्ताह प्रगति की समीक्षा कर मुख्य सचिव को रिपोर्ट देंगे। इसके साथ ही मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री स्तर पर भी निश्चित अंतराल पर मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है।

### खुली जीप में की...

में कहा कि पिछले दशक में बाघों, तेंदुओं और गेंडों की आबादी में भी वृद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि हम वन्यजीवों को कितना महत्व देते हैं और जानवरों के लिए स्थायी आवास बनाने के लिए काम कर रहे हैं। इससे पहले की एक्स पोस्ट में पीएम मोदी के कैमरे का कमाल भी दिखा, जिसमें शेर परिवार बड़े शान से आराम फरमाता और शांत बैठा दिखा। पीएम ने पोस्ट में लिखा- 'गिर में शेर और शेरनियां! सुबह मैंने फोटोग्राफी में हाथ आजमाया।' केंद्र सरकार ने एशियाई शेरों के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट लॉयन के तहत 2900 करोड़ रुपए से अधिक की राशि मंजूर की है। ये शेर सिर्फ गुजरात में ही रहते हैं, इन शेरों को एकमात्र निवास स्थान गुजरात है। एशियाई शेर गुजरात के 9 जिलों के 53 तालुकाओं में लगभग 30 हजार वर्ग किलोमीटर में निवास करते हैं।

### आकाश के बयान ...

उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी लेकिन इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लंबी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है वह उसके पछतावे व राजनीतिक मैच्युरिटी का नहीं बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है, जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दंडित भी करती रही हूं। अतः डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्मसम्मान व स्वाभिमान मूवमेंट के हित में तथा कांशीराम की अनुशासन की परंपरा को निभाते हुए आकाश आनंद को, उनके ससुर की तरह, पार्टी व मूवमेंट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

गौरीशंकर कौशल आवासीय परिसर
रखरखाव समिति मर्यादित भोपाल
(पंजीयन क्रमांक डी-आर.बी. 1142, दिनांक 29.05.2020)
आवश्यकता- हाउसकीपिंग एजेंसी
नोट समस्त डॉक्यूमेंट बंद लिफाफे में दिनांक 8/3/25 को समिति कार्यालय में जमा करे साक्षात्कार– 9/3/25 समय –11बजे से 1बजे तक संपर्क– 07552995773
टेंडर-सी सी टी वी कैमरा एवं बूम बेरियर
1. कैमरा संख्या 40, 2. बूम बैरियर संख्या 2
नोट: 40 cctv cp plus 2mp silver Model IP camra (Include minimum 2 year service and warranty)
कृप्या कोटेशन 8/3/25 तक समिति कार्यालय में जमा करे
2.समिति गेट की सुरक्षा हेतु, संख्या– 2, बूम बैरियर 20 फीट
पता - गौरी शंकर कौशल आवासीय परिसर
BDA कालोनी बर्रई कटरा हिल्स भोपाल

### सुप्रीम कोर्ट ने शो...

अनुमति दे दी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अगले आदेश तक इलाहाबादिया को दी की गई गिरफ्तारी से संरक्षण की अवधि बढ़ा दी है। शीर्ष अदालत ने उसे गुवाहाटी में जांच में शामिल होने के लिए कहा है। असम पुलिस और मुंबई पुलिस कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' पर रणवीर इलाहाबादिया की विवादास्पद टिप्पणी की जांच कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रणवीर इलाहाबादिया पर अपने ऑनलाइन शो प्रसारित करने पर प्रतिबंध हटा दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिया कि उनके शो शालीनता और नैतिकता के मानकों को बनाए रखेंगे। 18 फरवरी के अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबादिया पर महाराष्ट्र, राजस्थान और असम पुलिस द्वारा उनकी अश्लील टिप्पणियों पर दर्ज एफआईआर में गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण के लिए कोई भी शो प्रसारित न करने की शर्त लगाई थी।

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
जोन क्र. 12, वार्ड क्र. 44 दुकान किराया नामांतरण विज्ञप्ति
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न दुकान किराया प्रकरण अभिलेखो में नाम परिवर्तन की कार्यवाही की जा रही है किसी भी व्यक्ति को नामांतरण पर आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर जोन क्रमांक 12 कार्यालय वार्ड क्रं. 44 ओल्ड सुभाष नगर में प्रमाणित अभिलेखो के साथ प्रस्तुत करें निर्धारित समयावधि के बाद आपत्ति मान्य नही होगी ।

| क्र. | खाता क्रं. | वर्तमान दुकान स्वामी का नाम | आवेदक जिसके नाम नामांतरण किया जाना है | पता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | L000003401 | हबीब नजर पिता मो. युसुफ | श्री ललित ग्यामलानी पिता धनराज ग्यामलानी | दुकान नं. 08 पुराना सुभाष नगर भोपाल | विक्रय अनुबंध पत्र |

उक्त समय अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी और नियमानुसार नामांतरण कर दिया जावेगा ।
वार्ड प्रभारी, वार्ड क्रं. 44, नगर निगम भोपाल
जोनल अधिकारी, जोन क्र. 12, नगर निगम भोपाल
सू.क्र. 1409/024/025

### तेज धूप का असर...

शुक्ला के अनुसार दो से तीन दिन में हवाएं उत्तरी होने से तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट होगी। अभी पश्चिमी विक्षोभ हिमालय क्षेत्र में सक्रिय होने से प्रदेश में मिलीजुली हवाओं का असर बना हुआ है, जिससे तापमान में बदलाव हो रहा है। सोमवार को पांच जिलों में रात का पारा 14 डिग्री से नीचे रहा है। इनमें शाजापुर 11.3, अशोकनगर 11.6, पचमढ़ी 12.1, ग्वालियर 13 और मंडला में न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री रहा है।

**पांच जिलों में दिन सबसे गर्म:** सिवनी 35.8, खंडवा 35.5, खरगौन 35.4, रतलाम 35 डिग्री के साथ ही नरसिंहपुर में दिन का पारा 34.4 डिग्री रहने से पांच जिले प्रदेश में सबसे गर्म दर्ज किए गए हैं।

## पेज एक का शेष

### स्कूली छात्रों के ...

रखी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने दिशा-निर्देश जारी किए जो स्कूली छात्रों को स्मार्टफोन के उपयोग की अनुमति देने के लाभकारी और हानिकारक प्रभावों को संतुलित करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में काम करेंगे। न्यायालय ने कहा कि स्कूलों को छात्रों को जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार, डिजिटल शिष्टाचार और स्मार्टफोन के नैतिक उपयोग के बारे में शिक्षित करना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि छात्रों को यह भी सलाह दी जानी चाहिए कि स्क्रीन-टाइम और सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से चिंतित रहने, एकाग्रता कम होने और इंटरनेट पर डराने धमकाने की घटनाएं हो सकती हैं।

### मप्र निर्वाचन आयोग ...

एवं अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने प्रेजेंटेशन दिया। मप्र के पेंच नेशनल पार्क सिवनी में देश भर के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31 वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित हो रही है। एमओयू के तहत मप्र राज्य निर्वाचन आयोग जम्मू और कश्मीर में होने वाले आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में 7 हजार ईवीएम और अन्य उपकरण उपलब्ध कराने के साथ ही पोलिंग स्टाफ को ट्रेनिंग भी दिलाएगा। इसके साथ ही मप्र में किए गए नवाचारों को जम्मू और कश्मीर में लागू करवाने के लिए प्रयास करेगा। साथ ही पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित बूथों पर पेपरलेस बूथ की प्रक्रिया अपनाने में मदद करेगा। मप्र के राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव की मौजूदगी में हुए एमओयू में सचिव मप्र राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह और सचिव जम्मू एवं कश्मीर राज्य निर्वाचन आयोग सुशील कुमार ने हस्ताक्षर किए।

### निर्वाचन आयुक्तों के ...

भी दिया। वर्कली विश्वविद्यालय कैलिफोर्निया के रिसर्च स्कालर प्रणव गुप्ता और अनस्तुभ अग्निहोत्री ने स्थानीय निर्वाचन में रिसर्च करने के संबध में प्रेजेंटेशन दिया।

### रोहित को टीम ...

है, वह सही है। रोहित शर्मा को टीम में होना ही नहीं चाहिए। इससे पहले रोहित पर टिप्पणी पर शमा मोहम्मद ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि यह एक खिलाड़ी की फिटनेस के बारे में एक सामान्य ट्वीट था। यह बॉडी शेमिंग नहीं था। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि एक खिलाड़ी को फिट रहना चाहिए और मुझे लगा कि उसका वजन थोड़ा ज्यादा है, इसलिए मैंने बस उसके बारे में ट्वीट किया। मुझ पर बिना किसी कारण के हमला किया गया। जब मैंने पिछले कप्तानों से उनकी तुलना की, तो मैंने एक बयान दिया। मुझे अधिकार है। कहने में क्या गलत है? यह लोकतंत्र है।

### कहा- 90 चुनाव ...

दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह बहुत शर्मनाक है कि कांग्रेस की एक आधिकारिक प्रवक्ता इस तरह का बयान दे रही है। यह कांग्रेस का बयान है। उन्हें लगता है कि केवल एक ही व्यक्ति हर चीज के लिए उपयुक्त है और वह हैं राहुल गांधी। वे देश के इतने खिलाफ हो चुके हैं कि आज हमारे देश के क्रिकेट कप्तान के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### अयोध्या में राम...

संपर्क में था और उसे अयोध्या के राम मंदिर पर आतंकी हमले के लिए तैयार किया गया था। जांच में खुलासा हुआ है कि रहमान कई कट्टरपंथी जमातों से जुड़ा हुआ था और फैजाबाद में एक मटन शॉप चलाता था। राममंदिर निर्माण के बाद पाकिस्तान आईएसआई ने भारत में बड़ी आतंकी साजिश रचने की योजना बनाई थी, जिसमें अयोध्या स्थित राम मंदिर को निशाना बनाने का प्लान था। इस गिरफ्तारी के बाद अयोध्या समेत देशभर के संवेदनशील धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और अधिक कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने यह भी साफ किया है कि आतंकियों के मंसूबों को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा और इस पूरे नेटवर्क का जल्द ही भंडाफोड़ किया जाएगा।

### राम मंदिर की...

गहन पूछताछ कर रही हैं। उसके मोबाइल और अन्य बरामद सामग्रियों की जांच की जा रही है ताकि उसके बाकी नेटवर्क का पता लगाया जा सके। सुरक्षा एजेंसियां अब यह भी खंगाल रही हैं कि इस साजिश में और कौन-कौन लोग शामिल थे और क्या कोई स्थानीय मददगार भी इसमें शामिल था।

### पहले कहता था ...

चेताया कि अगर जनसंख्या के आधार पर संसदीय सीटों का परिसीमन होता है तो इसका तमिलनाडु को नुकसान हो सकता है। स्टालिन ने परिसीमन के मुद्दे पर 5 मार्च को सभी पार्टियों की बैठक बुलाई है। सीएम ने सभी राजनीतिक दलों से आपसी मतभेद भुलाकर बैठक में शामिल होने की अपील की और कहा कि परिसीमन का मुद्दा तमिलनाडु के लिए बेहद अहम है। सीएम ने कहा कि तमिलनाडु दो अहम चुनौतियों से जूझ रहा है। इनमें से एक है भाषा की लड़ाई, जो हमारी जीवनरेखा है। वहीं दूसरी लड़ाई है परिसीमन की, जो हमारा अधिकार है। गौरतलब है कि साल 2026 से परिसीमन की प्रक्रिया शुरू होगी। अगर परिसीमन जनसंख्या के आधार पर हुआ तो इससे दक्षिण के राज्यों में लोकसभा सीटें घट सकती हैं और उत्तरी राज्यों में सीटें बढ़ सकती हैं। इसका दक्षिण के राज्य विरोध कर रहे हैं।

### हर्षा बोलीं- मेरे ...

ऑनलाइन उत्पीड़न का शिकार हो रही हैं। ऐसे लोगों को सजा मिलनी चाहिए। साइबर थाने में दर्ज कराई शिकायत में हर्षा ने कहा कि मेरे नाम से फर्जी अश्लील वीडियो बनाए जा रहे हैं। उन्होंने लगभग 55 ऐसे फर्जी अकाउंट्स की जानकारी दी। इंस्टाग्राम पर हर्षा के 18 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

**पिछल्ले दिनों दी थी सुसाइड की धमकी**: पिछल्ले दिनों आपत्तिजनक कमेंटस से परेशान होकर हर्षा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर आत्महत्या करने की धमकी भी दी थी। हर्षा ने कहा था कि मेरे करीबी लोगों ने ही यह काम किया है। मैं सुसाइड नोट में उन सभी लोगों का नाम लिखकर जाऊंगी। इंस्टाग्राम पर उनके 18 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

### कंटेट हटाने से पहले ...

नियम 16 को रद्द करने की याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा। इसके साथ ही पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी किया। बता दें कि याचिकाकर्ता ने सॉफ्टवेटर फ्रीडम लॉ सेंटर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने कहा कि सूचना के स्त्रोत को कोई नोटिस नहीं दिया गया और केवल एक्स जैसे प्लेटफॉर्म को ही नोटिस भेजा गया। उन्होंने इस दौरान कहा कि चुनौती यह नहीं है कि सरकार के पास सूचना हटाने का अधिकार नहीं है, बल्कि सूचना हटाते समय उस व्यक्ति को नोटिस दिया जाना चाहिए जिसने उस सूचना को सार्वजनिक डोमेन में डाला है।

### अनोरा एक सेक्स...

अक्टूबर में सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। इस फिल्म ने दुनियाभर में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 15 मिलियन डॉलर कमाया था, जबकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन 40 मिलियन डॉलर था। सीन पहले ऐसे डायरेक्टर बने हैं जिन्होंने एक ही फिल्म के लिए उसी साल में 4 ऑस्कर जीते हैं। उन्होंने बेस्ट पिक्चर, डायरेक्टर, ऑरिजनल स्क्रीनप्ले, एडिटिंग का अवॉर्ड जीता। फिल्म 'अनोरा' की कहानी एक सेक्स वर्कर आनी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ब्रुकलिन में रहती है। उसे अपनी जिंदगी में काफी स्ट्रगल करना पड़ रहा है। एक दिन आनी की मुलाकात अमीर रूसी लड़के से होती है। इस दौरान दोनों में दोस्ती होती है और फिर वह दोस्ती प्यार में बदल जाती है। आनी उस रूसी लड़के से शादी कर लेती है। जब लड़के की फैमिली को पता चलता है कि उनके बेटे ने सेक्स वर्कर से शादी की है, तो वह शादी रद्द कराने के लिए उतावले हो जाते हैं।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

नाम परिवर्तन
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम AZRA KHATOON W/O MOHMMAD ABDUL WALI था। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर AZRA WALI W/O MOHMMAD ABDUL WALI हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी नए नाम AZRA WALI से ही जाना/ पहचाना जावें। ADDRESS : 15/4, HAJ HOUSE ROAD, RAHUL FARMS, SINGARCHOLI, AIRPORT ROAD, BHOPAL, MADHYA PRADESH

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/-
साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-14/02/25 to 18/4/25- not-fab, 16,23,26 not= march-2,9,14,16,23,30,31, April- 6,10,13,14

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन:** मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5796



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी,रजा-4
3. वध,आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल,अनूठा-3
8. अनाथ,बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार,सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में,दौरान-3
24. खुश,आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना,परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना,मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना,वचन तोड़ना-4
7. फिजूल,व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग,गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश,मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

### शब्द पहेली -5795 का हल



## सूडोकु नवताल - 5806

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5805 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## लोहा व्यवसायियों का प्रतिनिधिमंडल सांसद शर्मा से मिला

# लोहा व्यवसाय से मिल रहा सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व, पर सुविधा कुछ नहीं मिली

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में पिछले तीन दशक से अधिक समय से भोपाल में लोहा मंडी स्थापना की मांग और जद्दोजहद में जुटे शहर के लोहा व्यापारियों की संस्था लोहा व्यवसायी एवं निर्माता संघ के अध्यक्ष बलदेव खेमानी के नेतृत्व में सोमवार को व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद आलोक शर्मा से मिला।

इस मौके पर अध्यक्ष बलदेव खेमानी, रिजवान भाई, नरेश चोटरानी, मुकेश पेशवानी, नारायण खेमानी ,अब्दुल अजीज, राहुल जैन आदि उपस्थित मौजूद। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को बताया कि लोहा मंडी को मास्टर प्लान प्रारूप 2047 में प्रस्तावित करने के विषय में चर्चा की और बताया कि संस्था 1996 से लोहा मंडी के लिए प्रयासरत है ।



### ट्रांसपोर्ट नगर के समीप प्रस्तावित किया जाना उचित होगा

अध्यक्ष बलदेव खेमानी ने मास्टर प्लान 2005, मास्टर प्लान प्रारूप 2021 एवं मास्टर प्लान प्रारूप 2031 का उल्लेख करते हुए बताया की सभी प्रारूपों में लोहा मंडी को मध्यक्षेत्र से ट्रांसपोर्ट नगर में स्थानांरित होना प्रस्तावित किया गया था। वर्तमान में भोपाल मास्टर प्लान प्लान प्रारूप 2047 में राजधानी को मेट्रोपोलियन सिटी के रूप में विकसित किया जाना है। ऐसे में लोहा मंडी को ट्रांसपोर्ट नगर के समीप प्रस्तावित किया जाना उचित होगा, जिससे नो एंट्री से परेशान लोहा व्यवसायी जो दिन-रात दुकानें खोलकर अपना व्यापार कर रहे है जो की मानवीय आधार पर भी सही नहीं है उन्हें राहत मिलेगी।

### यातायात में सुगमता आएगी

इससे शहर में भारी वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा व भारी वाहन के प्रवेश न होने से यातायात में भी सुगमता रहेगी। लोहा मंडी को यदि ट्रांसपोर्ट नगर के समीप प्रस्तावित किया जाता है तो शासन को इससे राजस्व में बल्कि व्यापारियों को अपने व्यापार में अभूतपूर्व वृद्धि करने का अवसर प्राप्त होगा।

### बिखरा-बिखरा है लोहे का कारोबार

*लोहा व्यवसाय से सरकार को करोड़ों का राजस्व मिलता है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। एक जगह लोहा मंडी बन जाने से व्यवसाय सुगम होने के साथ ही बेतरतीब जाम की परेशानी से आम जनता को निजात मिलेगी। राजधानी के एमपी नगर, जुमेराती, नीलबड़, होशंगाबाद रोड, लालघाटी, बैरागढ़, कबाड़खाना और रायसेन रोड क्षेत्रों में लोहे की दुकानें संचालित हो रही हैं। शहर में लोहे का कारोबार बिखरा-बिखरा सा है। तंग गलियों में संचालित लोहा दुकानों के कारण कई सारी दिक्कते हैं। जबकि प्रदेश के ही तीन शहरों इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर में व्यवस्थित लोहा मंडियां बन चुकी हैं। शहर के कई हिस्सों में बिखरी हुई लोहे की दुकानों को एक जगह लाने की कवायद पिछले 30 साल से चल रही है। इस बीच इंदौर में तीन, जबलपुर और ग्वालियर में दो-दो लोहा मंडी खुल चुकी हैं।*

### योजना सिर्फ कागजों में ही चल रही

*औद्योगिक क्षेत्र की तरह इन दुकानों को एक क्षेत्र में स्थापित करने की योजना सिर्फ कागजों में ही चल रही है। कई सालों की मांग के बाद वर्ष 2012 में कान्हासैया में लोहा मंडी के लिए जगह तय हुई थी। इसके लिए तत्कालीन कलेक्टर निशांत वरवड़े ने 350 दुकानों के लिए 100 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली थी। इसके आवंटन की प्रक्रिया के लिए प्रस्ताव मुख्य सचिव को भी भेजा गया था, लेकिन इस प्रस्ताव की फाइल सीएस ऑफिस और उद्योग विभाग के बीच घूमते हुए कहीं खो गई है।*

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने की पतंजलि विश्वविद्यालय के वैश्विक दृष्टिकोण की सराहना

# पतंजलि विश्वविद्यालय ने वार्षिक उत्सव 'अभ्युदय' की मेजबानी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बाबा रामदेव की पतंजलि को भविष्य का वैश्विक समाधान केंद्र बताते हुए स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में इसके बढ़ते प्रभाव पर जोर दिया। पतंजलि विश्वविद्यालय के वार्षिक उत्सव 'अभ्युदय' में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उन्होंने राष्ट्र निर्माण में संस्थान की भूमिका और भारत की ज्ञान परंपराओं में इसके योगदान की प्रशंसा की। प्रधान ने पतंजलि को केवल एक संगठन नहीं बल्कि भारतीय मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक आंदोलन बताया। उन्होंने योग गुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की योग और आयुर्वेद को पुनर्जीवित करने और उन्हें जन आंदोलन में बदलने के लिए सराहना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रामदेव और कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने प्रधान को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

मंत्री ने प्राचीन ज्ञान को आधुनिकता के साथ एकीकृत करने में पतंजलि के प्रयासों की सराहना की और देश भर में लोगों के लिए योग को सुलभ बनाने के लिए इसकी पहल का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि पतंजलि के काम के कारण यूनेस्को ने योग को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के हिस्से के रूप में मान्यता दी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधान ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से भारतीय शिक्षा के संरक्षण और संवर्धन में पतंजलि की भूमिका को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि पतंजलि जैसी संस्थाओं को भारतीय सभ्यता के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए पतंजलि विश्वविद्यालय को चुनना भारत को चुनने जैसा है।

बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने योग और आयुर्वेद को पुनर्जीवित कर जन आंदोलन में बदलाः प्रधान



**प्रधान ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से भारतीय शिक्षा के संरक्षण और संवर्धन में पतंजलि की भूमिका को स्वीकार किया**

### भारतीय परंपराओं की विश्वव्यापी स्वीकृति सनातन धर्म की होगी सच्ची विजय का प्रतीक

*कार्यक्रम के दौरान रामदेव ने पतंजलि विश्वविद्यालय को ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज से आगे एक वैश्विक संस्थान बनाने के अपने सपने को व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय परंपराओं की विश्वव्यापी स्वीकृति सनातन धर्म की सच्ची वैश्विक विजय का प्रतीक होगी। कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने स्वागत भाषण दिया तथा पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के माध्यम से विश्वविद्यालय के अनुसंधान और योगदान पर प्रकाश डाला। उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेते हुए अनुसंधान और विकास में पतंजलि की प्रगति की प्रशंसा की। 'अभ्युदय' के तहत खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक प्रदान किए गए तथा विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में भारतीय शिक्षण मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह, प्रो-चांसलर एवं महोत्सव संयोजक प्रोफेसर साध्वी देवप्रिया, प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर मयंक कुमार अग्रवाल, दूरस्थ शिक्षा निदेशक डॉ. सत्येंद्र मित्तल, रजिस्ट्रार आलोक कुमार सिंह, प्रॉक्टर स्वामी अर्शदेव, सहित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।*


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (श्री चक्रधर श्रीवास्तव) द्वारा (मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, शाखा-कोलार रोड, भोपाल, म.प्र.) से आवास ऋण प्राप्त करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। जिसमें सम्पत्ति मालिक श्री चक्रधर श्रीवास्तव आ. श्री महेश प्रसाद श्रीवास्तव, निवासी-म.नं.-07, बंजारी, दानिश कुंज-01, पोस्ट ऑफिस के पास, गेंहूँखेड़ा, भोपाल, म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य का एक किता आवासीय प्लाट नं.-D-2 जो कि फॉरच्यून, ग्रीनशायर ग्राम महावडिया कलां, तहसील कोलार (हुजूर), भोपाल, म.प्र. में स्थित है जो खसरा क्र-137, 139, 141/1, 142/1, 143/2, 143/3, 174, एक या एक से अधिक अंश भाग पर स्थित है, जिसका पटवारी हल्का नं.-31, नया हल्का न.-00008 में स्थित है, उक्त प्लाट का क्षेत्रफल 427.29 वर्गफीट अर्थात 39.71 वर्गमीटर है जो कि भोपाल नगर निगम सीमा के अंदर स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमाएँ निम्नानुसार है- दिशा पूर्व में -रास्ता, दिशा पश्चिम में -अन्य की सम्पत्ति, दिशा उत्तर में-प्लाट नं.-D-3, दिशा दक्षिण में -प्लाट नं.-D-1, है। यदि उक्त प्लाट पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अशासकीय, सहकारी सोसायटी, एवं अन्य कोई ऋण भार, दान, बंधक, अथवा उक्त प्लाट में कोई हित हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता या अभिकर्ता के माध्यम से मय दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करे। यदि उक्त निर्धारित समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। तथा मेरा पक्षकार द्वारा उक्त प्लाट पर आवास ऋण प्रदान कर दिया जावेगा। और ऐसी स्थिति में कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

भवदीय लक्ष्मीनारायण चौहान
कार्यालय पता चेम्बर नं.-213, उत्तमचंद इसराणी लॉयर्स चेम्बर, जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स भोपाल, म.प्र. मो. नं.-9826245514

### जाहिर सूचना

**भूमि खसरा क्रमांक-226/2 ग्राम भोज नगर, पटवारी हल्का नम्बर 06/27, तहसील कोलार, जिला भोपाल म.प्र. के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री विवेक लोधी आत्मज श्री रघुवीर सिंह लोधी, निवासी- 107, अमरावद कलां, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता भूमि खसरा क्रमांक-226/2 रकबा-0.400 हेक्टेयर में से (विवेक लोधी के हिस्से की ) रकबा 0.065 हेक्टेयर अर्थात 0.161 एकड़ अर्थात 7040 वर्गफीट, जो कि ग्राम भोज नगर, पटवारी हल्का नम्बर 06/27, राजस्व निरीक्षक मण्डल-3, विकास खण्ड फन्दा, तहसील -कोलार, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है, को क्रय करने हेतु टोकन राशि का भुगतान कर दिया गया है, यह कि उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या कहीं दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा, ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**भवदीय**
**(मयंक उपाध्याय, अधिवक्ता)**
**पता-यूजीएफ - 04, अलकनंदा काम्प्लेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल**
**मो. नं. 9826424040**


## बिजनेस न्यूज

### चौरसिया समाज का परिवार मिलन समारोह संपन्न




**कानपुर।** अखिल भारतीय चौरसिया समाज, कानपुर का परिवार मिलन समारोह व सामूहिक विवाह आज लाजपत भवन, मोतीशील, कानपुर में सम्पन्न हुआ। विगत 23 सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में लगभग 40 जोड़ों का विवाह सफलता पूर्व सम्पन्न कराया जा चुका है और इस 24वें परिवार मिलन समारोह में 25 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया, जिसमें दो जोड़े दिव्यांगों का भी विवाह सम्पन हुआ वे बहुत ही खुश नजर आ रहे थे। चौरसिया समाज के इस विवाह कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से पधारे हुये नेतागण, अधिकारीगण, व्यापारीगण व वरिष्ठ समाज सेवक चौरसिया बन्धुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेपी चौरसिया (आईआरएस) हमारे प्रेरणाओत स्व. राम नाथ चौरसिया जीए स्व. सुदामा देवी चौरसिया मुख्य संरक्षक कमला कान्त चौरसिया है। अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के पूर्व अध्यक्ष, मुख्य मार्गदर्शक एवं समाजसेवी आननंद कुमार चौरसिया ने समाज के सभी बुद्धिजीवियों का आह्वान करते हुए कहा कि इस अवसर का सदुपयोग हो एवं समाज के युवा को आत्मनिर्भर बनाने हेतु नये उपायों पर चर्चा हो।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने उठाए महिलाओं को सशक्त बनाने महत्वपूर्ण कदम

**भोपाल।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने भारतीय रिजर्व बैंक के 'वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025' के 10वें संस्करण का आयोजन किया। बैंक द्वारा 85 वित्तीय साक्षरता केंद्रों ने 364 वित्तीय साक्षरता शिविरों का आयोजन किया, जिसका ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 9,500 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। इन इंटरैक्टिव सत्रों के तहत गृहणियों के लिए वित्तीय योजना, महिला उद्यमियों के लिए ऋण सुविधा, जोखिम प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, सरकार की वित्तीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस वर्ष की थीम वित्तीय साक्षरताः समृद्ध नारी वित्तीय ज्ञान के माध्यम से महिलाओं सशक्तीकरण और उनकी आर्थिक स्वतंत्रता व सुरक्षा को मजबूत करने के महत्व को रेखांकित करती है। इस मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक लाल सिंह ने कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में वित्तीय साक्षरता एक महत्वपूर्ण साधन है। बैंक ऑफ बड़ौदा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रत्येक व्यक्ति-विशेष रूप से महिलाओं के पास सही वित्तीय निर्णय लेने के लिए आवश्यक ज्ञान और संसाधन उपलब्ध हों।

### नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ बैंक वर्कर्स की बैठक




**भोपाल।** नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ बैंक वर्कर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता रूपिका चौधरी ने की। बैठक संचालन सचिव रितेश शर्मा ने किया। इस मौके पर नेशनल ऑर्गेनाइजेशन का बैंक वर्कर्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों को आगामी 12 ,13 अप्रैल 2025 को वृंदावन में होने वाली कॉन्फ्रेंस के बारे में जानकारी दी गई और बैंक द्वारा समय-समय पर किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया। इस मौके पर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आने वाले कार्यक्रम में बढ़कर हिस्सा लेने के लिए लोगों को मोटिवेट करने का आह्वान किया गया। अंत में रूपिका चौधरी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, नगरीय पुलिस जिला भोपाल

कमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/156/25 — दिनांकः- 01/03/2025

// निविदा सूचना //

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार इस कार्यालय द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय अजाक एवं थाना अजाक परिसर में पुताई व अन्य मरम्मत कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुक्ल | अनुमानित व्यय राशि प्रतिवर्ष (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय अजाक एवं थाना अजाक परिसर में पुताई व अन्य मरम्मत | 2,000/- | 10,00,000/- | 30,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलित्त भोपाल म.प्र. के नाम से बेदसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 01/03/2025 के 17.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 01/03/2025 के 17.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 07/03/2025 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 08/03/2025 के 17.00 बजे |
| निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूप भोपाल |

G-23752/24 — " स्वच्छता ही सेवा " — पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस, भोपाल

## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, नगरीय पुलिस जिला भोपाल

कमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/159/25 — दिनांकः- 01/03/2025

// निविदा सूचना //

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार इस कार्यालय द्वारा पुलिस लाईन नेहरू नगर में स्थित क्रिकेट ग्राउण्ड में लेट/बाथ में मरम्मत कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुक्ल | अनुमानित व्यय राशि प्रतिवर्ष (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पुलिस लाईन नेहरू नगर में स्थित क्रिकेट ग्राउण्ड में लेट / बांथ में मरम्मत कार्य । | 1,000/- | 2,36,787/- | 7,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलित्त भोपाल म.प्र. के नाम से बेदसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 01/03/2025 के 18.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 01/03/2025 के 18.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 07/03/2025 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 08/03/2025 के 17.00 बजे |
| निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूप भोपाल |

G-23730/24 — " स्वच्छता ही सेवा " — पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस, भोपाल


## निसान मैग्नाइट कार का निर्यात आंकड़ा 50 हजार के पार पहुंचा

**गुरुग्राम।** निसान ने एलान किया कि नई निसान मैग्नाइट बीआर10 नैचुरली एस्पिरेटेड इंजन अब पूरी तरह के ई20 के अनुरूप है। इसी के साथ यह ज्यादा शक्तिशाली 1.0 लीटर एचआर10 टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन की बराबरी पर आ गया है, जिसे अगस्त, 2024 में ई20 के अनुरूप (ई-20 कंपैटिबल) बना दिया गया था। इस उपलब्धि के साथ अब नई निसान मैग्नाइट के सभी पावरट्रेन ऑप्शन ई20 के अनुरूप (ई20 कंपैटिबल) बन गए हैं। निसान मोटर इंडिया ने लॉन्चिंग के बाद से मैग्नाइट की 50,000 यूनिट्स का निर्यात करते हुए एक अहम पड़ाव भी पार कर लिया है। नई निसान मैग्नाइट ने भारत को कंपनी के लिए प्रमुख निर्यात हब के रूप में स्थापित करने की हालिया रणनीतिक घोषणा के तहत लॉन्चिंग के बाद से घरेलू एवं निर्यात बाजारों में अपनी होलसेल बिक्री को तेजी से बढ़ाया है।


## बैंक ऑफ़ इंडिया

आंचलिक कार्यालयः भोपाल अंचल बैंक ऑफ इंडिया भवन, जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन : 0755-2556770, 2555169
E-mail: bhopal.assetrecovery@bankofindia.co.in

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

### अचल संपत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **भौतिक /सांकेतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **25-03-2025** को **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि का विवरण निम्नानुसार है। नीलामी अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के वेबपोर्टल **http://BAANKNET.com** पर संपन्न होगी।

| ऋणी /जमानतदार का नाम मांग नोटिस, राशि दिनांक | बंधक रखी संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति के बंधककर्ता का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|
| **तात्या तोपे नगर शाखा, भोपाल, फोन : 9340868085, 9009704215 — Account to deposit auction sale proceeds- 900190200000033, IFSC- BKID0009001** | | |
| ऋणीः **श्री शिव कुमार सोनी एवं श्रीमती संगीता सोनी पत्नि श्री शिवकुमार सोनी**<br>मांग सूचना राशिः ₹ 20.60 लाख + दिनांक 04.08.2022 से ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 04.08.2022<br>कब्जा दिनांक : 20.10.2022 (सांकेतिक) | फ्लैट क्रमांक 507 स्थित पांचवी मंजिल, पार्क सिरिन ओरियन-1, नवाकार पार्क सेरेन, सिद्धि सैफरॉन के पास, खसरा क्रमांक 27 और 44, ग्राम- सनखेड़ी, दानिश कुंज के पीछे, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.) संपत्ति मालिक- श्री शिव कुमार सोनी और श्रीमती संगीता सोनी, क्षेत्रफलः 71.29 वर्गमीटर, डीड के अनुसार चर्तुसीमाएंः उत्तरः फ्लैट क्रमांक 508, दक्षिणः फ्लैट क्रमांक 506, पूर्वः कॉरिडोर, पश्चिमः सड़क और एम.ओ.एस. | ₹ 17,45,000/-<br>₹ 1,74,500/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः<br>**श्री चंद्र कुमार कुर्रे पुत्र श्री विष्णु प्रसाद कुर्रे**<br>वर्तमान बकाया राशिः ₹ 18.33 लाख + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 31.10.2019<br>कब्जा दिनांक : 04.02.2020 (सांकेतिक) | फ्लैट नं. 303, ब्लॉक-बी, तीसरी मंजिल, शशि हाई-टेक सिटी, केम्फोर्ट स्कूल के पास, ग्राम नयापुरा, कोलार रोड जिला- भोपाल (म.प्र.) संपत्ति मालिक- श्री चंद्र कुमार कुर्रे क्षेत्रफलः 59.47 वर्गमीटर चर्तुसीमाएंः उत्तरः अन्य भूमि, दक्षिणः पैसेज, पूर्वः फ्लैट नं. 304/बी, पश्चिमः फ्लैट नं. 302/बी | ₹ 9,50,000/-<br>₹ 95,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः **श्रीमती कुंदा लूटे पत्नि स्वर्गीय श्री दनराज लूटे**<br>मांग सूचना राशिः ₹ 13.74 लाख + दिनांक 28.09.2023 से ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 18.12.2023<br>सांकेतिक कब्जा | फ्लैट नं. 116, ब्लॉक-बी, पहली मंजिल, शशि हाई-टेक सिटी, केम्फोर्ट स्कूल के पास, ग्राम नयापुरा, कोलार रोड जिला- भोपाल (म.प्र.) संपत्ति मालिक- श्रीमती कुंदा लूटे क्षेत्रफलः 59.47 वर्गमीटर चर्तुसीमाएंः उत्तरः मार्ग, दक्षिणः नीचे सड़क, पूर्वः फ्लैट नं. 115/बी, पश्चिमः नीचे सड़क | ₹ 9,90,000/-<br>₹ 99,000/-<br>₹ 10,000/- |
| **मिसरोद शाखा, भोपाल, फोन : 9835355090, 7566969202 — Account to deposit auction sale proceeds- 903490200000033, IFSC- BKID0009034** | | |
| ऋणीः<br>**श्री धीरज झा पुत्र श्री रमेश चंद्र झा एवं सुश्री प्रीति झा पुत्री श्री लक्ष्मीनारायण झा**<br>मांग सूचना राशिः ₹ 10.89 लाख + दिनांक 31.10.2019 से ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>सांकेतिक कब्जा | फ्लैट नंबर एफ-04, प्रथम तल निर्मल माया अपार्टमेंट ए-2 प्लॉट नंबर 147, महावीर नगर, फेज-1, मंडीदीप, जिला रायसेन, भोपाल (म.प्र.) संपत्ति मालिक- श्री धीरज झा एवं सुश्री प्रीति झा, क्षेत्रफलः 67.27 वर्गमीटर डीड के अनुसार चर्तुसीमाएंः उत्तरः प्लॉट नंबर 146, दक्षिणः प्लॉट नंबर 148 (फ्लैट नंबर एफ-01), पूर्वः फ्लैट नंबर एफ-01, पश्चिमः कॉलोनी रोड | ₹ 8,88,000/-<br>₹ 89,000/-<br>₹ 10,000/- |
| **कोलार रोड शाखा, भोपाल, फोन : 7000411811, 9165827780 — Account to deposit auction sale proceeds- 903190200000033, IFSC- BKID0009031** | | |
| ऋणीः **श्रीमती निशा विश्वकर्मा पत्नि श्री सुधीर विश्वकर्मा**<br>मांग सूचना राशिः ₹ 20.04 लाख + दिनांक 30.07.2023 से ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 12.09.2023<br>कब्जा दिनांक : 23.08.2024 (सांकेतिक) | फ्लैट नंबर 411, चौथी मंजिल ब्लॉक-डी द होम्स अपार्टमेंट, ग्राम नरेला शंकरी, अयोध्या बायपास रोड, भोपाल, (म.प्र.) संपत्ति मालिक- श्रीमती निशा विश्वकर्मा, डीड के अनुसार चर्तुसीमाएंः उत्तरः गलियारा, दक्षिणः खुला आसमान, पूर्वः फ्लैट नंबर 410, पश्चिमः फ्लैट नंबर 412 | ₹ 17,70,000/-<br>₹ 1,77,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः<br>**सुश्री श्वेता परमार पुत्री श्री बी एल परमार**<br>मांग सूचना राशिः ₹ 29,75,692.00/- + दिनांक 26.03.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 28.03.2024<br>कब्जा दिनांक : 29.06.2024 (सांकेतिक) | अचल संपत्ति दो मंजिला मकान स्थितत प्लाट नं. 63-S(63-S/B) राजहर्ष कालोनी, जैन मंदिर के पास, राजहर्ष गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, ग्राम-अकबरपुर, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल-600 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- उत्तर- प्लाट नं. 58, दक्षिण- 25 फिट चौड़ी रोड, पूर्व- प्लाट नं. 64, पश्चिम- प्लाट नं. 63-S/A | ₹ 30.60 लाख<br>₹ 3.06 लाख<br>₹ 25,000/- |
| **अरेरा हिल्स शाखा, भोपाल, फोन : 6205098050, 9716311233 — Account to deposit auction sale proceeds- 900790200000033, IFSC- BKID0009007** | | |
| ऋणीः **श्री भरत चंदेल पुत्र श्री रेखराम चंदेल एवं श्रीमती मीनल चंदेल पत्नि श्री भरत चंदेल**<br>मांग सूचना राशिः ₹ 6.83 लाख + दिनांक 27.06.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 27.06.2024<br>कब्जा दिनांक : 27.08.2024 (सांकेतिक) | फ्लैट क्रमांक SF-11, द्वितीय तल, शीतल सिटी अपार्टमेंट, वार्ड क्रमांक 23, मंडीदीप, स्टेशन रोड, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन (म.प्र.) संपत्ति मालिक- श्री भरत चंदेल, क्षेत्रफलः 450 वर्गफीट, डीड के अनुसार चर्तुसीमाएंः उत्तरः गज्जू पिपलिया रोड नीचे, दक्षिणः शीतल सिटी कॉलोनी पूर्वः फ्लैट क्रमांक एसएफ-10, पश्चिमः शीतल सिटी कॉलोनी गेट | ₹ 7,65,000/-<br>₹ 76,500/-<br>₹ 10,000/- |
| **मंडीदीप शाखा, जिला-रायसेन फोन : 8770110415 — Account to deposit auction sale proceeds- 906290200000033, IFSC- BKID0009062** | | |
| ऋणीः<br>**श्री अमित भाटी पुत्र श्री अनिल भाटी**<br>मांग सूचना राशिः ₹ 9,81,484.40/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 02.08.2024<br>कब्जा दिनांक : 13.12.2024 (सांकेतिक) | बंधक रिहायशी संपत्ति स्थित फ्लैट क्रमांक एसएफ-04 (604), छठी मंजिल, एमआईजी ब्लॉक क्रमांक 1-ए, शीतल मेगा हाइट्स अपार्टमेंट, खसरा क्रमांक 177/3/1, 178/2 का भाग, शीतल मेगा सिटी फेज-III, ग्राम- पिपलिया गज्जू तहसील गोहरगंज, जिला- रायसेन, मकान क्रमांक 246, शीतल मेगा सिटी पीएच-01, (म.प्र.), प्लाट क्षेत्रफल- 51.30 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- **श्री अमित भाटी,** चर्तुसीमाएंः- पूर्व - कॉलोनी रोड, पश्चिम- कॉरिडोर और फ्लैट क्रमांक एस.एफ. 03, उत्तर- फ्लैट क्रमांक एस.एफ. - 05, दक्षिण- फ्लैट क्रमांक एस.एफ.-01 | ₹ 7,70,000/-<br>₹ 77,000/-<br>₹ 10,000/- |
| **गुलमोहर कालोनी शाखा, भोपाल फोन : 8305819840, 7999815499 — Account to deposit auction sale proceeds- 900990200000033, IFSC- BKID0009009** | | |
| ऋणीः **श्री वैंकटेश गणपथी**<br>मांग सूचना राशिः ₹ 37.17 लाख + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 27.06.2024<br>कब्जा दिनांक : 04.09.2024 (सांकेतिक) | फ्लैट नंबर 104, स्थित प्रथम तल पनाचे (ग्राम- पनाचे) फॉर्च्यून लैंडमार्क-III के बगल में, ग्राम-मिसरोद, भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफलः 88.75 वर्ग मीटर<br>चर्तुसीमाएंः उत्तरः फ्लैट नंबर 103, दक्षिणः फ्लैट नंबर 105, पूर्वः खुला, पश्चिमः गलियारा | ₹ 33.00 लाख<br>₹ 3.30 लाख<br>₹ 25,000/- |
| **चूना भट्टी शाखा, भोपाल फोन : 7987770854, 7030181534 — Account to deposit auction sale proceeds- 905290200000033, IFSC- BKID0009052** | | |
| ऋणीः **श्री करन यादव एवं श्रीमती अंजू यादव**<br>मांग सूचना राशिः ₹ 4.97 लाख + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 19.01.2024<br>कब्जा दिनांक : 04.09.2024 (सांकेतिक) | आवासीय फ्लैट नंबर एफ-4, वैष्णो एवेन्यू के प्रथम तल पर स्थित, प्लॉट नंबर 55 एवं 62, CLRR इंटरनेशनल स्कूल के पास, उद्योगपुरी कॉलोनी, दाहोद रोड, मंडीदीप जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफलः 37.17 वर्गमीटर चर्तुसीमाएंः उत्तरः फ्लैट नंबर एफ-3, दक्षिणः फ्लैट नंबर एफ-5, पूर्वः 30' चौड़ी सड़क, पश्चिमः फ्लैट नंबर एफ-22 और कॉमन कॉरिडोर | ₹ 06.01 लाख<br>₹ 0.60 लाख<br>₹ 10,000/- |
| **सचिवालय शाखा, भोपाल — Auction Sale Proceeds जमा कराने हेतु खाता क्र. 900590200000033 IFSC BKID0009005** | | |
| **ऋणीः श्री नीरज जॉन**<br>मांग सूचना राशि- ₹ 22,70,629.81 + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 12.05.2023<br>कब्जा दिनांक : 19.08.2023 | फ्लैट नं. बी-102, ब्लॉक-बी, प्रथम तल, ऑइकॉन मेरेडियन प्रियंका नगर के पास, ग्राम- गेहूँखेड़ा, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.) संपत्ति मालिक- श्री नीरज जॉन, क्षेत्रफल- 75.25 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- उत्तर- खुला, दक्षिण- फ्लैट नं. बी-101, पूर्व- सीढ़ी/लॉबी, पश्चिम- खुला | ₹ 14.70 लाख<br>₹ 1.47 लाख<br>₹ 0.10 लाख |
| **कृषि उपज मंडी शाखा, सीहोर, ई-मेलः KUMandi.bhopal@bankofindia.co.in — IFSC Code : BKID0009018, Account to Deposit auction sale Proceeds 901890200000033** | | |
| ऋणीः **श्री मोहम्मद हुसैन** पुत्र श्री अकबर अली, **श्री मुस्तफा हुसैन** पुत्र मोहम्मद हुसैन एवं **श्रीमती फातिमा हुसैन** पत्नि मोहम्मद हुसैन<br>मांग सूचना राशिः ₹ 43,83,727.00 +दिनांक 31-03-2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 05.08.2024<br>कब्जा दिनांक : 21.12.2024 | बंधक संपत्ति मकान स्थित खसरा नं. 376/2,377-659-375/2/4 (पुराना) 376/2/2/4,377,659/375/2/4 (नया), साहा बायो इंडस्ट्री के पास, श्यामपुर रोड, ग्राम-बिजोरी सीहोर, तहसील एवं जिला- सीहोर (म.प्र.) क्षेत्रफल : 2500.00 वर्गफीट<br>**चर्तुसीमाएंः** उत्तरः सड़क, दक्षिणः श्री मोहम्मद हुसैन की भूमि, पूर्वः सड़क, पश्चिमः श्री मोहम्मद हुसैन की भूमि | ₹ 50.00 लाख<br>₹ 5.00 लाख<br>₹ 10,000/- |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : दिनांक 25/03/2025 को सुबह 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक**

**ई-नीलामी की शर्ते :-**
(1) ई-नीलामी /बिडिंग "ऑन लाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग" के माध्यम से "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर वेबसाइट **http://BAANKNET.com** पर की जावेगी। इच्छुक निविदाकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व वेबसाइट में नियम एवं शर्तों की जानकारी प्राप्त करें।
(2) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **24.03.2025** को या उससे पहले सुबह 10 से सायं 5 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है।
(3) बिक्री की पुष्टि होने होने पर सफल खरीदार को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (जिसमे ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम शामिल हैं) तुरंत जमा करानी होगी एवं शेष 75 प्रतिशत राशि 15 दिन के अंदर ऊपर दिये गए शाखा के अकाउंट नंबर मे जमा करना होगा। निर्धारित समय सीमा मे राशि जमा न करने की स्थिति मे बोलिकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जायगी।
(4) बोली निर्धारित आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर शुरू होगी।
(5) यदि संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख (रुपये पचास लाख) या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
(6) सफल खरीददार को संपत्ति पर भुगतान की जाने वाली सांविधिक देयताएं/ असांविधिक देयताएं/ स्टाम्प ड्यूटी / अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/ ट्रांसफर शुल्क / सभी शुल्क / असेसमेंट चार्जेस / अन्य प्रभार जिसमें पंजीयन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, कर, लागू टीडीएस इत्यादि व्ययों का भुगतान करना होगा।
(7) प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी या सभी प्रस्ताव को आगे बढ़ाने / निरस्त अथवा ई-नीलामी की नियम एवं शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
(8) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त वर्णित दूरभाष क्र. पर संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क करें: अथवा अंचल कार्यालय, भोपाल फोन : 0755-2556770 / 2555169 से संपर्क करें।
नोट - यह नोटिस प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत ई-नीलामी आयोजित करने हेतु उक्त ऋणी / उधारकर्ता / जमानतदारों को 15 दिवसीय विक्रय सूचना भी है।

स्थान : भोपाल, दिनांक : 01.03.2025 — प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया

## चिंतन

# लोकतांत्रिक बाजार अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा एफटीए

तेजी से बदल रहे भू-राजनीतिक समीकरण के दौर में भारत और यूरोप के बीच बढ़ रही करीबी दोनों के हित में है। अभी भारत यूरोपीय संघ व ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को आगे बढ़ा रहा है। हाल में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने दो दिन की भारत यात्रा पर आईं। उनकी यात्रा पीएम नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा, अमेरिका के रेसिप्रोकल टैक्स के ऐलान के बाद और अमेरिका व यूक्रेन में बढ़ रही दूरी के बीच हुई है। यूरोप इस वक्त अमेरिका के बदल रहे रवैये को करीब से देख रहा है। यूं तो ईयू और ब्रिटेन के बीच एफटीए पर बातचीत बहुत पहले से हो रही है, लेकिन बदलते अमेरिकी जेस्चर के बाद इसमें प्रगति आई है। यूरोपीय संघ भारत को अधिक महत्व दे रहा है। इस वक्त दुनिया में कोई भी देश भारत के बाजार की अनदेखी नहीं कर सकता है। भारत-यूरोपीय संघ ने आपसी रणनीतिक साझेदारी को अधिक मजबूत करने और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर जैसी अत्यधिक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर व्यापक चर्चा की है। यूरोपीय संघ प्रमुख ने कहा कि जब हम यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक साझेदारी के तीसरे दशक में प्रवेश कर रहे हैं, तो एक बात स्पष्ट है, साथ मिलकर हम भविष्य को आकार दे सकते हैं और इस सदी की निर्णायक साझेदारियों में से एक बन सकते हैं। यूरोप के साथ चीन के अच्छे संबंध हैं, पर चीन भरोसेमंद नहीं है। चीन विनिर्माण क्षेत्र में एकाधिकार बढ़ा रहा है, यूरोप इससे सतर्क है। यूरोप भारत के साथ साझेदारी बढ़ा रहा है। रूस व यूक्रेन युद्ध के दौरान यूरोप के लिए भारत प्रमुख ऊर्जा व अनाज आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है। अनेक यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ फैक्टर भारतीय प्रतिभा व श्रम हैं। चीन बहुत ही सोच-विचार कर विनिर्माण क्षेत्र में एकाधिकार बढ़ा रहा है और वैश्विक अनिश्चितता का यह भी एक कारण है। यूरोप, ब्रिटेन समेत अन्य देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से लोकतांत्रिक बाजार अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। आज दुनिया में अनिश्चितता बढ़ गयी है। अमेरिका में रेसिप्रोकल शुल्क दरों की घोषणा के साथ चीन के कदम से भी अनिश्चितता बढ़ रही है। निजी निवेश वैश्विक स्तर पर जारी उथल-पुथल से जुड़ा है। लोग यह भूल गये हैं कि चीन में क्षमता बढ़ती जा रही है। बाजार अर्थव्यवस्था में जब क्षमता उपयोग कम होता है तो निवेश घटता है। यह फ्रांस, ब्रिटेन में देखा जा सकता है, लेकिन चीन में निवेश जारी है। इसका क्या मतलब है? वहां मांग उतनी ही है लेकिन निवेश बढ़ रहा है और क्षमता भी बढ़ रही है। चीन यह सयास कर रहा है। इसीलिए भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने समेत अन्य उपाय कर रहा है, एफटीए की दिशा में बढ़ रहा है। अमेरिका के साथ भी ट्रेड समझौते पर सहमति बनी है। हाल में अमेरिका ने जिस प्रकार से टैरिफ को लेकर आक्रामक रुख अपनाया है, उसके बाद से भारत समेत सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को अपने लिए नई राह खोजने की ओर अग्रसर भी होना पड़ा है। आज वैश्विक अर्थवयवस्था गुंथी हुई है, इसमें किसी का एकाधिकार दूसरे को नुकसान पहुंचा सकता है। भारत खुद को विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत कर रहा है, लेकिन इसके लिए नई पूंजी की भी आवश्यकता है। हाल के दशक में यूरोप सुस्ती के दौर से गुजर रहा है, वह भारत जैसी गतिशील अर्थव्यवस्था के साथ जुड़कर अपनी आर्थिकी को रफ्तार दे सकता है। भारत के लिए भी तकनीक व निवेश हासिल करने में मदद मिलेगी। इसलिए एफटीए इंडो-यूरोप दोनों के लिए फायदेमंद होगा।



## दो टूक

राज कुमार सिंह

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित वर्ष 2024 के लिए हाल ही में जारी भ्रष्ट देशों की सूची बताती है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत सपना ही बना हुआ है। इस सूची में शामिल 180 देशों में भ्रष्टाचार के मामले में भारत 38 अंकों के साथ 96 वें स्थान पर है, जबकि साल 2023 में भारत 39 अंकों के साथ 93 वें स्थान पर था। दरअसल जिस देश को सीपीआई में ज्यादा अंक मिलते हैं, वहां भ्रष्टाचार कम माना जाता है। घटते अंक ज्यादा भ्रष्टाचार का प्रमाण होते हैं, जिनके साथ-साथ सूचकांक में देश की रैंकिंग भी बढ़ती जाती है। हमारे देश में भ्रष्टाचार अकसर राजनीतिक मुद्दा बन कर रह जाता है, जबकि इसके खिलाफ एक्शन की जरूरत है।

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना अधूरा

भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के वायदे वफा होते नजर नहीं आते। दुनिया भर में भ्रष्टाचार के विरुद्ध काम करनेवाली गैर सरकारी संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की नयी रिपोर्ट बताती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिये गये नारे कि 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार बेलगाम है। कारोबारियों के साथ-साथ राजनेताओं और नौकरशाहों के यहां से भी छापों में भारी नकदी की बरामदगी का अर्थ यही है कि खाने-खिलाने का सिलसिला बंद तो नहीं हुआ है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित वर्ष 2024 के लिए हाल ही में जारी भ्रष्ट देशों की सूची बताती है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत सपना ही बना हुआ है। इस सूची में शामिल 180 देशों में भ्रष्टाचार के मामले में भारत 38 अंकों के साथ 96 वें स्थान पर है, जबकि साल 2023 में भारत 39 अंकों के साथ 93 वें स्थान पर था। दरअसल जिस देश को सीपीआई में ज्यादा अंक मिलते हैं, वहां भ्रष्टाचार कम माना जाता है। घटते अंक ज्यादा भ्रष्टाचार का प्रमाण होते हैं, जिनके साथ-साथ सूचकांक में देश की रैंकिंग भी बढ़ती जाती है। हमारे देश में भ्रष्टाचार अकसर राजनीतिक मुद्दा बन कर रह जाता है। इसलिए यह जानना भी जरूरी है कि वर्तमान मोदी सरकार और पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह सरकार के शासनकाल में भ्रष्टाचार के मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन तुलनात्मक रूप से कैसा रहा।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा हर साल जारी की जानेवाली भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक आधारित 180 देशों की सूची बताती है कि पिछले दस सालों में भारत में भ्रष्टाचार बढ़ा है। पिछले दस सालों में इस सूची में भारत ने सबसे बेहतर प्रदर्शन साल 2015 में किया था, जब उसे रैंकिंग में 76 वां स्थान हासिल हुआ था। वैसे साल 2006 और 2007 में भारत क्रमशः 70 वें और 72 वें स्थान पर भी रहा यानि दोनों ही सरकारों के आरंभकाल में भ्रष्टाचार कम होता नजर आया, पर फिर बेलगाम हो गया। हमारा पड़ोसी और प्रतिद्वंद्वी देश चीन 43 अंकों के साथ 76 वें स्थान पर बना हुआ है। हमारे नीति-नियंता इस बात पर संतोष जता सकते हैं कि पड़ोसी देशों में पाकिस्तान की रैंकिंग हमसे भी खराब है। साल 2023 में पाकिस्तान 29 अंकों के साथ 113 वें स्थान पर था, लेकिन बीते साल वह 27 अंकों के साथ 135 वें स्थान पर पहुंच गया। इस सूची में श्रीलंका और बांग्लादेश की रैंकिंग बता कर भी हमारे सत्ताधीश अपनी पीठ थपथपा सकते हैं। बीते साल इस सूची में श्रीलंका 121 वें और बांग्लादेश 149 वें स्थान पर है, लेकिन हमारे पड़ोस में तो छोटा-सा देश भूटान भी है। भ्रष्ट देशों की रैंकिंग में 18 वें नंबर पर रहा भूटान दुनिया के खुशहाल देशों में भी गिना जाता है। जाहिर है, वायदों और दावों के विपरीत वास्तविकता हमारी व्यवस्था और मानसिकता पर सवाल खड़े करती है, जिसके जवाब खोजे बिना हम विश्व की तीव्र वृद्धिवाली अर्थव्यवस्था भले बन जायें, बेहतर देश नहीं बन पायेंगे। आर्थिक प्रगति में आंकड़ों के महत्व से इनकार नहीं है, लेकिन राष्ट्र की असली प्रगति समाज के सर्वांगीण विकास और खुशहाली में होती है।

लगभग 80 करोड़ लोगों को प्रति माह पांच किलो राशन मुफ्त देने की जरूरत देश की खुशहाली का प्रमाण तो हरगिज नहीं। बढ़ती बेरोजगारी तथा शिक्षा-स्वास्थ्य की



बदहाल व्यवस्था भी वास्तविक विकास के दावों पर सवालिया निशान है। इसलिए हमें आंकड़ों आधारित आर्थिक प्रगति पर आत्ममुग्धता से उबर कर भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक पर आधारित इस सूची में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले देशों से जरूरी सबक भी सीखने की जरूरत है। 90 अंकों के साथ डेनमार्क इस सूची में सबसे ऊपर है, जिसका अर्थ है कि वहां नाममात्र का ही भ्रष्टाचार है। 88 अंकों के साथ फिनलैंड इस सूची में दूसरे स्थान पर है, जिसे विश्व का सबसे खुशहाल देश भी माना जाता है। 84 अंकों के साथ सिंगापुर तीसरे, 83 अंकों के साथ न्यूजीलैंड चौथे और 81 अंकों के साथ लग्जमबर्ग पांचवें स्थान पर है।

महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि अब विदेश में बसने के इच्छुक भारतीय इन छोटे देशों को भी अपना गंतव्य बनाने लगे हैं। क्या यह बात का संकेतक नहीं कि ये देश उन्हें हर दृष्टि से बेहतर जीवन का विकल्प नजर आते हैं? विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था भारत अपने नागरिकों का जीवन स्तर और बेहतर क्यों नहीं बना सकता? बेशक सबसे भ्रष्ट देशों की सूची पर नजर डालना भी जरूरी है। आठ अंकों के साथ दक्षिण सूडान 180 देशों में सबसे भ्रष्ट देश है, जबकि सोमालिया और वेनेजुएला नौ और 10 अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे भ्रष्ट देश हैं। उनके बाद सीरिया, लीबिया, इरिट्रिया, यमन और इक्वेटोरिल गिनी का नंबर आता है। वैसे इस सूची में रूस, अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे प्रभावशाली देश क्रमशः 154, 28, 25, 20 और 15 वें स्थान पर हैं।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के मुताबिक टॉप स्कोरवाले क्षेत्र यूरोपीय संघ और पश्चिमी यूरोप रहते थे, लेकिन लगातार दूसरे साल उनके प्रदर्शन में गिरावट हुई है, जिसका अर्थ है कि उनके नेता जनता की भलाई के बजाय व्यापारिक हितों के लिए काम कर रहे हैं। वहां कानूनों का गलत तरीके से पालन किया जा रहा है। दरअसल जब नेता ही जनता के बजाय पूंजीपतियों के व्यापारिक हितों के लिए काम करने लगते हैं तो नौकरशाही को भ्रष्टाचार का लाइसेंस-सा मिल जाता है। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक पर आधारित इस सूची की प्रक्रिया भी समझना जरूरी है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के विशेषज्ञ हर देश के सार्वजनिक क्षेत्र यानि पब्लिक सेक्टर में भ्रष्टाचार का आकलन करते हैं। इसके आधार पर देशों को शून्य से 100 के बीच अंक दिये जाते हैं। कम स्कोर का अर्थ ज्यादा भ्रष्टाचार होता है, जबकि ज्यादा अंकों का अर्थ कम भ्रष्टाचार। इसी आधार पर देशों की रैंकिंग तय होती है। भारत समेत विश्व में जबसे राजनीति और कॉरपोरेट का गठजोड़ पुख्ता हुआ है, सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें और गहरी हुई हैं। आम सरकारी व्यवस्था में करप्शन के साथ नीतिगत भ्रष्टाचार ने प्रशासनिक तंत्र को और कुरूप बनाया है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल का तो मानना है कि बढ़ता भ्रष्टाचार जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने में भी बड़ी बाधक बन रहा है। सीपीआई की यह रिपोर्ट बताती है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अरबों डॉलर आवंटित किये जाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार के चलते उस धन के दुरुपयोग का खतरा बढ़ रहा है, जो स्वाभाविक ही जन जीवन को भी खतरे में डाल रहा है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के मुखिया फ्रेंकोइस वेलेरियन कहते हैं कि भ्रष्टाचार एक उभरता हुआ वैश्विक खतरा है, जो विकास को रोकता है। साथ ही यह लोकतंत्र में गिरावट, अस्थिरता और मानवाधिकारों के उल्लंघन को भी बढ़ाता है। कहना नहीं होगा कि ज्यादा भ्रष्टाचारवाले देश इन तमाम खतरों से रूबरू हैं। यह भी कि इन खतरों से निपटे बिना देश और समाज के सर्वांगीण विकास के दावे संदेह और सवालों में ही घिरे रहेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# रेणु : हिंदी में आंचलिक उपन्यासों के जनक

हिन्दी के अप्रतिम कथाकार फणीश्वरनाथ 'रेणु' को आज की तारीख में खास तौर पर इसके लिए याद किया जाता है कि उन्होंने 1954 में 'मैला आंचल' के रूप में हिन्दी को उसका पहला आंचलिक उपन्यास दिया और आंचलिकता को उसकी मुख्यधारा बनाया। लेकिन उनके द्वारा इससे पहले देश के स्वतंत्रता संग्राम और 1950-51 की नेपाल की क्रांति में स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी के रूप में दिया गया योगदान भी भुलाने लायक नहीं ही है। यह भी कि यावत्जीवन दमन-शोषण व उत्पीड़न के विरुद्ध लड़ते-लड़ते वे सोशलिस्ट पार्टी में सक्रिय होकर उसकी चुनावी राजनीति से होकर भी गुजरे। 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर इमर्जेंसी थोपी तो उसके विरोध में उन्होंने अपनी 'पद्मश्री' को 'पापश्री' कहकर वापस लौटा दिया था।



बंगाल में रहकर धान की खेती करने वाली धानुक जाति के किसान शिलानाथ मंडल (जिनके पुरखे भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बिहार के अररिया जिले के औराही हिंगना गांव में आ बसे थे) के घर 1921 में आज के ही दिन रेणु का जन्म हुआ तो उनका नाम फणींद्रनाथ रखा गया था और परिजनों द्वारा दुलार से उन्हें फनिंदर व फुनेसर भी कहा जाता था। लेकिन चूंकि उनके जन्म के वक्त उनका धनवैभवसम्पन्न परिवार ऐसे दुर्दिन में जा फंसा था कि उसे पहली बार ऋण (स्थानीय बोली में रिन) लेना पड़ गया था, इसलिए दादी उन्हें 'रेनुआ' कहती थीं, जो बदलते-बदलते पहले रेनू फिर रेणु हो गया।


आगे चलकर वे फणीश्वरनाथ 'रेणु' नाम से कथाकार बने तो पूरे जीवन इस परिवेश से हासिल अनुभवों को ही अपने सृजन का आधार बनाते रहे। एक बार उन्होंने अपने गांव आये एक कथाकार को बताया था : धान की जितनी अच्छी फसल इस साल है, वैसी हो तो खेती करने में भी कविता करने का-सा आनंद आता है।...मेरे विचार से तो अभी एक बीघा खेत में खेती कर लेना पांच लेख और पांच कहानियाँ लिखने से ज्यादा फायदेमंद और एक एकड़ खेत में धान उपजाना, उपन्यास लिखने जैसे ही आनंद का वायस है।

हिंदी में न तब कोई ऐसा साहित्यकार था, न आज है, जो खेती-किसानी से अपने जुड़ाव के बूते ऐसी बात कह सकता हो। स्वाभाविक ही, उनका कथा साहित्य पाठकों को उनके अंचल के किसान जीवन के रागों व रंगों से ही नहीं, खटटी-मीठी सच्चाइयों से भी जोड़ता है। इसीलिए आलोचक कहते हैं कि उनके साहित्यकार की रग-रग में किसानी का रंग समाया था। जैसे जीवट से किसान अपनी फसलों की दुनिया रचता है, वैसे ही वे साहित्य की दुनिया रचा करते थे। वे पटना में रहते रहे हों, दिल्ली अथवा मुंबई में, ग्रामीण जीवन के प्रति बेकली और उसकी स्मृतियों से कभी मुक्त नहीं हो पाये। उन्होंने लिखा भी हैः मैं हर दूसरे या तीसरे महीने शहर से भागकर अपने गांव जाता हूं, जहां घुटने से ऊपर धोती या तहमद उठाकर, फटी गंजी पहने, गांव की गलियों में, खेतों-मैदानों में घूमता रहता हूं। मुखौटा उतारकर ताजा हवा अपने रोगग्रस्त फेफड़ों में भरता हूं। सूरज की आंच में अंग-प्रत्यंग को सेंकता हूं।... झमाझम बरखा में दौड़-दौड़कर नहाता हूं। कमर भर कीचड़ में घुसकर पुरइन (कमल) और कोका (कोकनद) के फूल लोढ़ता हूं।

उनके गंवईं व्यक्तित्व में ऐसी आत्मीयता थी कि वे अपरिचित को परिचित और परिचित को अपना बना लेते और छोटे-बडे. का भेद मिटा देते थे। इसीलिए उनको तीन पीढ़ियों को जोड़ने वाला सेतु कहा जाता है। वे ऐसे ऐक्टिविस्ट कथाकार थे, जिसे शिल्प की नवीनता, संवेदनात्मक विस्तार और विवेकपरकता से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं था। उन्होंने लोकप्रियता के शिखर भले ही कथाकार के रूप में छुए, साहित्य की दूसरी विधाओं को भी कुछ कम समृद्ध नहीं किया। अपने अनूठे रिपोर्ताजों के जरिए पत्रकारिता की भी कुछ कम श्रीवृद्धि नहीं की। बिहार की राजनीति, समाज-संस्कृति आदि को लेकर पत्र पत्रिकाओं के लिए स्तंभ लेखन भी किया। जैसे उनका कथा साहित्य, वैसे ही कविताएं भी उनकी स्मृतियों का ही दस्तावेज हैं। इनमें 'मेरा मीत सनीचर' कविता में कभी उनका सहपाठी रहार सनीचर जीवन के तमाम उतार-चढ़ावों के बाद एक दिन अचानक ट्रेन मे उनसे मिलता है तो दावे के साथ हांक-सी लगाता हैः 'अरे, फनीसरा, अब क्यों तू हम सबको पहचानेगा?' सुविदित है कि बीमारी के कारण उन्हें लम्बे समय तक अस्पताल में रहने के दौरान ही उन्हें अपनी सेवा-सुश्रूषा में लगी नर्स लतिका देवी से प्यार हुआ, जो उनके तीसरे विवाह तक जा पहुंचा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पांचों तत्वों को मिला है देवता का दर्जा



संकलित

## दर्शन

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम्-की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

# गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित

## प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन्, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

## हिमखंड का प्रकोप



**लाहौल-स्पीति।** पहाड़ी क्षेत्र में जमी बर्फ से हिमाचल प्रदेश के लाहौर-स्पीति जिले में पीर पंजाल चोटी से आए एक हिमखंड ने चंद्रभागा नदी के बहाव को अवरुद्ध कर दिया।

## आज की पाती

### चीन हमसे आगे कैसे निकल गया

हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि सन 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे, लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया और हमारा देश इससे पिछड़ता गया। अब दोनों की अर्थव्यवस्थाओं में एक खाई क्यों पट चुकी है? इसका कारण यह है कि हमारा देश जातिवाद, धर्म के नाम पर आरक्षण के दलदल में धंसता गया, मुफ्तखोरी और रेवड़ी संस्कृति हमारे देश में फलने फूलने लगी, कृषि प्रधान होने के बावजूद देश में लोगों की रुचि कृषि से घटती गई, नागरिकों की भी रुचि चाईना के सामान की तरफ बढ़ती गई और सरकारों की गलत नीतियों के कारण चीन का व्यापार हमारे देश में मजबूत होता चला गया। उधर चीन मजबूत होकर उभरा। चीन से मुकाबले के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी। *- मदन पटेल, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# इमरान को जेल में काल कोठरी में रखा गया है

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में काल कोठरी में अलग-थलग रखा गया है। खान की पार्टी ने यह दावा किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के केंद्रीय सूचना सचिव शेख वकास अकरम ने यह दावा किया। उन्होंने दावा किया, 'इमरान खान को काल कोठरी में रखा गया है; उन्हें एकांत कारावास में रखा गया है। खान को दोषी ठहराए जाने से पहले ही विचाराधीन कैदी के रूप में काल कोठरी में रखा गया है।'



उन्होंने यह भी दावा किया कि जिस कोठरी में खान को रखा गया, वह आतंकवादियों के लिए है। अकरम ने कहा कि यह शर्मनाक है कि पूर्व प्रधानमंत्री के साथ इस तरह का व्यवहार केवल उनके मनोबल को तोड़ने की नीयत से किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि तमाम मुश्किलों के बावजूद खान का मनोबल मजबूत है। अकरम ने कहा कि खान को राजनीतिक सहयोगियों और परिवार के सदस्यों सहित आगंतुकों से मिलने की अनुमति नहीं दी गई जो कानून के विपरीत है। कानूनन उन्हें वकीलों और करीबी रिश्तेदारों से मिलने का अधिकार है। उन्होंने यह भी दावा किया कि छह लोगों को खान से मिलने की अनुमति देने वाले अदालत के फैसले के बावजूद, अधिकारियों ने मुलाकात की अनुमति नहीं दी।

## ऑफ बीट

# रंगीन चावल वास्तव में क्या स्वास्थ्यवर्धक है

चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं-जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह,



एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है।सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिसमें आहार फाइबर की दोगुनी मात्रा और फोलिक एसिड सहित काफी अधिक मैग्नीशियम, लौह, जस्ता और बी समूह विटामिन शामिल हैं। ब्राउन राइस में पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो शरीर को तनाव से बचाते हैं। इसे अक्सर लंबे अनाज के विकल्प के रूप में बेचा जाता है और इसमें काले और लाल चावल की किस्मों के समान पौष्टिक स्वाद होता है, हालांकि कुछ रसोइयों का सुझाव है कि इसकी बनावट थोड़ी अलग होती फैंसी काला चावल।

## ट्रेंड

### जैव विविधता का संरक्षण हो



आइए, आज विश्व वन्य जीव दिवस पर हम अपने ग्रह की अतुलनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं। हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है-आइए, भावी पीढ़ियों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें! वन्यजीवों के संरक्षण के लिए भारत के योगदान पर गर्व है। **नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### विफलता का थोक उत्पादन



मोदी सरकार में अगर कुछ थोक में 'मैन्युफैक्चर' (उत्पादन) हुआ है, तो वो है आर्थिक विफलता, बेरोजगारी, महंगाई और झूठ। अन्याय वाले कर हटाओ, एकाधिकार मिटाओ, बैंक के दरवाज़े खोलो, हुनर को हक़ दिलाओ। तब मज़बूत भारत का निर्माण शुरू होगा। **-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### यमुना जल्द साफ होगी



इस पवित्र धरा पर आकर मां यमुना महारानी का पूजन अर्चन किया है। गंगा-यमुना सब स्वच्छ हों। मैं यमुना की धरती को नमन करता हूं। यमुना की स्वच्छता के लिए अभियान चल रहा है। **-ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

### खुद में सुधार करें इमरान



पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को पाकिस्तान की तरक्की के लिए खुद में सुधार लाना होगा। पूर्व पीएम को गलतियों के बारे में सोचना चाहिए और उनकी पार्टी में सुधार की जरूरत है। **-शाहिद खाकान अब्बासी, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सूचना सुरक्षा शिक्षा और जागरुकता परियोजना के तीसरे चरण के तहत हुआ आयोजन

# मैनिटः साइबर थ्रेट इंटेलिजेंस एंड फोरेंसिक पर शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित मैनिट में सोमवार को साइबर थ्रेट इंटेलिजेंस एंड फोरेंसिक पर शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम 7 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

पांच दिवसीय यह प्रोग्राम कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि शैलेन्द्र सिंह चौहान एडीसीपी क्राइम भोपाल, प्रोफेसर एमएम मलिक (प्रभारी निदेशक एवं डीन एकेडमिक्स), प्रो. निलय खरे, डीन रिसर्च एंड कंसल्टेंसी, प्रो. मीनू चावला, प्रो. आरके पटेरिया, मैनिट भोपाल, एवं प्रो. दीपक सिंह तोमर, विभागाध्यक्ष (सीएसई और एआई), मैनिट द्वारा की गई। कोऑर्डिनेशन डॉक्टर नमिता तिवारी, डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर मनीषा सिंह, एवं डॉक्टर पंकज कुमार के द्वारा किया गया।



## वित्तीय, साइबर धोखाधड़ी केस अध्ययन की दी जानकारी

यह कार्यक्रम भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सूचना सुरक्षा शिक्षा और जागरूकता (आईएसईए) परियोजना के तीसरे चरण के तहत आयोजित किया गया है। मुख्य व्याख्यान शैलेन्द्र सिंह चौहान एडीसीपी क्राइम भोपाल द्वारा दिया। इसमें उन्होंने डिजिटल साक्षरता, डिजिटल स्वच्छता, कृत्रिम बुद्धि उपकरण, वित्तीय धोखाधड़ी एवं साइबर धोखाधड़ी का केस अध्ययन के बारे में जानकारी दी। ऋतुराज गुप्ता ने अपराध की डिजिटल जांच, डिजिटल पदचिह्न, डिजिटल फोरेंसिक उपकरण और डिजिटल धोखाधड़ी की जांच करने में पुलिस अधिकारियों की चुनौतियों के बारे में बताया। दूसरे सत्र में डॉ. वासुदेव देहलवार, मैनिट ने नेटवर्क सुरक्षा आकलन के बारे में बताया। साक्ष्यों के आपसी संबंधों पर भी चर्चा के दौरान बताया कि साक्ष्य कैसे एकत्र किए जाते हैं।

संभाग कमिश्नर ने टाइम लिमिट बैठक में दिए निर्देश

# गर्मियों में पानी सप्लाई न हो प्रभावित सौ दिन पुराने लंबित केस निपटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित संभाग के सभी जिलों की पंचायतों में जलसंकट नहीं गहराना चाहिए। समय पर सभी तरह की नल-जल योजनाओं का काम पूरा कर घर-घर तक जलापूर्ति की जाए। वहीं 100 दिन से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। यह निर्देश संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने सोमवार को टाइम लिमिट बैठक के दौरान दिए। उन्होंने अफसरों से कार्यों की जानकारी मांगी और कहा कि नल जल योजना के तहत हर घर नल से जल प्रदाय किया जाए। जो नल जल योजनाएं पूर्ण हो गई हैं, उन्हें संबंधित ग्राम पंचायत को हस्तांतरित किया जाए।



## तेजी से करें आधार लिंकिंग के काम

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आधार लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री का काम तेजी से किया जाए। भिक्षावृत्ति मुक्त शहर का कार्य जारी रखें। ई-ऑफिस कार्य प्रणाली को लेकर जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके अधीनस्थ सभी अधिकारी, कर्मचारियों की जानकारी जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी भोपाल पर अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

## खबर संक्षेप

### शोभा देवी जाते-जाते कर गईं दो जिंदगियां रोशन



**संतनगर।** अयोध्या नगर भोपाल निवासी शोभा देवी सिंघल (ओसवाल) का देहावसान गत शनिवार को हो गया। उनके पुत्र प्रेमेन्द्र सिंघल ने अपनी माता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। दिवंगत शोभा देवी के नेत्र अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2201 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रबंधन ट्रस्टी एसी साधवानी ने दिवंगत शोभा देवी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।

### युवा मोर्चा नेता परमार को दी जन्मदिन की बधाई



**औबेदुल्लागंज।** युवा मोर्चा नेता दीपू परमार का जन्मदिन केक कांटकर मनाया। विधायक सुरेंद्र पटवा ने परमार को जन्मदिवस पर शुभकामनाएँ व बधाई दी। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमीता बागिश अग्रवाल, नरेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, नरेश सेठी, शांतनु पांडे, जीतू नंदवंशी, माधव यादव, कांता पटेल, पुरुषोत्तम शर्मा, रामकिशोर नंदवंशी, मनोज चौरसिया आदि ने जन्मदिन की बधाई दी।

### ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता सा मिल्स के सदस्य जितेंद्र दुबे के जन्मदिन पर राकेश तिवारी, सुदामा तिवारी, मनोज चौरसिया ने केक काटकर बधाई दी। इस अवसर पर अशोक मित्तल, बंटी तिवारी, पूर्व पार्षद आशीष दीक्षित, दीपेंद्र नागर आदि ने भी शुभकामनाएं दी।

### बिना ग्रीन नेट लगाए भवन निर्माण करने पर जुर्माना

**भोपाल।** राजधानी वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर नगर निगम सख्ती दिखा रहा है। ऐसे में बिना ग्रीन नेट लगाए भवन निर्माण करने वालों और कचरा जलाने वालों पर निगम स्पाट फाइन की कार्रवाई कर रहा है। सोमवार को जोन 15 के तहत आने वाले वार्ड 67 में विवेकानंद नगर कालोनी के प्लॉट नंबर 154 में बिना ग्रीन नेट लगाए भवन निर्माण करने पर पांच हजार रुपए का जुर्माना किया गया। भवन का निर्माण हरिओम द्वारा ठेकेदार मोहन पांडे द्वारा कराया जा रहा है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 3650 | | |
| दिनः | 778 | 21 | 588 |
| रातः | 500 | 50 | 280 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 579 | 18 | 350 |
| रातः | 256 | 33 | 490 |

हबीबगंज पुलिस ने कार्रवाई कर किया लूट का खुलासा

# 55 हजार रुपए व स्कूटी लूट का मास्टरमाइंड और उसके दो साथी गिरफ्तार, नगदी बरामद

◆ 26 फरवरी को दिनदहाड़े बीच बाजार में हुई थी लूट की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज इलाके में बुधवार 26 फरवरी को दिनदहाड़े बीच बाजार में हुई लूट की वारदात के तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनसे नगदी और लूटी गई स्कूटी बरामद कर ली है। आरोपियों में लूट का मास्टर माइंड और दो लुटेरे शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक इस एकता नगर पीथमपुर जिला धार निवासी 20 वर्षीय विकास मंसारे उर्फ झाडू पिता दिनेश मंसारे, ब्लॉक न.100 कुशाभाऊ ठाकरे गड्डे वाली मल्टी थाना हबीबगंज निवासी 21 वर्षीय पीयूष ठाकसे पुत्र शिव शकंर के अलावा वारदात के मास्टर माइंड फेस-2 गड्डे वाली मल्टी हबीबगंज निवासी 24 वर्षीय नसीम खान पिता स्व. कदीर खान को गिरफ्तार किया गया है।

नसीम की ही बहन गुलनाज ने एक ब्यूटीपार्लर संचालिका से 45 हजार रुपए उधार लिए थे। नसीम को पता था की उधारी की रकम लेने कौन और कब आ रहा है। उसने ही अपने दो साथी बदमाशों के साथ लूट की योजना तैयार की थी। बुधवार को जैसे ही रोहित नगर निवासी 45 वर्षीय लोकेन्द्र गोडिया पिता दयाराम गोडिया सुबह करीब पौने ग्यारह बजे नसीम उर्फ बिट्टू की बहन से उधारी की रकम लेकर स्कूटी से निकला , तभी विकास और पीयूष ने उन्हें 12 नम्बर मस्जिद के पास मैकेनिक की दुकान के पास उन्हें रोकने का प्रयास करते हुए उनकी स्कूटी में लात मारकर गिरा दिया था। इस दौरान बदमाशों ने उनकी जेब से दस हजार और स्कूटी की डिग्गी में रखे 45 हजार रुपए लूट लिए थे।

**महिला के भाई ने अपने दो दोस्त के साथ बनाई थी लूट की योजना**



### आपस में बांट ली थी लूट की रकम

पूर्व योजना के तहत ही विकास और पीयूष कुछ दूर पहले से ही लूट के इरादे से खड़े हो गए थे, जैसे ही लोकेन्द्र पैसे लेकर गुलनाज के घर से रवाना हुआ । नसीम ने उन्हें फोन कर बता दिया, जिससे दोनों पहले से योजना के तहत वारदात के लिए तैयार हो गए थे। नसीम ने उन्हें यह भी बता दिया था की पैसे उसने स्कूटी की डिग्गी में रखे हैं। वारदात के बाद तीनों आरोपियों ने आपस में लूट की रकम को बांट लिया था, जिसमें से विकास को 15 हजार, पीयूष को 5 हजार और नसीम को 35 हजार रुपए मिले थे।

### 100 सीसीटीवी खंगाले तो मिला लिंक

पुलिस ने घटनाक्रम के बाद करीब 100 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तब बता चला कि मामले का मास्टर माइंड नसीम खान उर्फ बिट्टू है। इसी आधार पर पुलिस ने उसे अपनी गिरफ्त में लिया। पूछताछ में घटना का खुलासा हो गया। आरोपियों से पुलिस ने लूट गए 55 हजार में 28170 रुपए जब्त कर लिए।

### आरोपियों का है आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस ने लूट के आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड निकाल लिया है। पकड़े गए आरोपियों में विकास के खिलाफ पीथमपुर में 4 आपराधिक मामले दर्ज है। वहीं मास्टरमाइंड नसीम खान के खिलाफ 4 आपराधिक मामले दर्ज है।

### डंपर की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल



**भोपाल।** हनुमानगंज इलाके में रविवार को डंपर की टक्कर से मोपेड सवार युवक की मौत हो गई। घटना के वक्त वह सांची डेयरी में काम पर जा रहा था। उसके साथ दोस्त भी था। पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक गरीब नगर बस्ती छोला निवासी 20 वर्षीय राम श्रीवास पिता राकेश श्रीवास सांची दुग्ध डेयरी में काम करता था। वह हादसे के समय ड्यूटी पर जा रहा था। उस समय उसके साथ अमन साहू भी था। दोनों जब बाइक से विशाल शादी हाउस के सामने पहुंचे, तभी तेज रफ्तार आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे राम गंभीर रूप से और अमन मामूली घायल हो गए थे। राम को अस्पताल ले जाया गया था, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। टक्कर के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डंपर का पता लगा लिया है।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

# बिजली कंपनी और नगर निगम बकायादारों को प्रदान करेगी छूट

विधिक सवांददाता ▶▶ भोपाल

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रदेश की तहसील एवं जिला अदालतों के साथ ही राजधानी भोपाल की जिला अदालत में 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनीत अग्रवाल ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में दीवानी, आपराधिक, पारिवारिक, चेक बाउंस, भरण पोषण, प्रीलिटिगेशन, मोटर दुर्घटना दावा क्लेम केस, बिजली विभाग से संबंधित केस, नगर निगम के वसूली योग्य मामले, राजस्व के मामले, यातायात के ई-चालान एवं बीएसएनएल सहित अन्य विभागों के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनीत अग्रवाल ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में बिजली कंपनी और नगर निगम द्वारा बकायादारों पर नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

### फांसी लगाकर एमबीए की छात्रा ने दी जान

**भोपाल।** कोलार इलाके में एक एमबीए की छात्रा ने रविवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त माता-पिता घर का किराना लेने बेस्ट प्राइज गए हुए थे। मौके से पुलिस को किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। हालांकि प्राथमिक जांच में उसके अवसाद ग्रस्त होने की जानकारी सामने आ रही है।

पुलिस के अनुसार रविवार शाम छह बजे स्वागत ड्रीमलैंड कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय वैष्णवी शुक्ला पिता उत्तम शुक्ला ने घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बाजार से लौटने पर परिजनों से उसकी खुदकुशी का पता चला। इसके बाद वे उसे जेके अस्पताल ले गए, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। फांसी की जानकारी पुलिस को अस्पताल से मिली।

### लेन-देन के विवाद पर लगाई थी बस में आग

**भोपाल।** कमलानगर इलाके में छह दिन पहले खड़ी बस में हुई आगजनी की घटना स्वमेय न हीं थी, बल्कि बस में आग लगाई गई थी। इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसकी वजह लेनेदन का विवाद बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में बस संचालक राजेश गुप्ता की शिकायत पर आकाश जोशी, अरसद और एक अन्य युवक के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि आरोपियों और फरियादी के बीच तीन लाख रुपए का लेनदेन का विवाद चल रहा है। इसके चलते ही इस वारदात को अंजाम दियागया है। उधर पुलिस को भी मौके से कछ सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, जिनमें आरोपीगढ़ मौके पर दिख रहे हैं।



## महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित

**औबेदुल्लागंज।** वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय प्रतियोगिताओं के बाद वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों, राज्य एवं अंतरराज्य स्तर पर सम्मानित खिलाड़ियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना में कार्यरत विद्यार्थियों का सम्मान कर उन्हें पुरस्कार दिया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय, नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, नप उपाध्यक्ष नमिता बागीस अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## ऋण माफ कराने बैंक में पति का फर्जी मृत्यु प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने वाली दोषी महिला को 3 वर्ष की सजा

**भोपाल।** पति द्वारा तीन अलग-अलग बैंक से प्राप्त किए गए। ऋण की राशि को माफ कराए जाने के लिए पति का फर्जी मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाकर उसे बैंक में प्रस्तुत करने वाली आरोपी अंजना सिंह को अपर सत्र न्यायाधीश प्रहलाद सिंह कैमेथिया ने भादंसं की धारा-420,467,468 और 471 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 8000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर जिला लोक अभियोजक सतीश सिमैया द्वारा पैरवी की गई। न्यायाधीश ने सह-अभियुक्त विजय विश्वकर्मा को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन के अनुसार आरोपी अंजना सिंह के पति सत्येन्द्र सिंह ने एक्सिस बैंक मंडीदीप से 26,000, संपदा बैंक से 36,000 और शक्ति बैंक औबेदुल्लागंज से 30,000 रुपए का ऋण लिया था। आरोपी महिला ने पति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर बैंकों में जमा कर ऋण माफ किए जाने का अनुरोध किया था।

दुर्गेश, मनोज, और प्रमोद पर टिकी निगाहें

# पार्टी के जिम्मेदार तलाश रहे सक्रिय और सबको साथ लेकर चलने वाला नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज







कांग्रेस एवं भाजपा के जिम्मेदार क्षेत्र में सक्रिय, ईमानदार एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि से जुड़े हुए कार्यकर्ताओं की तलाश कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि सक्रिय कार्यकर्ता (नवोदित नेता) ऐसा हो, जो सबको साथ लेकर चले एवं 'सबका साथ-सबका विकास' की नीति का पक्षधर हो। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दुर्गेश यादव से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि वे मायूस कार्यकर्ता का नेतृत्व करें, ताकि औबेदुल्लागंज के कांग्रेसियों में ऊर्जा एवं समन्वय का संचार हो सके।

यादव जहां खिल्लीखेड़ा के प्रतिष्ठित मुक्कदम परिवार से हैं, तथा यादव समाज के युवाओं में गहरी पैठ रखते हैं, वे कांग्रेस परिवार में सुख-दुख में हमेशा अग्रणी रहते हैं, साथ ही उन्हें कार्यकत्ताओं को मनाने का बेहतरीन हुनर मालूम है। वहीं दूसरे और भाजपा कार्यकर्ता भी पूर्व मण्डल मंत्री, पार्षद पति मनोज चौरसिया पर नजरें लगाए बैठे हैं। भाजपा विधायक सुरेन्द्र पटवा एवं मण्डल के कार्यक्रमों की विधिवत सूचना औबेदुल्लागंज के कार्यकर्ताओं को देते हैं। चौरसिया मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है। ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष महेश जैन से जब नगर की राजनीति के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि राजनीति में व्यवहारिक दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है, कोई व्यक्ति किसी भी दल में रहे, लेकिन आपसी संबंधों का निर्वाह करते रहे। वहीं जैन ने बताया कि नगर में वर्तमान में भोजपुर युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दुर्गेश यादव, हंसमुख पार्षद समाज सेवी प्रमोद सैन एवं पार्षद पति मनोज चौरसिया का भविष्य उज्ज्वल हैं। इन तीनों नेताओं में काम करने और पार्टी को आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं है।

## भाजपा पार्षदों की बैठक में परिषद की कार्यप्रणाली पर लगाए कई आरोप

**औबेदुल्लागंज।** पार्षदों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं कि बैठक में चर्चा हुई। वरिष्ठ नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें सम्मान नहीं मिलता, नगर परिषद में भाजपा नेताओं के काम नहीं होते, नए मंडल अध्यक्ष बनने के बाद पुराना मंडल अध्यक्ष पटवा विरोधियों के साथ मिल गए हैं। वे आए दिन पटवा विरोधियों के साथ नगर परिषद कार्यालय में में देखते हैं।

मंडीदीप से लेकर औबेदुल्लागंज और दीवटिया तक विधायक की दावेदारी करने वाले पटवा विरोधियों के साथ गोपनीय बैठक करने की खबरें आ रही है। पुराने मंडल अध्यक्ष ने संगठन के कार्यक्रमों से भी दूरी बना ली है। नगर पंचायत सीएमओ राजकुमार शर्मा फोन नहीं उठाते हैं। नगर में चर्चा है कि अध्यक्ष पति ही सीएमओ का काम कर रहे हैं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि इससे ज्यादा लचर परिषद आज तक इतिहास में नहीं बनी है।

सिंधी समाज उत्थान पंचायत की बैठक आयोजित, लिए कई निर्णय

# संतनगर में चैती चांद पर्व पर निकलेगी ऐतिहासिक शोभायात्रा, पंचायत करवाएगी हिंगलाज माता के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी समाज उत्थान पंचायत, लालघाटी क्षेत्र की विगत दिवस अध्यक्ष आनंद सबधाणी के नेतृत्व में विजय नगर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में तय किया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज का सबसे बड़ा पर्व चैती चांद महोत्सव धूम-धाम से मनाया जाएगा। विजय नगर, ओम नगर, सावन नगर, वल्लभ नगर एवं अन्य लालघाटी क्षेत्र की कॉलोनियों के रहवासियों के साथ मिलकर चैती चांद ऐतिहासिक मनाया जाएगा।

कोर कमेटी की इस बैठक में मुख्य सलाहकार इन्द्रदास मेघानी, अध्यक्ष आनंद सबधाणी, तीन उपाध्यक्ष राधेश्याम नाथानी, नन्दलाल मोतियानी व मनोहर आसुदानी, अर्जुन वाधवानी, कोषाध्यक्ष हीरानंद ग्वालानी, महासचिव किशन आसुदानी, सचिव बीडी चांदवानी एवं अन्य कोर कमेटी के मेंबर्स उपस्थित रहे।



### 29 को होगी झूलेलाल की मूर्ति स्थापित

उपाध्यक्ष राधेश्याम नाथानी ने कहा कि चुनी गई वैध पंचायत ने यह निर्णय लिया कि इस बार भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापना 29 मार्च को शाम 7 बजे श्री हरि सेवा गंगा दरबार में की जाएगी। चैती चांद महापर्व के दिन 30 मार्च को प्रातः 9 बजे श्री हरि सेवा गंगा दरबार से शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो विजय नगर, वल्लभ नगर, ओम नगर, सावन नगर से होते हुए वापस हरि सेवा गंगा दरबार में समाप्त होगी, जहां प्रसाद वितरण भी होगा। दोपहर 3 बजे सिंधी सेंट्रल पंचायत के द्वारा आयोजित संपूर्ण भोपाल के कार्यक्रम में जाने के लिए झांकी के साथ बस के द्वारा सभी लोग प्रस्थान करेंगे।

### इच्छुक श्रद्धालु करा सकते हैं रजिस्ट्रेशन

अध्यक्ष सबधाणी ने बताया कि इस वर्ष से एक अनूठी पहल का शुभारंभ करते हुए बताया कि प्रति वर्ष पंचायत में सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को किसी एक धार्मिक स्थल का भ्रमण भी पंचायत द्वारा करवाया जाएगा, जिसकी शुरुआत इसी माह छिन्दवाड़ा के समीप स्थित कुलदेवी हींगलाज माता मंदिर के दर्शन से प्रारंभ करवाई जाएगी, जिसके लिए महिलाए, बच्चे एवं पुरुष संयोजक नंदलाल मोतियानी के मोबाइल नंबर 9826527826 पर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# पुलिस ने मूक बधिरों की सहायता के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर

## शिकायतों का किया जाएगा तत्काल निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमिश्नरेट नगरीय पुलिस भोपाल द्वारा मूक बधिरों की सहायता के लिए सोमवार को एक नंबर जारी किया गया है। यह नंबर पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्र द्वारा जारी किया गया है। उन्होंने नंबर जारी करते हुए बताया कि हेल्पलाइन नंबर 7587628293 है। इसके तहत व्हाट्सएप नंबर शुरू किया गया है।

इसको लेकर ऊर्जा डेस्क प्रभारी एवं बाल कल्याण अधिकारियों के साथ-साथ उनके करीब 40 सहायकों को भी प्रशिक्षित किया गया है। उक्त नंबर पर आए किसी भी मूख-बधिर के द्वारा अथवा मूख-बधिरों के संबंध में व्हाट्सएप कॉल अथवा मैसेज या साधारण कॉल आने पर तत्काल उसे क्षेत्र से संबंधित थाने के द्वारा उन्हें सहायता प्रदान की जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) पंकज श्रीवास्तव, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) श्रद्धा तिवारी आदि मौजूद थे।




# बेहतरीन लाइट इफेक्ट के साथ थ्री डी इफेक्ट से दर्शाईं तीन कहानियां

## शहीद भवन में तीन बड़े नाटककारों की कहानियों पर किया नाट्य मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बेहतरीन लाइट इफेक्ट के साथ-साथ म्यूजिक का जोरदार प्रयोग और उम्दा साउंड इफेक्ट, इसके साथ ही थ्री डी इफेक्ट से कभी ड्रामा को हॉरर दिखाने का प्रयास तो कभी मंच पर नीली झील दिखाने का सफल प्रयास। प्रसिद्ध साहित्यकारों की सफल कहानियों का नाट्य मंचन देखने को मिला सोमवार की शाम शहीद भवन सभागार में। प्रतीक शर्मा के निर्देशन में तीन अलग-अलग कहानियों को थ्री डी इलिमेंट्स से सुंदर रुप दिया। इन कहानियों में उदय प्रकाश की कहानी 'हीरालाल का भूत', धर्मवीर भारती की कहानी 'नीली झील' और मुंशी प्रेमचंद की कहानी 'खुदाई फौजदार' की नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को 2 घंटे तक हिलने नहीं दिया। रोमांच, हॉरर और फिलोसफी से सजी इन कहानियों को कलाकारों ने अपने उम्दा अभिनय से मंच पर उतारा।

**तीन अलग लेखकों की तीन अलग कहानियों को पिरोया एक सूत्र में**





### कुछ डॉयलाग्स जो रहे खास

***नीली झील*** *- तब न मैं रहूंगा न मेरा इंद्रजाल, न तुम न तुम्हारी कला। रहेगा सिर्फ वह जो दोनों बाहें फैलाए अपनी आत्मा ढूंढ रहा है।*

***हीरालाल का भूत*** *- किसी को इस कहानी में सिर्फ बदला लेते हुए प्रेत नजर आते हैं। किसी को शोषण करते हुए जीवित लोग।*

***खुदाई फौजदार*** *-यों अगर कल वारदात होने वाली होगी, तो पुलिस को खबर देने से आज ही हो जाएगी।*

### खुदाई फौजदार ने दर्शकों को गुदगुदाया, हीरालाल के भूत ने डराया

जहां खुदाई फौजदार ने दर्शकों को गुदगुदाया, वहीं हीरालाल के भूत ने दर्शकों को हवेली के भूत की डरावनी किन्तु मार्मिक कहानी दिखाई। नीली झील में जीवन और आत्मा के दर्शन को तांत्रिक और आगंतुक के माध्यम से दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। तीन अलग लेखकों और उनकी अलग शैली में लिखी गई कहानियों को एक सूत्र में पिरो कर काफी मनोरंजक तरीके से प्रदर्शित किया गया।

### एक चमत्कारी और रहस्यमई लोक कहानी 'नीली झील'

खुदाई फौजदार कहानी में प्रेमचंद ने सेठ के माध्यम से जहां सामंतवाद विचार को दिखाया। वहीं धन के संचय और उसके चले जाने के भय को भी हास्यात्मक ढंग से पेश किया है। ठाकुरों और हवेलियों के द्वारा वर्षों से किए जा रहे शोषण को हीरालाल के भूत कहानी में दिखाया है। नीली झील कहानी एक चमत्कारी और रहस्यमई लोक की कहानी बताता है। जहां एक आगंतुक के आने से कई चीजें बदल जाती हैं।

---

**उप्र संगीत नाट्य अकादमी अध्यक्ष सम्मानित**

### राग यमन के साथ सुनाया टप्पा, होरी और राग भैरवी



**भोपाल।** संस्कार भारती में पुटटराज गवई जन्मोत्सव पर संगीत सभा का आयोजन किया गया। बड़े गुलाम अली खां अवार्ड से सम्मानित डॉ जयंत ने राग यमन से गायन की शुरुआत कर टप्पा, होरी और राग भैरवी के ठुमरी से समापन किया। संगतकार में तबले पर मनोज पाटीदार और हारमोनियम पर किशन परिहार ने साथ दिया। इस मौके पर उत्तरप्रदेश के संगीत नाट्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ जयंत खोत को संस्कार भारती मध्यभारत प्रांत संगीत विधा संयोजक शेखर करहाडकर, दीपिका पुरोहित द्वारा सम्मानित किया गया।

**विधानसभा की पुस्तकालय समिति ने किया भ्रमण**

### सप्रे संग्रहालय भाषायी विविधता का दुर्लभ संस्थान



**भोपाल।** मप्र विधानसभा की पुस्तकालय, अनुसंधान एवं संदर्भ समिति के सदस्यों ने सोमवार को सप्रे संग्रहालय का भ्रमण किया।भ्रमण के दौरान समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ विधायक ओमप्रकाश सकलेचा के साथ सदस्य विधायक हरिसिंह सप्रे, प्रदीप अग्रवाल, जितेन्द्र सिंह पंड्या और कैलाश कुशवाहा उपस्थित रहे।

---

**नूतन कॉलेज में वार्षिकोत्सव 'नूतन भव्या-2025' का आगाज**

# मेहंदी, फायरलेस कुकिंग, बेग मेकिंग के साथ ट्रेडिशनल राउंड का ट्रायल





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नूतन कॉलेज में वार्षिकोत्सव 'नूतन भव्या- 2025' का आगाज सोमवार से हुआ, जिसमें पहले दिन मेहंदी, फायरलेस कुकिंग, शॉपिंग बेग मेकिंग कॉम्पिटीशन के साथ-साथ नूतन भव्या फैशन शो में ट्रेडिशनल राउंड का ट्रायल भी चला। इस दौरान छात्राओं ने पंजाब, बंगाल, हिमाचल, कश्मीर, दक्षिण भारतीय राज्यों की पौशाकों में रैंप वॉक की।







### छात्राओं ने सजाया द्वार

कॉलेज में अतिथि देवो भवः की अवधारणा को अपनाते हुए सर्वप्रथम द्वार सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने कोड़ी, सीप और रंग बिरंगे धागों से द्वार सजाया। वहीं अगली कड़ी में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें पारंपरिक एवं एक्सपेरिमेंटल केटेगरी में छात्राओं ने मेहंदी लगाई वहीं अगली कड़ी में शॉपिंग बैग मेकिंग प्रतियोगिता हुई, जिसमें कागज पर सुंदर कलाकृति करके छात्राओं ने सुंदर मनभावन शॉपिंग बैग बनाए। वहीं अंतिम कड़ी में फायर लेस कुकिंग प्रतियोगिता खास रही।




---

**59वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी का प्रारंभ**

### पिथौरा चित्रकला में पशु-पक्षी और प्रकृति के मनभावन रूप को दर्शाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिथौरा चित्रकला में पशु-पक्षी और प्रकृति को सुंदर मनभावन रूप देना, जिसमें अलग-अलग रंगों से कहीं पक्षियों के कलरव को दिखाया तो कहीं प्रकृति के सुंदर रूप को ब्रश से कैनवास पर उकेरा। प्रकृति और पशु-पक्षी से सजी यह चित्र प्रदर्शनी लगी सोमवार से जनजातीय संग्रहालय की लिखंदरा आर्ट गैलरी में। जिसमें युवा चित्रकार पायल मेड़ा की अलग-अलग रूपों की पेंटिंग्स से सजी दीर्घा दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। यह चित्र प्रदर्शनी 30 मार्च तक निरंतर रहेगी।





### जनजातीय बच्चों को दिया चित्रकला प्रशिक्षण

पायल ने कहा कि मेरा जन्म भोपाल में ही हुआ और मैंने भारत भवन सहित अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं के लिए जनजातीय बच्चों को चित्रकला प्रशिक्षण के शिविर में भागीदारी की है। उन्होंने कहा कि मेरे अन्य भाई-बहन भी पारम्परिक चित्रकला में संलग्न हैं। इसके साथ ही नई दिल्ली, बड़ोदा, भोपाल आदि शहरों में आयोजित कुछेक संयुक्त चित्रकला प्रदर्शनियों में मैंने भाग लिया है।

---

# भोपाल के जवाहर बाल भवन में कल से चार दिवसीय 'रवि रंग' महोत्सव

## चार दिन तक एक साथ चलेगा अनेक कला विधाओं का समागम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल के जवाहर बाल भवन में 5 मार्च से चार दिवसीय रविरंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक लता सांगड़े, योगेश परिहार सहित वसीम अली ने बताया कि स्व. रवि लाल सांगड़े की स्मृति में महिला एवं बाल विकास आयोग, भारत सरकार एवं जवाहर बाल भवन भोपाल के सहयोग से शहर की दो कला संस्थाओं त्रिशा नाट्य एवं लोक कला साहित्य समिति एवं रंगरेज कल्चरल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जवाहर बाल भवन, भोपाल के प्रांगढ़ में यह चार दिवसीय रविरंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

### चार दिनों तक होगा संगीत, नृत्य और नाटकों का प्रदर्शन

चार दिवसीय कला महोत्सव का उद्देश्य रविलाल सांगड़े की जनसरोकारी कला यात्रा एवं कलाओं में महिलाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना है, जिसमें बच्चों की कला सहभागिता भी प्रमुख रूप से शामिल है। इस समारोह में चार दिन तक अनेक कला विधाओं का समागम एक साथ, एक ही जगह पर होगा। कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर बारह बजे से प्रारंभ होगा और रात्रि नौ बजे तक चलेगा। प्रतिदिन कला में महिलाओं की सहभागिता से जुड़े अलग-अलग विषयों पर वक्तव्य एवं गोष्ठी दोपहर के समय में आयोजित की जाएंगी। तत्पश्चात संध्याकालीन गतिविधियों में संगीत, नृत्य और नाटकों का प्रदर्शन किया जाएगा। महोत्सव में चारों दिन, अलग-अलग महिला कलाकारों द्वारा चार अलग-अलग सांगीतिक प्रस्तुतियां होंगी जैसे लोक गायन, सितार वादन, प्रयोगवादी नाट्य संगीत आदि। शाम सात बजे से नाटकों की प्रस्तुति भी होगी।




---

**स्व. श्याम साकल्ले को किया याद**

### शब्द, वाणी और विचार का आदर्श थे श्याम साकल्ले




**भोपाल।** प्रतिभा ईश्वर का उपहार होती है, लेकिन कामयाबी कर्म के पसीने से ही लिखी जाती है। श्याम साकल्ले एक छोटे से कस्बे से उभरी ऐसी ही अनूठी शख्सियत के प्रतिभाशाली थे। वक्ता और अधिवक्ता ही नहीं, कवि-गद्यकार और खिलाड़ी के रूप में भी उनकी पहचान तथा प्रसिद्धि देश भर में फैली थी। वे बहुआयामी विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे। नई पीढ़ी के लिए वे शब्द, वाणी, विचार और व्यक्तित्व का आदर्श थे। ऐसे अनेक भावभीनी उदगारों के बीच साहित्य, संस्कृति और समाज सेवा में समान रूप से सक्रिय रहे स्वर्गीय श्याम साकल्ले को याद किया गया।

---

### 5 मार्च तक सिटी को पर्यटकों के लिए 49 सर्व सुविधायुक्त एसी टेंट उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मेहमानों के स्टे के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन निगम द्वारा पं खुशीलाल महाविद्यालय के समीप कलियासोत मैदान पर स्थापित अस्थाई टेंट सिटी को पर्यटकों के लिए 5 मार्च तक के लिए संचालित किया जा रहा है, इस टेंट सिटी में लगभग 49 सर्व सुविधायुक्त एसी टेंट्स हैं, जिनमें पर्यटकों के लिए लंच, ब्रेकफास्ट और डिनर सहित 4 स्टार होटल्स सुविधाएं जैसे फ्री वाई-फाई, डाइनिंग, कांफ्रेंस स्पेस, 24/7 सिक्योरिटी उपलब्ध होने के साथ ही यहां पर्यटकों के लिए एडवेंचर एक्टिविटीज तथा मनोरंजक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। निगम प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया कि पर्यटक और आमजन इस लग्जरी टेंट सिटी में ठहरकर एक अलग तरह का अनुभव प्राप्त कर सकें।



---



### बिशनखेड़ी क्षेत्र में पक्षी दर्शन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल बर्ड्स संस्था द्वारा विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर बिशनखेड़ी क्षेत्र में पक्षी दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पक्षी प्रेमियों एवं विशेषज्ञों द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में पक्षियों के प्रति जागरुकता लाना था। कार्यक्रम के दौरान भोजताल में पाए जाने वाले स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों की लगभग 50 प्रजातियों को चिन्हित किया गया। स्थानीय पक्षी प्रजातियों में वाइट थ्रोटेड किंगिफिशर, कॉमन किंगिफिशर, क्रेस्टेड सरपेंट ईगल, सिल्वर बिल मुनिया, प्लैन परिनिया, ग्रे हार्नबिल सहित आदि प्रमुख हैं।



---

**छतनारा समूह ने किया दुष्यंत संग्रहालय में उल्लास का आयोजन**

# कव्वाली की धुन में गूंजे अधिरोहा के सूफी सुर, बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सोमवार शाम दुष्यंत संग्रहालय में छतनारा समूह द्वारा चौथे उल्लास के अंतर्गत सूफी कव्वाली का आयोजन किया गया। छतनारा की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस समारोह में कव्वाली की प्रस्तुति देवेश भूआर्या के अधिरोहा बैंड ने दी। खालिस कव्वाली की परिकल्पना से आयोजित इस कार्यक्रम में अधिरोहा बैंड ने सूफी नगमों से शाम को सुहावना बना दिया।



### पिया घर आया... को मिली जमकर करतल ध्वनि

शुरुआत देवेश ने बुल्ले शाह के कलाम से की, जिसके बाद कबीर और मीरा के लिखे गीतों को भी गाया गया। देवेश ने जैसे ही पिया घर आया... की पहली पंक्ति गाई, श्रोताओं ने जोरदार करतल ध्वनि से स्वागत किया। इसके बाद मुझे लोगों से मतलब क्या, मेरा यार है हीरा... गाना गाया। उसके बाद देवेश ने नुसरत फतेह अली खान के गानों को एक आधुनिक अंदाज में पेश करके श्रोताओं की खूब तालियां बंटौरी। सूफी संगीत की यह शाम तीन घंटे तक चली। कार्यक्रम के आखिर में निशांत उपाध्याय ने सभी को धन्यवाद दिया और छतनारा के आने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।






विश्व वन्यजीव दिवस

# पीएम मोदी ने किया ऐलानः भारत में मई में होगी शेरों की गिनती



## एशियाई शेरों के संरक्षण के लिए 'प्रोजेक्ट लॉयन' के तहत 2,900 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की 7वीं बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर आयोजित की गई थी। इस दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि 16वीं एशियाटिक शेर की जनसंख्या का आकलन मई में किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने जूनागढ़ में राष्ट्रीय रेफरल केंद्र-वन्यजीव के लिए शिलान्यास किया और रिवर डॉल्फिन्स पर एक पुस्तक का विमोचन भी किया। इसके अलावा, उन्होंने तमिलनाडु के कोयंबटूर में मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन के लिए एक रेफरल केंद्र की स्थापना की घोषणा की। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के जूनागढ़ जिले में स्थित गिर राष्ट्रीय उद्यान में शेर सफारी का आनंद लिया। इस दौरे पर उनके साथ केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और अन्य एनबीडब्ल्यूएल सदस्य भी मौजूद थे।

**गुजरात के नौ जिलों में 30,000 वर्ग किमी में शेर निवास करते हैं**



### मुख्यमंत्री के रूप में सेवा के समय की बातें याद आ गईं!

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एशियाटिक शेर की जनसंख्या में वृद्धि हुई है, और इसमें आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी और महिलाओं का योगदान सराहनीय है. उन्होंने कहा, गिर आने से मुझे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा करते हुए समय की कई यादें ताजा हो गई।

### सिर्फ गुजरात में पाए जाते हैं एशियाटिक शेर

केंद्र सरकार ने एशियाटिक शेरों के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट लायन के तहत 2,900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। एशियाटिक शेर केवल गुजरात में ही पाए जाते हैं और वर्तमान में वे राज्य के नौ जिलों के 53 तालुकों में लगभग 30,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बसे हुए हैं।

## गिर के शेर देखने के बाद थोड़ा गिरते हुए शेयर भी देख लेते साहबः पवन खेड़ा



**नई दिल्ली।** गुजरात दौरे पर गिर नेशनल पार्क में जंगल सफारी करने गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस ने कटाक्ष किया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने गिर में शेर की तस्वीरें क्लिक करते पीएम मोदी की एक तस्वीर को दोबारा पोस्ट किया। उन्होंने शेयर बाजार में लगातार हो रही गिरावट का जिक्र करते हुए पीएम मोदी से इस मुद्दे की गंभीरता को समझने और तत्काल हस्तक्षेप कर सुधारात्मक उपाय करने की अपील भी की। सोमवार के कारोबार के बाद भी शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 112.16 अंक गिरकर 73,085.94 पर बंद हुआ। निफ्टी 5.40 अंक गिरकर 22,119.30 पर बंद हुआ।

## खबर संक्षेप

### प्रियदर्शिनी एनएमडीसी की निदेशक बनीं



**हैदराबाद।** प्रियदर्शिनी गद्दम ने एनएमडीसी में निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण किया । उन्हें कंपनी के बोर्ड पर कार्यकारी निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है । पहले वे एनएमडीसी कार्पोरेट कार्यालय, हैदराबाद और एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, नगरनार दोनों में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक और प्रशासन) रहीं हैं।

### बंगाल के विश्वविद्यालयों में हड़ताल, तोड़फोड़



**कोलकाता।** सीपीआई(एम) की छात्र शाखा एसएफआई ने पश्चिम बंगाल के विभिन्न विश्वविद्यालयों में हड़ताल का आह्वान किया है। जिसमें वे शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इस हड़ताल के कारण सोमवार सुबह कोलकाता के जादवपुर और प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालयों के परिसर सुनसान हो गए। छात्रों ने तोड़फोड़ की।

### आईआईटी बाबाः गांजा रखने का मामला दर्ज



**जयपुर।** महाकुंभ मेले के दौरान सुर्खियों में आने वाले आईआईटी बाबा के नाम से मशहूर अभय सिंह को जयपुर में गांजा रखने के आरोप में कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया। हालांकि, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। जयपुर में पुलिस चेकिंग के दौरान आईआईटी बाबा के पास मादक पदार्थ (गांजा) मिला। हालांकि उन्हे छोड़ दिया।

### विस में फोटो पर फंस गए आप के जरनैल सिंह



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधासनभा में सोमवार को कार्यवाही के दौरान फोटो खींचने को लेकर तिलक नगर के विधायक जरनैल सिंह घिर गए। विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने जरनैल सिंह को फोटो डिलीट करने का आदेश दिया और भविष्य में ऐसा ना करने की चेतावनी दी।

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने कार्यशाला का उद्घाटन किया

# ग्रामीण विकास-छोटे किसानों की समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है हमारा डेयरी क्षेत्र

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में डेयरी क्षेत्र में संधारणीयता और सर्कुलेरिटी पर कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने कहा यह क्षेत्र ग्रामीण विकास और छोटे किसानों की समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि डेयरी क्षेत्र देश के पोषण का भी ख्याल रखता है। आगे जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे सामने दो लक्ष्य रखे हैं, जिनमें दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना और 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी क्षेत्रों की संभावनाओं के शत प्रतिशत दोहन की पद्धति विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से 62% महिलाओं के जुड़े होने के कारण डेयरी क्षेत्र महिला सशक्तिकरण में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अमित शाह ने दूसरी श्वेत क्रांति के लिए डेयरी क्षेत्र की संधारणीयता और सर्कुलेरिटी को महत्वपूर्ण बताया। अमित शाह ने देश के 80% जिलों में डेयरी संघ सृजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सहकारिता मंत्री ने कहा कि जिला स्तर के दुग्ध संघ और ग्रामीण डेयरी को सहकारिता डेयरी से नहीं जुड़े किसानों को अपने नेटवर्क में शामिल करने के लिए एक विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बहुत से किसान निजी डेयरियों को दूध बेचते हैं और अपना खुद का व्यापार चलाते हैं। उन्होंने कहा कि हम श्वेत क्रांति दो की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी का महत्व बहुत बढ़ जाता है। श्वेत क्रांति एक में जो हमने हासिल किया है उसमें सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी को हासिल करना शेष है।

> लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी क्षेत्रों की संभावनाओं के शत प्रतिशत दोहन की पद्धति विकसित करनी होगी। इसके लिए हम सबके सामूहिक प्रयासों की जरूरत होगी।

**डेयरी क्षेत्र में 62% महिलाओं का योगदान**

देश के 80% जिलों में डेयरी संघ सृजित करने की आवश्यकता



### खेती में खुशहाली की दिशा में महत्वपूर्ण शुरुआत हुई

शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमने खेती में खुशहाली की दिशा में एक आशाजनक शुरुआत की है। गांव से वैश्विक स्तर पर जाने का साहस बढ़ा है और नई पद्धतियां विकसित हुई हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक समूह के रूप में सफल होने का आत्मविश्वास सहकारी समितियों के माध्यम से बढ़ रहा है और पूरी श्रृंखला खेत से कारखाने तक ग्रामीण परिदृश्य के भीतर ही रहनी चाहिए। मंत्री ने डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सर्कुलरिटी में कुछ विषयों को जोड़ने के साथ ही एनडीबीबी और नाबार्ड को छह माह में प्रायोगिक योजना को किसी न किसी जिले में लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जैविक खाद का शत प्रतिशत दोहन करने के लिए जिला के दुग्ध संघ और ग्रामीण डेयरी को क्षेत्र के सभी किसानों के गोबर का प्रबंधन करना चाहिए।

### कृषि व्यवस्था छोटे किसानों पर आधारित

सहकारिता मंत्री ने कहा कि हमारे देश की कृषि व्यवस्था एक तरह से छोटे किसानों पर आधारित है, इसलिए हमारे पास डेयरी के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। बहुत कम विकल्प हैं, और मेरा मानना है कि यह सेमिनार डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने में सहायक होगा।

### बायोगैस के उत्पादन पर जोर

बायोगैस के उत्पादन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि दो साल का लक्ष्य तय करके 250 जिलों के जिला उत्पादक संघ में कोई न कोई मॉडल सफलतापूर्वक करने का समयबद्ध कार्यक्रम करना चाहिए। मंत्री ने गुजरात के बनासकांठा और पंचमहल में माइक्रो एटीएम के प्रयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे पशुपालकों को काफी लाभ मिला है। उन्होंने नाबार्ड से इस मॉडल को प्रत्येक जिला संघ तह पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया।

### दुग्ध उत्पादन में 63 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि

इस अवसर पर केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह कहा कि देश में दुग्ध उत्पादन में पिछले दस वर्षों में 63 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र में संधारणीयता और सर्कुलेरिटी पर आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना है। यह कार्यशाला सहकारिता मंत्रालय और डेयरी मंत्रालय की पहलों और नीतियों पर ध्यान केंद्रित करती है। इसका उद्देश्य डेयरी फार्मिंग को बढ़ावा देना और पर्यावरण संबंधी उत्तरदायित्व के साथ आर्थिक विकास को सुनिश्चित करना है।

## कैग रिपोर्ट पर भाजपा ने आप को घेरा

# भाजपा ने पूछा आपने आयुष्मान योजना लागू क्यों नहीं की...?



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सोमवार को दिल्ली विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने हंगामा करने को लेकर आप विधायक अनिल झा को सदन से बाहर कर दिया। इसके बाद आप विधायकों ने 'जय भीम' के नारे लगाना शुरू कर दिए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आप चर्चा होने दें। आपको पूरा मौका मिलेगा कैग रिपोर्ट पर अपनी बात कहने का। दिल्ली विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं पर कैग रिपोर्ट को लेकर चर्चा हुई।

चर्चा के दौरान भाजपा ने आप पर गंभीर आरोप लगाए। भाजपा विधायक अभय कुमार वर्मा ने आप पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता में जो रहेगा वो जिम्मेदार है, कोई बहाना नहीं चलेगा। जबकि भाजपा विधायक अनिल गोयल ने कहा कि ये दिल्ली के लोगों की सेहत से जुड़ा मामला है। भाजपा विधायक अशोक गोयल ने कहा कि कैग रिपोर्ट चीख-चीखकर कहा रही है, आप-दा की सरकार थी, इसने दिल्ली के लोगों के स्वस्थ से था खिलवाड़ किया।

### हमने जिम्मेदारी से काम किया

आप से सवाल करते हुए पूछा कि आपने दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू क्यों हीं होने दी। भाजपा के इन आरोपों पर आप विधायक गोपाल राय ने कहा कि हमने जिम्मेदारी के साथ काम किया, भारत में पहली बार अगर कही मोहल्ला क्लिनिक स्थापित हुई तो उसका नाम दिल्ली है। केंद्र सरकार ने दिल्ली के साथ सौतेला व्यवहार किया है।इससे पहले सदन शुरू होने पर जब आप के विधायक प्लेकार्ड दिखाने लगे तो भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट भड़क गए और उन्होंने गुस्से में कहा कि ये मच्छी बाजार नहीं। वहीं सदन में आप विधायकों के हंगामा करने पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने उन्हें शांत रहने को कहा। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि चर्चा से भागना चाहते हैं तो अलग बात है, आप चर्चा को चलने दें। सदन की मर्यादा है, अगर हंगामा किया तो मैं आपके बाहर निकाल दूंगा।

### हेल्थ में बहुत ज्यादा गड़बड़ियां

दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि आप इसलिए हंगामा कर रही है, क्योंकि उसके कारनामे उजागर हो रहे हैं। सरकार में रहते हुए उन्होंने जमकर घोटाले किए, जिस पर अब खुलासे हो रहे हैं, इससे आप घबरा गई है। कपिल मिश्रा ने कहा कि किसी भी रिपोर्ट पर हंगामा करना, विपक्ष की आदत हो गई है।

तीन राज्यों की विधानसभा में पेश **बजट**

# छग में पेट्रोल सस्ता, बिहार में महिलाओं को 2500 रु. और झारखंड में भी सौगात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सोमवार को छत्तीसगढ़,बिहार और झारखंड के विधानसभाओं में वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया गया। बजट में अधिकांशतः महिलाओं को महत्व दिया गया है।

### छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ सरकार का बजट सोमवार को पेश हुआ। राज्य का बजट 1 लाख 60 हजार करोड़ का रहा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दूसरी बार बजट पेश किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट भाषण में कई बड़ी घोषणाएं की। वित्त मंत्री ने आम लोगों को राहत देते हुए पेट्रोल की कीमतों में कटौती करने का फैसला किया। इसके साथ ही उन्होंने महतारी वंदन योजना के लिए पिछले साल के बजट के अपेक्षा इस बार 5500 करोड़ रुपए का प्रावधन किया गया है।

### झारखंड



झारखंड सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। पिछले साल विधानसभा चुनावों के बाद झारखंड में सत्ता बरकरार रखने के बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार का यह पहला बजट है। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बजट पेश करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में राज्य की अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

### बिहार



**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 03 लाख 16 हजार 895 करोड़ रुपए का वार्षिक बजट पेश किया। यह पिछले बजट से 38,169 करोड़ रुपए अधिक है। वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा। महिलाओं को ई रिक्शा खरीदने के लिए सब्सिडी मिलेगी।

## सीएम को लेकर कर्नाटक में फिर बयानबाजी

# मोइली बोले आज नहीं तो कल सीएम बनेंगे डीके शिवकुमार बोले-टिप्पणी नहीं करूंगा

एजेंसी ⏭ बंगलुरू



कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली के बयान पर टिप्पणी करने से इनकार किया। जब उनसे सवाल पूछा गया कि मुख्यमंत्री बनने के लिए मोइली ने उन्हें समर्थन दिया है, तो शिवकुमार ने कहा कि मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता।

मैं कार्यकर्ताओं की एक बैठक में था। मैंने सभी बूथ अध्यक्षों को शपथ दिलाई है, क्योंकि मुझे पार्टी अध्यक्ष के रूप में राज्य का दौरा करना है। इससे पहले आज मंत्री प्रियांक खरगे ने भी वीरप्पा मोइली के बयान पर प्रतिक्रिया दी। खरगे ने शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि न तो शिवकुमार और न ही किसी और ने यह दावा किया है कि वह आज या कल मुख्यमंत्री बनेंगे।

### आलाकमान जो भी कहे, वह हमारे लिए अंतिमः संतोष लाड

राज्य के मंत्री संतोष लाड ने भी मोइली की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी आलाकमान के फैसलों का पालन करती है। लाड ने कहा, अगर मोइली ने ऐसा बयान दिया है, तो आपको उनसे पूछना होगा क्योंकि हम हमेशा आलाकमान की नीति का पालन करते हैं। आलाकमान जो भी कहता है, वह हमारे लिए अंतिम है.. यह उनकी राय है, आलाकमान की नहीं।

## रेलवे परियोजनाओं में तेजी और विकास को बढ़ावा

# अब नवरत्न कंपनियों में शुमार हुई आईआरसीटीसी व आईआरएफसी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार ने भारतीय रेलवे कैटरिंग और टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी ), और भारतीय रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन (आईआरएफसी) को 'नवरत्न' का दर्जा देने की मंजूरी दे दी है। इससे अब ये अधिक स्वतंत्रता के साथ अपने निर्णय ले सकेंगी। इससे पहले ये दोनों ही कंपनियां इस श्रेणी में शामिल नहीं थीं। लेकिन अब यह भारतीय रेलवे से जुड़ी ये दोनों कंपनियां इस श्रेणी 25वीं और 26वीं कंपनी बन गई हैं, जिसे यह प्रतिष्ठित दर्जा प्राप्त हुआ है। इस कदम से आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को अपनी वित्तीय योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी, जिससे भारतीय रेलवे के विकास को और गति मिलेगी।

### यात्रियों के लिए भी फायदेमंद



आईआरसीटीसी भारतीय रेलवे की एक सहायक कंपनी है, जो मुख्य रूप से रेलवे टिकट बुकिंग, खानपान सेवाएं और पर्यटन सुविधाएं प्रदान करती है। यह भारतीय रेलवे की डिजिटल सेवाओं और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए काम करती है। वहीं, आईआरएफसी भी एक सरकारी कंपनी है, जिसका मुख्य कार्य भारतीय रेलवे के लिए धन की व्यवस्था करना और उसकी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास और नई परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाने में इसकी अहम भूमिका होती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें इसका कुल कारोबार 26,644 करोड़ रहा, जबकि शुद्ध लाभ 6,412 करोड़ तक पहुंच गया। इसके अलावा, कंपनी की कुल संपत्ति 49,178 करोड़ हो गई।

## हिमानी हत्याकांड के आरोपी सचिन ने किए चौंकाने वाले खुलासे

पुलिस ने सचिन नामक युवक को गिरफ्तार किया

# दोस्ती, रिलेशन के बाद शुरु हुई ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर सचिन ने अंततः हिमानी का 'गला ही घोंट' दिया

शुरुआती जानकारी मिली है कि बहादुरगढ़ के सचिन और हिमानी की एक साल पहले सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती हुई थी। इसके बाद हिमानी सचिन को ब्लैकमेल कर रही थी। इससे परेशान होकर आरोपी सचिन ने हिमानी की हत्या की।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल के शव मिलने के बाद सियासी गलियों से लेकर पुलिस की जांच तक हंगामा मच गया। आरोपी कौन है और हत्या क्यों कि इसे लेकर पुलिस के तमाम आला अधिकारी जांच में जुट गए। दिल्ली और हरियाणा पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर बहादुरगढ़ के सचिन (30) नामक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर उससे लगातार पूछताछ की है। इस मामले में आरोपी ने गई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। हरियाणा पुलिस सूत्रों ने दावा किया है कि हिमानी और सचिन एक दूसरे को करीबन एक साल से जानते थे।

आरोपी मोबाइल की एसेसरीज की दुकान चलाता है

हत्या के कारणों को जानने के लिए पूछताछ



### हिमानी की मां का शक

हिमानी नरवाल हत्याकांड पर उनकी मां का भी बयान आया था। उन्होंने कहा मुझे यकीन है कि आरोपी कोई जाना-पहचाना व्यक्ति है या तो पार्टी का कोई व्यक्ति या उसके कॉलेज का कोई व्यक्ति या हमारा कोई रिश्तेदार केवल वे ही घर आ सकते हैं मुझे यकीन है कि किसी ने उसके साथ कुछ करने की कोशिश की।

### हिमानी के भाई जतिन बोले

हिमानी नरवाल के भाई जतिन ने कहा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हमें न्याय मिलेगा। हमें अभी भी नहीं पता कि आरोपी कौन है पुलिस ने हमें कोई जानकारी नहीं दी है।

### मोबाइल चार्जर के तार से गला घोंटा

सचिन ने कांग्रेस नेता की मोबाइल चार्जर के तार से गला घोंटकर हत्या की थी। हरियाणा की रोहतक के संपला कस्बे के बस स्टैंड पर एक बैग में एक मार्च को सुबह कांग्रेस नेता की बॉडी मिली थी। इस वीडियो के जरिए हिमानी द्वारा सचिन को ब्लैकमेल करने की बात सामने आ रही है। हिमानी को कई लाख रुपए देने की बात भी सामने आ रही है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं है। आरोपी ने यह भी बताया कि दो मार्च को निकाय चुनाव होने थे, उससे पहले हिमानी ने सचिन को अपने घर बुलाया था। हिमानी सचिन से रुपयों की बार-बार मांग कर रही थी, सचिन ने उसे काफी समझाया, लेकिन हिमानी नहीं मनी।

## रक्षा मंत्री ने दिए समयबद्ध आधार पर समिति की सिफारिशों को लागू करने के निर्देश

# रक्षा सचिव ने राजनाथ को सौंपी उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट, एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को देंगे बढ़ावा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान की सीमाओं से बढ़ते युद्ध के साझा खतरे के बीच सोमवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को वायुसेना के क्षमता विकास के लिए गठित की गई उच्चाधिकार समिति की रिपोर्ट सौंपी। समिति ने बल की युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए कुछ प्रमुख क्षेत्रों की पहचान के साथ अपनी रिपोर्ट में कुछ जरूरी सिफारिशों के तत्काल क्रियान्वयन पर जोर दिया है। जिनकी मदद से वायुसेना कम, मध्यम और दीर्घावधि के हिसाब से अपने इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेगी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रिपोर्ट में वायुसेना और उससे संबंधित एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों (डीपीएसयू) और निजी क्षेत्र के एक साथ मिलकर तय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य करने का भी प्रमुखता के साथ उल्लेख किया गया है। यहां बता दें कि वायुसेना के सामने मौजूदा समय में लड़ाकू विमानों की स्क्वाड्रन की तेजी से घटती संख्या ने भी एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। जिसका जल्द से जल्द समाधान ढूंढे जाने की आवश्यकता है।



**समयबद्ध तरीके से लागू हो सिफारिशें**

*रक्षा मंत्री ने समिति की रिपोर्ट और उसमें की गई सिफारिशों की प्रशंसा करते हुए इन्हें समयबद्ध रूप से एक-एक करके लागू करने का निर्देश दिया। बीते दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ही इस उच्चाधिकार समिति के गठन का निर्देश देते हुए वायुसेना के क्षमता विकास से जुड़े हुए सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा के साथ एक साफ-सुथरी कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा था। इसके बाद ही रक्षा सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित की गई। उनके अलावा इसमें उप वायुसेना प्रमुख, सचिव (रक्षा उत्पादन विभाग), डीआरडीओ अध्यक्ष, महानिदेशक (खरीद) और उप वायुसेनाप्रमुख सदस्य सचिव के रूप में शामिल थे।*

### राजधानी में आयोजित सशस्त्र सेना झंडा दिवस-सीएसआर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

## सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध, नागरिक भी करें मदद

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के साथ ही अपने सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमारे जवान कठिन परिस्थितियों के बीच देश की सीमाओं की साहस, दृढ़ता और तत्परता के साथ रक्षा करने का दायित्व निभाते हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य बनता है कि वो हर संभव तरीके से अपने रणबांकुरों का समर्थन करे। यह सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह जानकारी रक्षा मंत्री ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित सशस्त्र सेना झंडा दिवस-कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (एएफएफडी सीएसआर) सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी। सम्मेलन में रक्षा राज्य मंत्री, वायुसेना प्रमुख, सचिव (पूर्व सैनिक कल्याण) और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

**साधारण नहीं कहलाएगा योगदान**

रक्षा मंत्री ने सम्मेलन में मौजूद शीर्ष कॉर्पोरेट प्रमुखों से कहा कि सीएसआर का अर्थ केवल दो फीसदी योगदान नहीं है। बल्कि यह देश के वीर सैनिकों और उनके आश्रितों से दिल से दिल का जुड़ाव है। कॉर्पोरेट द्वारा जो भी योगदान किया जाएगा। वह साधारण नहीं होगा। उन्होंने कहा, आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कल जब आपकी वास्तविक बैलेंस शीट तैयार होगी। तब उसमें देनदारियों से ज्यादा संतुष्टि और खुशी की संपत्तियां होंगी।

**2027 तक भारत बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था**

*राजनाथ ने विश्वास के साथ कहा कि वर्ष 2027 तक निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ भारत दुनिया की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बना लेगा। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें सभी हितधारकों के सम्मिलित प्रयासों से आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने इस फंड में उदारतापूर्वक योगदान करने के लिए कॉर्पोरेट घरानों के प्रयासों की सराहना की और शीर्ष सीएसआर दानदाताओं को सम्मानित किया। मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा इन तमाम गतिविधियों की देखरेख की जाती है। मंत्रालय ने तमाम दानदाताओं को पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक की नई दिल्ली स्थित तीन शाखाओं का खाता नंबर और एक क्यूआर कोर्ड के बारे में जानकारी दी। जिसकी मदद से वह अपनी वित्तीय मदद पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों तक पहुंचा सकते हैं।*

**खबर संक्षेप**

### मोजिला फायरफॉक्स ने बदली प्राइवेसी पॉलिसी

**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते मोजिला ने फायरफॉक्स के लिए नई उपयोग शर्तें जारी की थीं। यूजर्स के तमाम तरह के आरोपों के बाद कंपनी ने कबूल किया है कि वह लोगों की प्रतिक्रिया का स्वागत करता है। मोजिला ने संशोधित शर्तों में अब यह कहा है कि आप मोजिला को फायरफॉक्स संचालित करने के लिए आवश्यक अधिकार प्रदान करते हैं। इसमें आपका डेटा उसी प्रकार सेव किया जाएगा जैसा कि फायरफॉक्स की गोपनीयता सूचना में बताया गया है।

### चंद्रयान की बराबरी नहीं कर पाया ब्लू घोस्ट

**वॉशिंगटन।** रविवार को अमेरिका की प्राइवेट कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस का ब्लू घोस्ट मिशन 1 स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 8:34 बजे मॉन्स लैट्रेल के पास उतरा। यह चंद्रमा के उत्तर-पूर्वी भाग में मारे क्रिसियम में एक ज्वालामुखीय संरचना है। चंद्रयान ने विक्रम लैंडर के साथ में प्रज्ञान नाम का रोवर भी भेजा था, जो चंद्रमा की सतह पर चला। लेकिन गोल्डेन लैंडर में कोई भी रोवर नहीं है। भारत का विक्रम लैंडर चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा था। यहां लैंडिंग करवाना कठिन है।



### यूक्रेन को समर्थन देने में यूरोपीय संघ के नेताओं ने दिखाई एकजुटता

# राष्ट्रपति जेलेंस्की बोले- अब अमेरिका के संग सुरक्षा समझौतों और शांति के लिए होगी चर्चा

*जेलेंस्की ने समर्थन देने पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को धन्यवाद दिया*

*कहा- हम अंतहीन युद्ध नहीं शांति चाहते हैं, पर सुरक्षा गारंटी अहम*

एजेंसी ▶▶ कीव/ लंदन

बीते हफ्ते ट्रंप के साथ मुलाकात में गरमा-गरमी होने के बाद जेलेंस्की लंदन पहुंचे थे। जहां रविवार को यूरोपीय देशों के नेताओं ने यूक्रेन के समर्थन में बैठक की। बैठक के बाद यूरोपीय नेताओं ने यूक्रेन की मदद बढ़ाने पर सहमति जताई। यूरोपीय देशों ने अपना रक्षा बजट बढ़ाने पर भी सहमति दी। हालांकि ये यूरोपीय देश भी और यूक्रेन भी जानते हैं कि उनके लिए अमेरिका को पूरी तरह से दरकिनार करना आसान नहीं होगा। यही वजह है कि जहां वे एक तरफ एकजुटता दिखा रहे हैं, लेकिन साथ ही अमेरिका को भी साधने की कोशिश कर रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने भी वीडियो संदेश जारी कर यही करने की कोशिश की है। लंदन में एक शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने कहा कि वे फ्रांस और कुछ अन्य देशों के साथ मिलकर युद्ध (रूस-यूक्रेन युद्ध) रोकने की योजना बना रहे हैं, जिसे बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को पेश किया जाएगा।

**जेलेंस्की ने यूरोप की एकता की सराहना की**



वहीं वोलोडिमीर जेलेंस्की ने यूरोप की एकता की सराहना करते हुए एक्स पर लिखा कि लंदन सम्मेलन यूक्रेन और हमारे साझा यूरोपीय भविष्य के लिए था। हमें यूरोप से मजबूत समर्थन मिल रहा है - हमारे सैनिकों और नागरिकों दोनों के लिए। उन्होंने कहा कि यूरोप की यह एकता लंबे समय बाद देखने को मिली है और अब अमेरिका के साथ सुरक्षा समझौतों और न्यायसंगत शांति के लिए बातचीत हो रही है। जेलेंस्की ने भविष्य में कई महत्वपूर्ण बैठकों और फैसलों की बात भी कही और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को धन्यवाद दिया। उन्होंने यूरोप को भी समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इन दिनों यूरोप में यूक्रेन के प्रति समर्थन, एकजुटता और सहयोग करने की इच्छा दिख रही है। सभी शांति के लिए एकजुट हैं और ये पूरे यूरोप की सोच है।

**यूरोप में साहस की कमी: पोलैंड पीएम**

यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन में बैठक से पहले पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने कहा कि यह एक विरोधाभास है कि 50 करोड़ यूरोप की जनता 30 करोड़ अमेरिकियों से गुहार लगा रही है कि वे 14 करोड़ रशियन से उनकी रक्षा करें। उन्होंने यूक्रेन युद्ध पर अमेरिका की स्थिति को एक 'दुविधा' बताया और कहा कि हमें इस दुविधा से उबरने की जरूरत है।

**देश की समस्याओं की चिंता करना जरूरी: राष्ट्रपति ट्रंप**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने विरोधियों को जवाब देते हुए कहा कि लोग रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बजाय अमेरिका में हो रही प्रवासी समस्याओं पर ध्यान दें। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा कि हमें पुतिन की चिंता कम और प्रवासी दुष्कर्म गिरोह, ड्रग माफिया, हत्यारे और मानसिक संस्थानों से आए लोगों की ज्यादा फिक्र करनी चाहिए।

**जेलेंस्की ने फिर वीडियो संदेश में अमेरिकी मदद के लिए जताया आभार**

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोमवार को अपने रुख में नरमी लाते हुए एक वीडियो संदेश जारी कर अमेरिकी मदद के लिए आभार जताया है। जेलेंस्की ने एक वीडियो संदेश में कहा कि हम अमेरिका की अहमियत समझते हैं और अमेरिका से हमें अब तक जो भी मदद मिली है, हम उसके लिए उनके आभारी हैं। एक भी दिन ऐसा नहीं गया है, जब हमने कृतज्ञता जाहिर नहीं की है। यह कृतज्ञता हमारी आजादी के संरक्षण के लिए है। यूक्रेन का जुझारुपन, उस पर आधारित है, जो हमारे सहयोगियों ने हमारे लिए और खुद अपनी सुरक्षा के लिए किया है। हम अंतहीन युद्ध नहीं चाहते और हम भी शांति चाहते हैं, लेकिन इसके लिए सुरक्षा गारंटी अहम है।



**एलजी सिन्हा का बड़ा बयान**

## सरकार जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के लिए पूरी प्रतिबद्ध



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि सरकार जम्मू-कश्मीर के लोगों की राज्य के दर्जे की आकांक्षा को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सात साल में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले बजट सत्र को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि यह सत्र महज एक विधायी औपचारिकता नहीं है, बल्कि सुशासन, पारदर्शिता और समावेशी विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों की सबसे बड़ी आकांक्षाओं में से एक पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करना है। सरकार इस आकांक्षा को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। उन्होंने कहा कि सरकार इस आकांक्षा के भावनात्मक और राजनीतिक महत्व को पहचानती है।

**लोगों की आशाओं को पूरा करेंगे**

उपराज्यपाल ने कहा कि यह बजट दस्तावेज न केवल वित्तीय है, बल्कि एक उज्ज्वल भविष्य के लिए जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को भी दर्शाता है। उन्होंने शांति और समृद्धि बनाए रखने और लोगों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई है। सरकार जम्मू-कश्मीर को एक प्रगतिशील अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है। केंद्र शासित प्रदेश में नेकां के नेतृत्व वाली सरकार के गठन के बाद से यह जम्मू-कश्मीर विधानसभा का दूसरा सत्र है। इससे पहले, सरकार के गठन के ठीक 20 दिन बाद पिछले साल 4 से 8 नवंबर तक विधानसभा की बैठक श्रीनगर में हुई थी।

**2018 में पेश किया था आखिरी बजट**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अंतिम बार बजट वर्ष 2018 में प्रस्तुत किया गया था, उस समय जम्मू-कश्मीर पूर्ण राज्य था। 5 अगस्त 2019 को पारित जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत 31 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर राज्य दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर व लद्दाख में पुनर्गठित हुआ। जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा रद्द कर दिया और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों- जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया। गत वर्ष अक्टूबर में विधानसभा का गठन हुआ। विधानसभा का पहला सत्र गत नवंबर में हुआ था।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड और रक्षा मंत्री थियो फ्रेंकेन से मुलाकात

## चीन की आक्रामकता के बीच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मजबूत होंगे भारत, बेल्जियम के आपसी संबंध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन की बढ़ती दादागिरी के बीच भारत और बेल्जियम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने समुद्री संबंधों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सहमत हैं। राजधानी में सोमवार को इस विषय पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड और बेल्जियम के रक्षा मंत्री थियो फ्रेंकेन के साथ एक द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें इस विषय को प्रमुखता के साथ शामिल करते हुए विस्तार से चर्चा की गई। रक्षा मंत्रालय ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दोनों पक्षों ने क्षेत्र में खासतौर पर समुद्री क्षेत्र में रक्षा संबंधों की संभावना पर चर्चा की। दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर भी विचार-विमर्श किया गया।



**राजनाथ ने सराहा बेल्जियम का निवेश**

मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में बेल्जियम के निवेश का स्वागत किया और सुझाव दिया कि बेल्जियम की कंपनियां भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर भारतीय विक्रेताओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत कर अहम भूमिका निभा सकती हैं। भारत और बेल्जियम एक संस्थागत रक्षा सहयोग तंत्र का पता लगाने पर भी सहमत हुए।

### भारत-बेल्जियम के बीच रक्षा, व्यापार, एआई के क्षेत्र में मजबूत होंगे संबंध: एस. जयशंकर

भारत और बेल्जियम के बीच भविष्य में रक्षा, व्यापार, निवेश, कृत्रिम मेधा (एआई), सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा, फार्मास्युटिकल, डिजिटल, मोबिलिटी के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूती मिलेगी। इस बाबत सोमवार को राजधानी में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की बेल्जियम के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवोट के साथ एक अहम द्विपक्षीय बैठक हुई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों वरिष्ठ मंत्रियों की इस बातचीत में आपसी सहयोग से जुड़े हुए सभी जरूरी मुद्दों पर सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने पर सहमति जताई गई। वैश्विक और क्षेत्रीय विकास के अलावा महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक मुद्दे भी बैठक में शामिल किए गए।

**350 व्यापार-उद्योग नेताओं ने की शिरकत**

विदेश मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग को मजबूती प्रदान करने के साथ ही मेक इन इंडिया, डिजाइन इन इंडिया और रिसर्च इन इंडिया के लिए नए अवसरों की तलाश का मुद्दा भी इस वार्ता में शामिल किया गया। दोनों देशों के बीच उद्योग, व्यापार, शिक्षा, नवाचार और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में अच्छे संबंध हैं। आज की वार्ता ने इन्हें परंपरागत रूप से और अधिक बढ़ाने पर रजामंदी दी गई। इसके पूर्व में जयशंकर ने भारत में आर्थिक मिशन का नेतृत्व कर रहीं बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड से मुलाकात की और विश्वास जताते हुए कहा कि उनकी भारत यात्रा से दोनों देशों और भारत-यूरोपीय संघ के बीच मजबूत साझेदारी के लिए अधिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

### ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ होगी महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक

## आज से ब्रिटेन और आयरलैंड की साप्ताहिक यात्रा पर रहेंगे जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह चुनौतीपूर्ण बने हुए अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मंगलवार, 4 मार्च से 9 मार्च तक ब्रिटेन और आयरलैंड की साप्ताहिक यात्रा पर रहेंगे। जिसमें उनकी अपने समकक्ष और ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। आपसी संबंधों से जुड़े हुए द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दे दोनों की वार्ता में प्रमुखता के साथ शामिल किए जाएंगे। भारत के विदेश मंत्री अपनी यात्रा में ब्रिटेन की सरकार के कुछ अन्य अधिकारियों के साथ ही भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि डॉ. जयशंकर की इस यात्रा से भारत के ब्रिटेन और आयरलैंड के साथ संबंधों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

**एफटीए पर हाल ही में शुरू हुई बातचीत**

गौरतलब है कि भारतीय विदेश मंत्री की ब्रिटेन की यह यात्रा एक ऐसे समय में हो रही है। जब बीते दिनों यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन व ईयू के कॉलेज ऑफ कमिशनर्स की भारत की यात्रा संपन्न हुई है और उससे थोड़ा पहले पिछले महीने 24 फरवरी को दोनों देशों के व्यापार व वाणिज्य मंत्रियों की बैठक में एक बार फिर से भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर नए सिरे से बातचीत शुरू करने के ऐलान किया गया है। इसके अलावा दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बातचीत में यह देखना भी दिलचस्प होगा कि व्हाइट हाउस में अमेरिका और यूक्रेन के राष्ट्रपति के बीच हालिया हुई तीखी नोंकझोंक के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया जाता है या नहीं।



फाइल फोटो

**दोनों के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी**

मंत्रालय ने कहा कि डॉ. जयशंकर 6 से 7 मार्च तक आयरलैंड की यात्रा करेंगे। वहीं, भारत और ब्रिटेन की बात करें तो दोनों देशों के बीच एक मजबूत व्यापक रणनीतिक साझेदारी है। जो रक्षा और सुरक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित लोगों के लोगों से संबंध जैसे विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से मजबूत हो रही है। भारत और आयरलैंड के बीच साझा मजबूत मित्रवत संबंध हैं, जिनका आधार लोकतांत्रिक मूल्य, सांस्कृतिक संबंध और बढ़ती हुई आर्थिक गतिविधियां हैं। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर की आयरलैंड के विदेश मंत्री साइमन हैरिस, अन्य अधिकारियों और भारतीय समुदाय के लोगों के साथ मुलाकात होगी।

**हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा**

## आज से ऑस्ट्रेलिया की 4 दिनी यात्रा पर रहेंगे सीडीएस जनरल चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान मंगलवार से ऑस्ट्रेलिया की चार दिवसीय (4 से 7 मार्च तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जहां उनकी ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल के प्रमुख जनरल एडमिरल डेविड जॉनसन, रक्षा सचिव ग्रेग मोरियार्टी और तीनों सशस्त्र सेनाओं के प्रमुखों के साथ बातचीत होगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, सीडीएस की यह यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को रेखांकित करती है। जो व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत राजनयिक और सैन्य सहयोग को मजबूत करने के लिए दोनों की आपसी प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। इनसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को भी काफी बढ़ावा मिलता है। अपनी यात्रा में सी डी ए स ऑस्ट्रेलिया के फोर्स कमांड मुख्यालय का दौरा भी करेंगे। जिसका उद्देश्य ऑस्ट्रेलियाई परिचालन कमान संरचना की जानकारी प्राप्त करना और संयुक्त अभियानों के लिए संभावित अवसरों पर चर्चा करना है। इसके अलावा वह ऑस्ट्रेलिया के फ्लीट कमांडर और संयुक्त ऑपरेशन कमांडर से भी मुलाकात करेंगे। सीडीएस ऑस्ट्रेलिया के रक्षा कॉलेज भी जाएंगे और वहां पर अधिकारियों को संबोधित करेंगे।



**जनवरी तक पेट्रोल में 19.6 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग हासिल की**

# दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बायोफ्यूल उत्पादक देश बना 'भारत'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि ग्लोबल एनर्जी लैंडस्केप में भारत ने अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए तीसरे सबसे बड़े बायोफ्यूल उत्पादक के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जो कि स्वच्छ और अक्षय ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम को दिखाता है। पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि भारत ने इस साल जनवरी तक पेट्रोल में 19.6 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग हासिल कर लिया है और मूल 2030 शेड्यूल से पांच साल पहले ही 20 प्रतिशत हासिल करने की तैयारी है, जिससे ईंधन आयात और उत्सर्जन में कमी आएगी।

**एलएनजी टर्मिनल क्षमता में दुनिया का चौथा देश**

**पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में भारत 7वें स्थान पर**



**वैश्विक व्यापार और ईंधन सुरक्षा मजबूत हुई**

*पुरी ने कहा कि भारत अब एलएनजी टर्मिनल क्षमता में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश बन गया है, जो एक स्थिर और सुरक्षित एनर्जी सप्लाई सुनिश्चित करता है। देश में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वैश्विक रिफाइनिंग क्षमता भी है, जो एक प्रमुख ऊर्जा केंद्र के रूप में इसकी भूमिका को मजबूत करती है। इसने भारत को रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों का 7वां सबसे बड़ा निर्यातक बनने में भी सक्षम बनाया है, जिससे वैश्विक व्यापार और ईंधन सुरक्षा मजबूत हुई है।*

**इथेनॉल100 ईंधन 400 से अधिक आउटलेट पर उपलब्ध**

केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि ई 100 ईंधन अब देश भर में 400 से अधिक आउटलेट पर उपलब्ध है, जो भारत को स्वच्छ, हरित भविष्य के करीब ले जा रहा है। यह प्रगति, इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी की यात्रा है। उन्होंने कहा कि शांत शहर डिगबोई से दुनिया के टॉप एनर्जी बाजारों तक, भारत की पेट्रोलियम यात्रा पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा निर्देशित लचीलेपन और प्रगति की कहानी है।

**इथेनॉल ब्लेंडिंग पहल ने किसानों की आय में वृद्धि की**

आधिकारिक जानकारी के अनुसार पिछले 10 वर्षों के दौरान इथेनॉल ब्लेंडिंग पहल ने किसानों की आय में वृद्धि की है क्योंकि यह गन्ने से बनाया जाता है, जो ग्रामीण रोजगार में वृद्धि को दर्शाता है। साथ ही 1.75 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर सीओ2 उत्सर्जन में कमी आई है और इसके परिणामस्वरूप 85,000 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है।

## खबर संक्षेप



### इनियान ने जीता कान ओपन शतरंज

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर पा इनियान ने हमवतन वी प्रनेश को नौवें और आखिरी दौर में हराकर फ्रांस में चल रहा कान इंटरनेशनल ओपन जीत लिया। इनियान ने 7.5 अंक हासिल किए जबकि दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आराध्य गर्ग दूसरे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन कजाखस्तान के काजिबेक नोदेरबेक के भी सात अंक थे जिन्हें टाइब्रेक के बाद तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इनियान ने टूर्नामेंट में छह मुकाबले जीते और तीन ड्रॉ खेले। इस जीत से उन्हें 12 रेटिंग अंक मिले और अब वह 2600 ईएलओ अंक के करीब पहुंच गए हैं। उनके 2579 ईएलओ अंक हैं।

### फीफा ने पीएफएफ पर लगाया प्रतिबंध हटाया

**लाहौर।** विश्व फुटबॉल की नियामक ईकाई फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ पर लगाया गया प्रतिबंध हटा लिया है चूंकि पाकिस्तान ने खेल के सुचारू संचालन के लिए अपने संविधान में जरूरी बदलाव कर लिए हैं। फीफा ने पीएफएफ पर पांच फरवरी को प्रतिबंध लगाया था क्योंकि कांग्रेस सदस्य संविधान में जरूरी बदलाव नहीं कर सके थे। पीएफएफ कांग्रेस के सदस्यों ने गुरुवार को जरूरी संशोधनों को लागू करने के लिए सहमति जताई। पीएफएफ के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि फीफा ने उन्हें रविवार को बताया कि प्रतिबंध हटा लिया गया है।




### असम ने बिहार को 2-1 से हराया

**पंचकूला।** असम ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन बी मैच में सोमवार को यहां ताऊ देवी लाल स्टेडियम में बिहार को 2-1 से हराया। पहले क्वार्टर में कड़ी टक्कर के बाद असम की कप्तान मुनमुनी दास (29वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम का खाता खोला। खुशबू प्रजापति (59वें मिनट) भी सेट पीस को गोल में बदलकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। बिहार के लिए 60वें मिनट में नुसरत खातून ने सांत्वना गोल किया। आंध्र प्रदेश ने डिवीजन सी के मैच में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की।



### ओलंपिक में नए दर्शक लाएगा क्रिकेट : को

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे चल रहे सेबेस्टियन को ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में क्रिकेट को शामिल किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि इस कदम से नए बाजार मिलेंगे जो ओलंपिक आंदोलन के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा। क्रिकेट 1900 सत्र के बाद पहली बार टी20 प्रारूप में ओलंपिक में लौटा रहा है। इसे 2028 ओलंपिक के लिए पांच अतिरिक्त खेलों में शामिल किया गया है। यह निर्णय 2023 में लिया गया था। को वर्तमान में विश्व एथलेटिक्स के प्रमुख हैं।



### हरफनमौला अक्षर ने पाया आत्मविश्वास

**दुबई।** सफेद गेंद के प्रारुप में उपयोगी हरफनमौला साबित हो रहे अक्षर पटेल की इस कामयाबी का श्रेय उनके आत्मविश्वास को जाता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी के आखिरी ग्रुप मैच में भारत को 44 रन से मिली जीत में अक्षर ने 42 रन बनाने के अलावा केन विलियमसन का महत्वपूर्ण विकेट भी लिया। अक्षर ने मैच के बाद मिश्रित जोन में मीडिया से कहा, 'पहले मुझे इतनी कामयाबी नहीं मिल पा रही थी और यह मेरे दिमाग में था कि मैं अपनी प्रतिभा दिखा नहीं पा रहा हूं। शायद मैं खुद पर ज्यादा दबाव डाल रहा था जबकि मुझे पता था कि मुझमें प्रतिभा है।'



**तीन बड़े आईसीसी टूर्नामेंट में भारतीय टीम को सेमीफाइनल और फाइनल में मिली है हार**

**चैंपियंस ट्रॉफी : पहला सेमीफाइनल मुकाबला आज दोपहर 2.30 बजे**

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ 14 वर्ष की नाकामियों का हिसाब चुकता करने उतरेगी भारतीय टीम


एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मंगलवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में मिले हर जख्म पर मरहम लगाने का इरादा होगा। इसके साथ ही 2023 में अपनी धरती पर विश्व कप फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने का भी यह सुनहरा मौका है जब भारत के दस मैचों के अश्वमेध अभियान पर फाइनल में आस्ट्रेलिया ने नकेल कसी थी।

भारत को आखिरी बार आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में आस्ट्रेलिया पर जीत 2011 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मिली थी। भारत को आस्ट्रेलिया ने 2015 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल और 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में हराया। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 में भी भारत को हराकर खिताब जीता। इस बार भारतीय टीम चौदह बरस की नाकामियों का हिसाब चुकता करने उतरेगी और उसके आतमविश्वास का कारण टीम में आला दर्जे के स्पिनरों की मौजूदगी है।







### आस्ट्रेलिया के पास एक स्पिनर



आस्ट्रेलिया के पास एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर एडम जम्पा है। उसे अनियमित स्पिनरों ग्लेन मैक्सवेल और ट्रेविस हेड से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मैथ्यू शॉर्ट पिंडली की चोट के कारण बाहर हो गए हैं जिससे आस्ट्रेलिया के पास से एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प चला गया। ऐसे में विराट कोहली, रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल की चुनौती काफी कठिन होगी।

### पांच स्पिनरों का चयन बना मास्टरस्ट्रोक



टूर्नामेंट से पहले टीम में पांच स्पिनरों को शामिल करने के फैसले की काफी आलोचना हुई थी लेकिन दुबई की धीमी पिचों पर अब यह मास्टरस्ट्रोक साबित हो रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि भारत को सारे मैच दुबई में खेलने का फायदा मिल रहा है लेकिन असलियत यह है कि भारतीय टीम ने अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार के प्रयास किए हैं। ऐसा नहीं है कि पिच से इतनी टर्न मिल रही है कि भारतीय गेंदबाजों कामयाब रहे है बल्कि इन पिचों पर उनका संयम कारगर साबित हुआ है।

### चोटिल शॉर्ट की जगह कोनोली शामिल



युवा स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला कूपर कोनोली को चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबले के लिए चोटिल मैथ्यू शॉर्ट की जगह आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। शॉर्ट को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान पिंडली में चोट लगी थी। पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 21 वर्ष के कोनोली को टूर्नामेंट में यात्रा रिजर्व में रखा गया था। आईसीसी टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने इस बदलाव को सोमवार को मंजूरी दे दी।

### यह हमारा घर नहीं भड़के रोहित

कप्तान रोहित शर्मा ने इस धारणा को खारिज किया कि सारे मैच दुबई में खेलने से उनकी टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में फायदा हो रहा है। रोहित ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हर बार पिच से अलग तरह की चुनौती मिलती है। यहां हमने तीन मैच खेले हैं और तीनों मैचों में पिच का स्वभाव अलग रहा है। यह हमारा घर नहीं है, यह दुबई है। हमने यहां उतने मैच भी नहीं खेले हैं। यह हमारे लिए भी नया है। यहां चार या पांच पिचें इस्तेमाल की जा रही है। मुझे नहीं पता कि सेमीफाइनल में कौन सी पिच होगी। लेकिन जो भी हो, हमें खुद को ढालना होगा और उस पर खेलना होगा।'



### चार स्पिनर लुभावना संयोजन

भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को उतारा। चारों ने मिलकर नौ विकेट लिए और भारत ने 44 रन से जीत दर्ज की। रोहित ने कहा, 'हमें सोचना होगा। अगर हम चार स्पिनरों को लेकर उतरना भी चाहें तो चार स्पिनरों की जगह कैसे बनेगी। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हम यहां के हालात से वाकिफ हैं और हमें पता है कि क्या काम करेगा और क्या नहीं। इस पर विचार करेंगे कि सही संयोजन क्या होगा लेकिन यह काफी लुभावना विकल्प है।'

**आईपीएल की उल्टी गिनती शुरू**

## 10 में से 9 कप्तान तय




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के लिए उल्टी गहनती शुरू हो गई। 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में अब सिर्फ 17 दिन ही शेष बचे हैं। आईपीएल में अब तक 10 में से 9 टीमों के कप्तान तय हो चुके हैं। हम आपको यहां सभी कप्तानों के बारे में बारे में बता रहे हैं।

**चेन्नई सुपरकिंग्स**
पांच बार आईपीएल जीतने वाली टीम ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में उतरेगी। वह पिछले सीजन में टीम के कप्तान बने थे।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने ने अगले सीजन के लिए रजत पाटीदार को कप्तान बनाया है। वह विराट कोहली जैसे दिग्गजों के रहते हुए टीम की कमान संभालेंगे।

**सनराइजर्स हैदराबाद**
2016 की चैंपियन टीम सनराइजर्स हैदराबाद एक बार फिर से ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस की कप्तानी में उतरेगी। कमिंस ने पिछले सीजन में टीम को फाइनल तक पहुंचाया था।

**मुंबई इंडियंस**
5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस एक बार फिर से हार्दिक पांड्या की कप्तानी में उतरेगी। हार्दिक को पिछले सीजन में रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया था। इसके बाद फ्रेंचाइजी की काफी आलोचना हुई।

**गुजरात टाइटंस**
शुभमन गिल एक बार फिर से गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं। पिछले सीजन में वह हार्दिक पांड्या के मुंबई इंडियंस में जाने के बाद टीम के कप्तान बने थे। गिल की कप्तानी में गुजरात आठवें स्थान पर रहा था।

**राजस्थान रॉयल्स**
2008 में खिताब जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम फिर से संजू सैमसन की कप्तानी में खेलेगी। सैमसन ने लगातार अपनी कप्तानी से प्रभावित किया है और टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाया। राजस्थान 2022 में फाइनल तक पहुंचा था।

**कोलकाता नाइटराइडर्स**
कोलकाता नाइट राइडर्स ने आगामी सीजन के लिए अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान बनाया है। रहाणे के पास आईपीएल में कप्तानी का लंबा अनुभव है। वह इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रह चुके हैं।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**
लखनऊ ने मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपए में खरीदा। पंत को कप्तानी भी सौंपी गई है। वह इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान थे।

**पंजाब किंग्स**
पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को नया कप्तान बनाया है। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। अय्यर ने अपनी कप्तानी में पिछले साल कोलकाता को चैंपियन बनाया था।

### दिल्ली कैपिटल्स को कप्तान की तलाश

दिल्ली कैपिटल्स ने नए कप्तान के नाम का ऐलान नहीं किया है। पंत अब लखनऊ की टीम में जा चुके हैं। दिल्ली के पास कप्तानी के लिए 3 बड़े ऑप्शन हैं। केएल राहुल, अक्षर पटेल और फाफ डुप्लेसिस में से किसी एक को कप्तान बनाया जा सकता है।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 11 से 13 मार्च तक आयोजित की जाएगी

**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी में 11 से 13 मार्च तक आयोजित होने वाली पहली विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में 20 से अधिक देशों के पैरा एथलीट भाग लेगें। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में तीन दिनों तक चलने वाले आयोजन के 90 स्पर्धाओं में जर्मनी, जापान, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, ब्राजील, रूस, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान जैसे देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। इस आयोजन में एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) के अध्यक्ष माजिद रशीद और एशियाई पैरालंपिक समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तारेक सूई शामिल होंगे। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, ''भारत में ग्रां प्री की मेजबानी करना पैरा-खेलों के प्रति हमारे देश के समर्पण का प्रमाण है। यह आयोजन सिर्फ प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है। यह देश में भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए एक मिसाल कायम करने के बारे में है।'

### कोहली ने छुए अक्षर पटेल के पैर...



**दुबई।** रविवार को भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 249 रनों का स्कोर बनाया। जिसके जवाब में मिचेल सैंटनर की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड टीम 205 रनों पर सिमट गई। दरअसल, कीवी पारी की शुरूआत से ही भारत और जीत के बीच केन विलियमसन मजबूती से जमे हुए थे। लेकिन अक्षर पटेल ने अपने स्पेल की आखिरी गेंद पर केन विलियमसन को आउट कर दिया। अक्षर पटेल की गेंद पर विकेटकीपर केएल राहुल ने केन विलियमसन को स्टंप किया। केन विलियमसन ने 81 रनों की अच्छी पारी खेली। जब अक्षर पटेल ने केन विलियमसन को आउट किया, उसके बाद यादगार नजारा देखने को मिला। दरअसल, विराट कोहली ने अक्षर पटेल के पैर छू लिए। इस तरह विराट कोहली ने अक्षर पटेल को विकेट लेने पर बधाई दी। बहरहाल, सोशल मीडिया पर विराट कोहली और अक्षर पटेल का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

### खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का आयोजन 9 से

**श्रीनगर।** खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 के दूसरे चरण का आयोजन नौ से 12 मार्च तक गुलमर्ग में होगा। कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में पिछले कुछ दिनों से भारी हिमपात के बाद यह फैसला लिया गया। इन शीतकालीन खेलों को पहले 22 से 25 फरवरी तक आयोजित होना था लेकिन गुलमर्ग में बर्फ की कमी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। कश्मीर में इस साल हिमपात काफी कम हुआ है। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुजहत गुल ने बताया, 'हम नौ से 12 मार्च तक खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। देश भर के शीर्ष शीतकालीन खेल एथलीटों के इस आयोजन में भाग लेने की उम्मीद है।' यह शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण है जहां स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## पंत लॉरियस 'वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर' पुरस्कार के लिए नामित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना से बचने के खेल में वापसी पर प्रतिष्ठित लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार 2025 के 'कमबैक ऑफ द ईयर (वापसी करने वाले साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी)' श्रेणी में नामांकित किया गया है। पुरस्कार समारोह 21 अप्रैल को मैड्रिड में होगा। पंत को 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय कार दुर्घटना का सामना करना पड़ा था। देहरादून के एक अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद इस 27 साल के खिलाड़ी को मुंबई ले जाया गया, जहां बीसीसीआई के विशेषज्ञ सलाहकार की देखरेख में उनका इलाज हुआ।




दाएं घुटने के तीनों लिगामेंट की सर्जरी के बाद पंत ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा किया। पंत चोट से उबरने के बाद पिछले साल मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी तत्कालीन आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैदान में उतरे। पंत ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में विजयी वापसी की और कार दुर्घटना के बाद अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक बनाया। उनके प्रदर्शन ने भारत को 280 रनों से जीत दिलाने में मदद की।

**शतरंज टूर्नामेंट**

## प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंदा ने अरावेंद से ड्रॉ खेला




एजेंसी ▶▶| प्राग

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने भारत के अराविंद चिदंबरम के साथ प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में ड्रॉ खेला और इन दोनों के पास अब पूरे एक अंक की बढ़त हो गई है।

अराविंद और प्रज्ञानानंदा के 3.5 अंक हैं जबकि चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेइ यि, नीदरलैंड के अनीश गिरि, वियतनाम के कुआंग लीम ली और जर्मनी के विंसेंट केमेर इनके एक अंक पीछे हैं। बाकी चार प्रतियोगी छठे स्थान पर हैं जिनमें चेक गणराज्य के डेविड नवारा और एंगुयेन थाइ डेइ वान, अमेरिका के सैम शैंकलैंड और तुर्किए के गुरेल एडिज शामिल हैं। दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के अभी चार दौर बाकी हैं। इस दिन सिर्फ एक मुकाबले का नतीजा निकल सका जब वेइ यि ने शैंकलैंड को हराया। अनीश ने डेइ वान से ड्रा खेला जबकि डेविड नवारा ने केमेर को ड्रॉ पर रोका। ली ने एडिज के साथ ड्रॉ खेला।

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 164.56 की स्ट्राइक रेट से बनाए 469 रन**

## रहाणे आईपीएल 2025 से पहले बने केकेआर के कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को घरेलू टी20 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी सौंपी गई। छत्तीस साल के रहाणे ने भारत के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 85 टेस्ट मैच खेले हैं।

उन्होंने हालांकि सबसे छोटे प्रारूप में खुद को फिर से स्थापित करते हुए इस साल सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में 164.56 की स्ट्राइक रेट से 469 रन बनाए। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आईपीएल में भी पिछले कुछ वर्षों में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आक्रमक बल्लेबाजी की है।



रहाणे ने केकेआर के कप्तान के रूप में श्रेयस अय्यर की जगह ली है। केकेआर की कप्तानी करने की दौड़ में शामिल रहे वेंकटेश अय्यर को उपकप्तान बनाया गया है।रहाणे पहले भी केकेआर के लिए खेल चुके हैं और फ्रेंचाइजी ने उन्हें मेगा नीलामी में उनके आधार मूल्य 1.5 करोड़ रुपए में खरीदा था।

रहाणे ने एक बयान में कहा, 'केकेआर की अगुवाई करने का मौका मिलना सम्मान की बात है। यह आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक बेहतरीन और संतुलित टीम है। मैं सभी के साथ काम करने और अपने खिताब को बचाने की चुनौती लेने के लिए उत्सुक हूं।'

### तीन खिताबों के सम्मान में तीन सितारे पंजीकृत

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के तीन बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने आधिकारिक तौर पर जेमिनी (मिथुन) तारामंडल के आसपास तीन सितारों को पंजीकृत किया है जो टीम के 2012 (कोरबो), 2014 (लोरबो) और 2024 (जीतबो) में उनकी खिताबी जीत का प्रतीक है। साफ आसमान में इन तारों को कोऑर्डिनेट्स (निर्देशांक) का उपयोग करके या क्यूआर कोड को स्कैन करके देखा जा सकता है। केकेआर की मुख्य विपणन अधिकारी बिंदा डे ने कहा, 'सितारों को उन तारीखों पर पंजीकृत किया गया है जब हमने तीनों खिताब जीते थे। इन्हें 27 मई 2012, एक जून 2014 और 26 मई 2024 को पंजीकृत किया गया है।'

### गेफेनी और इलिंगवर्थ होंगे मैदानी अंपायर

**दुबई।** न्यूजीलैंड के क्रिस गेफेनी और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मैदानी अंपायर होंगे। इंग्लैंड के माइकल गाफ तीसरे अंपायर और जिम्बाब्वे के एंडी पायक्रॉफ्ट मैच रैफरी होंगे। इलिंगवर्थ रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच ग्रुप ए के मैच में भी अंपायर थे। गेफेनी को 25 फरवरी को रावलपिंडी में आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के मैच में अंपायरिंग करनी थी लेकिन बारिश के कारण मैच रद्द हो गया।



## सर्कुलर इकोनामी फोरम में महापौर और आयुक्त शामिल



**भोपाल।** केंद्रीय आवास मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 12वें क्षेत्रीय और सर्कुलर इकोनामी फोरम का शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित अनेक देशों व भारत के प्रदेशों के मंत्री व अन्य प्रतिनिधियों के साथ भोपाल महापौर मालती राय व निगमायुक्त हरेंद्र नारायन भी शामिल रहे। जयपुर में भारत सरकार के शहरी कार्य मंत्रालय व संयुक्त राष्ट्र के क्षेत्रीय विकास केंद्र व अन्य संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय फोरम में शहरी विकास, तकनीकि नवाचार और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

## लैब टेक्नोलॉजिस्ट की संगोष्ठी आज

**भोपाल।** मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट का तीसरा राष्ट्रीय महाधिवेशन एमएल टीयंस कॉन 2025 मंगलवार को पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक कॉलेज के रजत जयंती सभागार में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, मप्र पैरामेडिकल कॉउसिंल के रजिस्ट्रार डॉ. शैलोज जोशी, आरोग्य भारतीय संस्था के मिहिर कुमार, डॉ रंजीत सिंह, डॉ अशोक कुमार होंगे।

### अमृत स्टेशन योजना में धीमी गति से चल रहे स्टेशनों के पुनर्विकास के काम

# जीएम ने अधिकारियों को लगाई फटकार तेजी से काम पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

पमरे जोन महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने सोमवार को मंडल कार्यालय भोपाल में मंडल के कार्यों की समीक्षा बैठक की। महाप्रबंधक ने मंडल में चल रही प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद भोपाल-इटारसी रेलखंड का संरक्षा निरीक्षण किया।

रेलवे सूत्रों के अनुसार अमृत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के पुनर्विकास की धीमी रफ्तार को लेकर जीएम शोभना बंधोपाध्याय ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तेजगति से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए ताकि यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं जल्द मिल सके और रेलवे राजस्व में भी बढ़ोतरी हो सके। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति), वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया सहित मंडल के शाखा अधिकारी मौजूद थे।

### महाप्रबंधक ने भोपाल-इटारसी रेलखंड का किया संरक्षा निरीक्षण



महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने भोपाल से इटारसी रेलखंड का संरक्षा निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टेशनों, सिग्नल प्रणाली, ट्रैक की स्थिति और सुरक्षा एवं संरक्षा मानकों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रैकों एवं पुलों का रखरखाव नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाए, जिससे ट्रेनों की गति और सुरक्षा में सुधार हो।

### भोपाल-रामगंज मंडी नई रेल लाइन प्रोजेक्ट

*महाप्रबंधक ने भोपाल-रामगंजमंडी नई रेल लाइन परियोजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्रीय विकास और यात्रियों की सुविधा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस रेललाइन से माल परिवहन की क्षमता भी बढ़ेगी, जिससे व्यापार और औद्योगिक क्षेत्रों को लाभ मिलेगा।*

### रेलवे के विकास कार्यों को गति देने के निर्देश

*बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि रेलवे यात्रियों की सुविधाओं और माल परिवहन में सुधार लाने के लिए विभिन्न विकास परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि "यात्री और मालभाड़ा सुविधाओं में सुधार के लिए सतत् प्रयासरत रहना चाहिए। संरक्षा, सुरक्षा और यात्री सुविधा हमारी प्राथमिकता है।*

## दो-दो फेरे के लिए रानी कमलापति-दानापुर के बीच चलेगी होली विशेष ट्रेन

रेलवे की ओर से होली पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 01661/01662 रानी कमलापति-दानापुर होली विशेष ट्रेन दो-दो फेरे के लिए संचालित की जाएगी। यह ट्रेन भोपाल मंडल के नर्मदापुरम एवं इटारसी स्टेशनों पर हाल्ट लेगी। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-दानापुर होली विशेष ट्रेन 12 मार्च एवं 15 मार्च को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 14.25 बजे प्रस्थान कर, 15.25 बजे नर्मदापुरम, 15.55 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन सुबह 08.45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01662 दानापुर-रानी कमलापति होली विशेष ट्रेन 13 मार्च एवं 16 मार्च को सुबह 11.45 बजे दानापुर स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 07.30 बजे इटारसी, 08.03 बजे नर्मदापुरम एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए सुबह 09.50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।

# प्रदेश की पहली हनी ट्रेल बनी बीयू में, डीसीबी बैंक के सीएसआर से हो रही स्थापना

### *बीयू के कुलगुरु ने की शुरुआत, कई प्रोफेसर रहे उपस्थित*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



बरकतउल्ला विश्वविद्यालय कैंपस में प्रदेश की पहली हनी ट्रेल बनाई गई है, जो कि विद्यार्थियों में मधुमक्खियों के प्रति जागरुकता पैदा करने का काम करेगी। इस हनी ट्रेल के निर्माण में मुंबई की संस्था अंडर द मैंगों ट्री का तकनीकी सहयोग लिया गया है।

यह डीसीबी बैंक के सीएसआर द्वारा इसे स्थापित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रो. श्रीनिवास, डॉ. लक्ष्मी एवं डीसीबी बैंक के अधिकारी वरिष्ठ पत्रकार अभिलाष खांडेकर तथा विवि के प्रोफेसर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। आमतौर पर मधुमक्खियों को शहद देने वाली मक्खियों के रूप में जाना जाता है। उनके तीखे डंक के कारण उनसे डरते भी हैं, परंतु इसके अलावा भी इनका पर्यावरण में बड़ा योगदान होता है। मधुमक्खियां पौधों में परागकणों को फैला कर परागण में मदद करती हैं, जिससे वानस्पतिक जगत फलता फूलता है।

## स्वास्थ्य संस्थाओं में मनाया गया विश्व श्रवण दिवस

**भोपाल।** विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में श्रवण रोग जांच, परामर्श, उपचार एवं जागरुकता शिविर आयोजित किए गए। जिनमें कानों की देखभाल, सफाई, श्रवण बाधिता की पहचान के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एंड वैलनेस केंद्रों, संजीवनी केंद्रों पर श्रवण जांच एवं परामर्श शिविरों का आयोजन किया गया। जेपी अस्पताल में श्रवण जागरुकता रैली निकाली गई। साथ ही श्रवण संबंधी समस्याओं की स्क्रीनिंग के लिए विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में वरिष्ठ नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा पटेल द्वारा 63 लोगों की श्रवण जांच की गई।

## निटर में छात्र-छात्राओं के लिए पीएम ऊषा योजना के तहत प्रशिक्षण

### *पहले चरण में 100 विद्यार्थी ले रहे ट्रेनिंग*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के यूआईटी के इंजीनियरिंग और एमएससी के स्टूडेंट्स के लिए भारत सरकार की पीएम ऊषा योजना के तहत सीमेंस सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में पांच दिवसीय ट्रेनिंग दी जा रही है। सोमवार से शुरू किए ट्रेनिंग प्रोग्राम के पहले चरण में 100 विद्यार्थी, आईओटी, रोबोटिक्स, एआई-एमएल, सिमुलेशन एंड ऑप्टिमाइजेशन, सीएनसी लैब्स में 7 मार्च तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर निटर निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने सभी छात्रों से कहा कि आपके कॅरियर के लिए ये बड़ा अवसर है कि आपको इस तरह



की हाईटेक लैब्स में ट्रेनिंग मिल रही है। एक अच्छे इंजीनियर को इनोवेटर, क्रिएटर, डेवलपर और प्रोड्यूसर होने के साथ-साथ समाज के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। समाज की समस्याओं की पहचान करें और उनके हल के लिए नवाचार कर अपनी विशिष्ट पहचान बनाएं। डीन कार्पोरेट एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स प्रो. पीके पुरोहित ने बीयू के कुलगुरु प्रो. एसके जैन व यूआईटी डायरेक्टर प्रो. नीरज गौर दिया धन्यवाद दिया।

## रुद्राक्ष महोत्सव के समापन पर सीहोर से भोपाल तक भीड़

**भोपाल।** कुबेरेश्वर धाम में चल रहे रुद्राक्ष महोत्सव का सोमवार को समापन हो गया। इसके चलते सिहोर से लेकर भोपाल स्टेशन तक यात्री की भीड़ देखने को मिली। भोपाल स्टेशन पर शाम 5 बजे के बाद तो पैर रखने तक के लिए जगह नहीं दिखाई दे रही थी। शाम को जो भी ट्रेन आ रही थी। कई लोग पटरी के पास खड़े होकर दूसरी साइट से बैठने की कोशिश करते नजर आए। दरअसल दूसरे राज्य से रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल होने आए लोग महोत्सव के समापन होने पर वापसी जाने के लिए ट्रेन में सवार होने के लिए सिहोर से ऑटो टैक्सी से भोपाल स्टेशन पहुंचे। दिल्ली, मुंबई और छतीसगढ़ की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ इस कदर उमड़ी रही है कि यात्रियों को खड़े होने तक की जगह नहीं मिल रही है। सामान्य दिनों में भीड़ का जो नजारा जनरल कोच में नजर आता था, इन दिनों वैसा ही नजारा स्लीपर कोच में देखने में आ रहा है।

### दो दिन बाद जारी की सूचना

## पातालकोट एक्सप्रेस का बदलेगा नंबर फिरोजपुर-सिवनी रूट पर बदला समय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

फिरोजपुर से सिवनी के बीच चलने वाली पातालकोट एक्सप्रेस के नंबर और समय में बदलाव किया गया है। यह बदलाव रेलवे की ओर से एक मार्च से कर दिया गया था। लेकिन भोपाल रेल मंडल की ओर से दो दिन बाद सूचना जारी की गई। इसके चलते जानकारी के अभाव में रिजर्वेशन कराने वाले यात्री परेशान होते रहे।

जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल की ओर से वर्तमान में गाड़ी क्रमांक 14624/14623 के रूप में चलने वाली पातालकोट एक्सप्रेस के नंबर में बदलाव करते हुए। अब 20424/20423 नंबर से संचालित की जाने लगी है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि नई समय सारिणी के अनुसार, गाड़ी संख्या 20424 फिरोजपुर से सुबह 4:10 बजे रवाना होकर शाम 19.55 बजे बीना जंक्शन, 20.31 बजे गंजबासोदा, 20.58 बजे विदिशा, 21.50 बजे भोपाल जंक्शन, 22.08 बजे रानी कमलापति, 23.06 बजे नर्मदापुरम, 23.45 बजे इटारसी जंक्शन एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन सुबह 06.20 बजे सिवनी स्टेशन पहुंच चुकी है। इस बदलाव से कुल यात्रा समय 55 मिनट कम हो गया है। इसी तरह गाड़ी संख्या 20623 सिवनी फिरोजपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस सुबह 08.20 बजे सिवनी स्टेशन से प्रस्थान कर, दोपहर 14.35 बजे इटारसी जंक्शन, 15.03 बजे नर्मदापुरम, 16.18 बजे रानी कमलापति, 16.35 बजे भोपाल जंक्शन, 17.26 बजे विदिशा, 17.55 बजे गंजबासोदा, 19.05 बजे बीना जंक्शन एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन सुबह 11.25 बजे फिरोजपुर कैंट पहुंच चुकी है।

## दिन में 36 डिग्री पार पहुंचा पारा, रातें भी होने लगी गर्म, तापमान हुआ 20

### सिवनी का दिन और खंडवा की रात सबसे गर्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम साफ रहने से धूप का असर बढ़ा है। हवाएं बदल रहीं हैं, लेकिन धूप में तेजी से सोमवार को तापमान में घट-बढ़ रही। सिवनी में जहां दिन का पारा 35.8 डिग्री पर पहुंच गया, वहीं खंडवा में रात का तापमान 20.4 डिग्री रहा है। भोपाल में दिन और रात का तापमान मामूली बदलाव के साथ 32.2 और 15.9 डिग्री पर थमा रहा है। यह दोनों तापमान सामान्य के करीब रहे।

मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार तक ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दो से तीन दिन में हवाएं उत्तरी होने से तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट होगी। अभी पश्चिमी विक्षोभ हिमालय क्षेत्र में सक्रिय होने से प्रदेश में मिलीजुली हवाओं का असर है, जिससे तापमान में बदलाव हो रहा है।



### पांच जिलों में रात का पारा 14 डिग्री से कम

सोमवार को पांच जिलों में रात का पारा 14 डिग्री से नीचे रहा है। इनमें शाजापुर 11.3, अशोकनगर 11.6, पचमढ़ी 12.1, ग्वालियर 13 और मंडला में न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री रहा है।

### पांच जिलों में दिन सबसे गर्म

सिवनी 35.8, खंडवा 35.5, खरगौन 35.4, रतलाम 35 डिग्री के साथ ही नरसिंहपुर में दिन का पारा 34.4 डिग्री रहने से पांच जिले प्रदेश में सबसे गर्म दर्ज किए गए हैं।

### कुछ ऐसा रहेगा ट्रैफिक रूट

## 'जनजाति सम्मेलन' के चलते सीएम हाउस पर आज बदला रहेगा ट्रैफिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मगंलवार सुबह 11 बजे से मुख्यमंत्री निवास पर 'जनजाति सम्मेलन' आयोजित होना है, जिसमें लगभग 4500 की संख्या में आने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान आवश्यकतानुसार मार्ग, यातायात व डायवर्सन व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है, जिसके मुताबिक कार्यक्रम में धार, झाबुआ, बडवानी, रतलाम, नीमच, मन्दसौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, इन्दौर की ओर से आने वाले सीहोर, खजूरी सड़क बायपास से मुबारकपुर होकर एयरपोर्ट, लालघाटी, व्हीआईपी रोड़ से आना-जाना कर सकेंगे। वहीं नर्मदापुरम की ओर से आने वाले मिसरोद, आरआरएल, गणेश मंदिर फ्लाय ओव्हर, अम्बेडकर ब्रिज, एमपी नगर थाना, लिंक रोड नम्बर-1, व्यापम चौराहा, अपेक्स तिराहा, मातामंदिर, भारतमाता चौराहा, स्मार्ट रोड, पॉलिटेक्निक चौराहा, आकाशवाणी से आना-जाना कर सकेंगे। इसी तरह विदिशा, रायसेन, छतरपुर, सागर की ओर से आने वाले वाहन पिपलानी चौराहा, महात्मा गांधी चौराहा, गोविन्द पुरा, थाने के सामने से आईएसबीटी तिराहा, ज्योति फ्लाय ओव्हर, अपेक्स तिराहा, मातामंदिर, भारतमाता चौराहा, स्मार्ट रोड, पॉलिटेक्निक चौराहा, आकाशवाणी से आना-जाना कर सकेंगे।

### यह रहेगी पार्किंग व्यवस्था

- चार पहिया-बोट क्लब हॉटल रणजीत के पास।
- बस-टेगौर हॉस्टल के अन्दर, रविन्द्र भवन के अन्दर पार्किंग सील, रविन्द्र भवन के पीछे जनसम्पर्क कार्यालय के सामने ।
- कार्यक्रम के दौरान किलोल पार्क, आकाशवाणी तिराहा, दूरदर्शन तिराहा से सीएम हॉउस बोट क्लब की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात का दबाव रहेगा।

## सरकार को जगाने आज मंत्रालय कर्मचारी करेंगे सुंदरकांड पाठ

**भोपाल।** पदोन्नति नहीं होने, चौथा समयमान वेतनमान नहीं देने, बीमा योजना लागू नहीं करने, आउटसोर्स कर्मचारियों का शोषण समेत 17 सूत्रीय मांगों को लेकर मंत्रालय कर्मचारी मंगलवार चार मार्च को 108 श्रीहनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ कर कार्य सिद्धि हेतु हनुमान जी महाराज से प्रार्थना कर शासन का ध्यान आकृष्ट करेंगे। संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक और कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने बताया कि प्रदेश के सर्वोच्च शासकीय कार्यालय मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारी लंबे समय से उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं। प्रदेश के अन्य कर्मचारियों की मांगों पर कुछ न कुछ ध्यान दिया जा रहा है लेकिन मंत्रालय की लगातार अनदेखी की जा रही है। पूरे प्रदेश को चौथा समयमान वेतनमान दिया गया लेकिन मंत्रालय को छोड़ दिया गया। नौ साल से पदोन्नतियां बंद हैं। सैकड़ों योग्य और पात्र मंत्रालयीन कर्मचारी अधिकारी बिना पदोन्नति पाये रिटायर हो गए।

# स्थानीय खेल समाचार

### मुख्यमंत्री ने बोट क्लब पर किया 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ

### मंत्री सारंग बोले-प्रदेश की हर विधानसभा में बनेगा खेल परिसर

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र की प्रतिभाओं को मिल रहा बढ़ावा: डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ किया। भोपाल के बड़े तालाब पर आयोजित इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से 500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। यह स्पर्धा 7 मार्च तक चलेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल ही में मध्य प्रदेश ने राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। रोइंग में प्रदेश के खिलाड़ियों ने 9 पदक जीते, जो हमारे खेल कौशल और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से खेल और युवा प्रतिभाओं को नई ऊंचाइयां देने का कार्य किया जा रहा है। आज भोपाल की प्राकृतिक सुंदरता इस चैंपियनशिप की भव्यता को और बढ़ा रही है। यह आयोजन खेलों को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**देशभर से 500 से अधिक खिलाड़ी ले रहे हिस्सा**





### प्रदेश की हर विधानसभा में बनेगा खेल परिसर

*सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि वॉटर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में मध्य प्रदेश देशभर में अपनी एक विशिष्ट पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा, खेलों के विकास को लेकर प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। पिछली सरकार के समय खेल बजट मात्र 6 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर लगभग 600 करोड़ रुपये हो गया है। मंत्री सारंग ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 11 खेल अकादमियां संचालित हो रही हैं और खिलाड़ियों के लिए कई नई योजनाएं लाई जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा की कि प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में कम से कम एक खेल परिसर का निर्माण किया जाएगा, ताकि युवा खेल प्रतिभाओं को उचित सुविधाएं मिल सकें।*

### प्रतियोगिता में होंगे 14 इवेंट्स

*इस प्रतियोगिता में 14 इवेंट्स का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 02 इवेंट्स पैरा सिंगल स्कल महिला एवं पुरुष वर्ग भी शामिल है। 14 इवेंट्स के सभी फाइनल्स 07 मार्च 2025 को संपन्न होंगे जिसमे 07 इवेंट्स सुबह एवं 07 की शाम होंगें। सभी स्पर्धाएं 2000 मीटर की दूरी पर आयोजित की जाएंगी।*

### इन कैटेगरी में होगी प्रतियोगिताएं

*42वीं नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में सीनियर पुरूष, सीनियर महिला और पैरा रोइंग स्पर्धाओं के अंतर्गत विभिन्न प्रतिस्पर्धाएँ आयोजित की जाएँगी। सभी स्पर्धाएं 2000 मीटर की दूरी पर आयोजित की जाएँगी। सीनियर मेन्स वर्ग में सिंगल स्कल्स (एम1एक्स), डबल स्कल्स (एम2एक्स), कॉक्सलेस पेयर्स (एम2-), कॉक्सलेस फोर्स (एम4-), लाइटवेट मेन डबल स्कल्स (एलएम2एक्स), ओपन डबल स्कल्स (एम2एक्स - सिविलियन), कॉक्सलेस फोर्स (एम4- सिविलियन), क्वाड्रपल स्कल्स (एम4एक्स) और कॉक्स्ड ईट्स (एम8+) शामिल हैं। वहीं सीनियर महिला वर्ग में सिंगल स्कल्स (डब्ल्यू1एक्स), डबल स्कल्स (डब्ल्यू2एक्स), कॉक्सलेस पेयर्स (डब्ल्यू2-), कॉक्सलेस फोर्स (डब्ल्यू4-), लाइटवेट वुमन डबल स्कल्स (एलडब्ल्यू2एक्स), क्वाड्रपल स्कल्स (डब्ल्यू4एक्स) और कॉक्स्ड ईट्स (डब्ल्यू8+) की स्पर्धाएं होंगी। पैरा रोइंग स्पर्धाओं में पैरा मेन सिंगल स्कल (पीआर3एम1एक्स) और पैरा वुमन सिंगल स्कल (पीआर3डब्ल्यू1एक्स) प्रतियोगिताएं होंगी।*

### राधारमण ग्रुप में तीन दिवसीय 'विहान स्पोर्ट्स प्रतियोगिता' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, रातीबड़ के खेल मैदान में सोमवार से तीन दिवसीय 'विहान स्पोर्ट्स प्रतियोगिता' का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर राधारमण ग्रुप के चेयरमैन आरआर सक्सेना ने कहाकि खेलकूद शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। राधारमण ग्रुप हमेशा से ही छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देता आया है। प्रतियोगिता के पहले दिन कैरम, शतरंज और आर्म रेसलिंग, बैडमिंटन के क्वार्टर फ़ाइनल, सेमी फ़ाइनल और फ़ाइनल मुकाबले खेले गए। कैरम के पुरुष वर्ग में चार टीमों ने भाग लिया। फ़ाइनल मुकाबला राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के साहिल खान और राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के मोहम्मद मुंतज़िर आलम के बीच खेला गया, जिसमें मोहम्मद मुंतज़िर आलम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। महिला वर्ग में कैरम का फ़ाइनल मुकाबला अवनी तिवारी और दिव्यानी केवरे के बीच हुआ, जिसमें अवनी तिवारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

## कैरम में जीते नर्सिंग के मोहम्मद मुंतज़िर आलम महिला वर्ग में अवनि तिवारी ने हासिल की जीत



### शतरंज में मोहित ने जीती बाजी, महिला वर्ग में अनुसुईया ने दी मात

*शतरंज के पुरुष वर्ग के फ़ाइनल में स्वराज भावसार और मोहित मंडरान के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें मोहित मंडरान ने जीत दर्ज की। वहीं, महिला वर्ग के शतरंज फ़ाइनल में अनुसूया पाटीदार और पायल पाटीदार के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें अनुसूईया पाटीदार विजेता बनीं।*

### आर्म रेसलिंग ने राजा यादव तो बैडमिंटन में अभिनव ने जीता खिताब

*आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में राजा यादव ने अपने दमदार प्रदर्शन से खिताबी जीत दर्ज की। बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अभिनव कुमार पटेल ने बॉयज़ सिंगल्स, डबल्स प्रतियोगिता में अभिनव और अमन की जोड़ी का खिताब अपने नाम किया।*

### टीटी नगर स्टेडियम में 7 तक होंगे मुकाबले

## आईसीएआर आईआईएसएस की सेंट्रल जोन स्पोर्ट्स मीट आज से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियों और कर्मचारियों के सामंजस्य को बढ़ावा देने के लिए मध्य क्षेत्र खेलो का आयोजन करता है। यह आयोजन प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और खिलाड़ियों और संस्थानों के बीच टीम भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। इस बार, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल 4 से 7 मार्च के दौरान टीटी नगर स्टेडियम, भोपाल में सेंट्रल जोन स्पोर्ट्स मीट का आयोजन करने जा रहा है।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमपीसीओएसटी के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी शामिल होंगे। समारोह के उद्घाटन के दौरान अपना उद्घाटन भाषण देंगे।

**गौरीशंकर कौशल आवासीय परिसर रखरखाव समिति मर्यादित भोपाल**
(पंजीयन क्रमांक डी-आर.बी. 1142, दिनांक 29.05.2020)
**आवश्यकता**

| क्रमांक | पोस्ट | जेंडर | योग्यता | अनुभव | सैलरी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HR Cum Manager | Male | Graduate and Computer Proficiency | 2 Year Related Work (Committee Management or NGO) Marketing, Collection Team Handling, Supervision) | 15 to 20K Per Month |
| 2. | Legal Advisor (Consultancy) | Na | LLB | Experience in co-operative society work | On average Rs 50K-60K yearly |
| 3. | Accountant | Na | BCom, Tally, MS Excel | 1 Year in Accounting Work | 10-12K Per Month |

साक्षात्कार:- 9/3/25
समय - 11बजे से 1 बजे तक
संपर्क- 07552995773

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930